# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# राघोपुर स्थित जमीन को लेकर दो पक्ष में विवाद

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नप चौरी चौरा के रामनगर वार्ड नंवर 10 में स्थित एक जमीन को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए हैं। उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों के आपस मे विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक पक्ष से शिवशंकर जायसवाल (भोला) निवासी मुंडेरा बाजार थाना चौरी चौरा द्वारा जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गयी है। वही, दूसरे पक्ष से निखिल यादव निवासी महादेवा जंगल थाना चौरी चौरा ने भी जान माल की धमकी सहित विभिन्न आरोप लगाते हुए पुलिस तहरीर दी है। पुलिस दोनो पक्षों की तहरीर के आधार पर व वायरल वीडियो की जांच पड़ताल कर रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चौरी चौरा संजय मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों का भूमि विवाद को लेकर आपसी सहमति के बाद आपस में बैठकर बातचीत के दौरान बहस हो गई है। पुलिस वायरल वीडियो तथा दोनों के तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# दहेज में और रुपये की मांग को लेकर शादी से इनकार

पिपराइच (एसएनबी)। जंगल क्षत्रधारी टोला शाहपुर निवासिनी एक युवती की शादी युवती 15 दिसम्बर, 24 को जंगलधूषण मंझरिया टोला निवासी एक युवक से तय है। दहेज में एक लाख रुपये भी लड़की के पिता द्वारा दिया गया है। दहेज में और रुपयों की मांग को लेकर अब लड़के के मां-बाप द्वारा शादी किए जाने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने पिपराइच पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगायी है। पिपराइच पुलिस दोनो पक्ष को मामले के निस्तारण के लिए थाने पर बुलाया है।

# बिना अनुमति सागौन का पेड़ काटने वाले पर केस

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के टोला अवरहिया में अवैध पेड़ों की कटान की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परतावल रेंजर विजय मौर्य ने आरोपित के विरुद्ध वन ग्रामीण संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए जांच शुरु कर दी है। परतावल रेंजर ने बताया कि बुधवार को जंगल डुमरी नंबर दो के अवरहिया टोला पर अवैध रुप से सागौन पेड़ों की कटान की सूचना मिली थी। तत्काल मौके पर पहुंचे तो पेड़ काटने वाले फरार हो गये थे। जांच के दौरान पता चला कि वहां के एक किसान का पांच सागौन का पेड़ बिना अनुमति के स्थानीय निवासी रामनयन चौरसिया पुत्र तीरथ चौरसिया कटवा रहा था।

# शादी का दबाव डालने पर हुई थी युवती की हत्या

गोरखपुर (एसएनबी)। बेलीपार थाना क्षेत्र के बेतऊँआ उर्फ चनऊँ गांव निवासी उदय प्रताप की बेटी रीमा 25 वर्ष की हत्या शादी का दबाव डालने पर गांव के ही उसके प्रेमी ने किया था। आरोपित प्रेमी युवक शादीशुदा है। पुलिस आरोपित युवक को गिरफ्तार कर धारा 103(1) भान्यास के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**■ पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

रीमा गत सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे परिजनों को यह बताकर निकली कि वह बाजार जा रही है। दोपहर 12 बजे के आसपास जिला अस्पताल में कार्य करने वाले गांव के ही एक युवक ने रीमा के भाई को फोन कर जानकारी दी कि उसकी बहन घायलवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती करायी गयी है। परिजन पहुंचे तो रीमा की हालत गंभीर थी। चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां मंगलवार को रीमा ने दम तोड़ दिया। इस बीच रीमा के पिता को पता चल गया कि उसकी बेटी की हत्या किसने की है। उसने पुलिस को गांव के ही युवक नारायन पुत्र स्व पूर्नवासी के विरूद्ध तहरीर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया।आरोपित ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका अवैध संबंध रीमा से था। सोमवार को वह उसके बुलावे पर गांव के बांध पर पहुंची। वहां पहुंचकर वह मुझ पर शादी का दबाव बनाने लगी। इस बीच कहासुनी के दौरान उसने रीमा को पत्थर से मार दिया जिससे वह बेहोश हो गयी। उसके बाद उसे अपनी ऑटो से लेकर जिला अस्पताल पहुंचा और वहां छोड़कर भाग आया। ऑटो चालक ने जिला अस्पताल के कर्मचारी से उसके दुर्घटना में घायल होने की बात बताई थी और कहा था कि रीमा के भाई को फोनकर वह जानकारी दे दे। जिसके बाद कर्मचारी ने रीमा के भाई को फोन पर सूचना दी और परिजन पहुंच गए थे। गुडवर्क टीम में थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, एसआई अनीश कुमार सिंह, कांस्टेबल राहुल यादव व अदितेश यादव थाना बेलीपार शामिल रहे।



गिरफ्तार हत्यारोपी को ले जाती पुलिस।

# साहब ! बहू दस लाख का जेवर ले गयी मायके

रकहट (एसएनबी)। गगहा इलाके के डेमुसा गांव निवासी विंध्याचल ने गगहा पुलिस को तहरीर देकर अपनी बहू पर आरोप लगाया है कि वह 10 लाख से अधिक का जेवर लेकर अपने मायके चली गयी है। मायके वाले विदाई नहीं कर रहे हैं। वह जेवर हड़पना चाहते हैं। वह अब यह धमकी देने लगे हैं कि वह मुझे फर्जी मुकदमें में फंसा कर मेरी जिंदगी बर्वाद कर देंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विंध्याचल गुप्ता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि उनके इकलौते पुत्र अरविंद गुप्ता की शादी बीते 24 अप्रैल को गगहा क्षेत्र के देवकली निवासी उमेश गुप्ता की पुत्री सोनम गुप्ता से हुई है। रोजी रोटी के लिए अरविंद गुप्ता 11 अगस्त को विदेश चला गया। करीब एक हफ्ता बाद 17 अगस्त को सोनम के चाचा राजेश गुप्ता रक्षाबंधन का त्योहार कह कर सोनम की विदाई कराकर घर ले गए। मायके जाते समय सोनम अपने साथ मेरे घर से दस लाख रुपए के 15 थान जेवरात भी लेकर गयी है। उन्होंने नवरात्रि के बहू सोनम की विदाई के लिए 7 सितंबर को मायके वालों को फोन से सूचित किया। 8 सितंबर को राजेश, उमेश पुत्रगण दीपनारायन गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ आए और मेरे घर चढ़कर गालियां देते हुए धमकी दिया कि अगर विदाई की बात करोगे तो तुम्हे जान से मार दूंगा। मंगलवार की रात सोनम के पिता उमेश गुप्ता मेरे घर आए और धमकी देते हुए कहा कि थाना मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। बल्कि मैं तुम्हें फर्जी मुकदमें में फंसाकर तबाह कर दूंगा। विंध्याचल गुप्ता ने गगहा पुलिस को तहरीर देकर जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# चोरी के आभूषणों के साथ तीन चोर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखनाथ पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गत दिनों थाना क्षेत्र में हुई एक व्यक्ति के घर चोरी का राजफाश किये जाने का दावा किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की ज्वेलरी बरामद की है। पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश की जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

- ठेकेदार के घर का ताला तोड़कर हुई थी चोरी
- ठेकेदार के भाई ने दर्ज कराया था मुकदमा



गिरफ्तार चोरों को कोर्ट ले जाती पुलिस।

प्रभारी निरीक्षक थाना गोरखनाथ शशिभूषण राय ने मयफोर्स मुखविर की सूचना पर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रवि गौड़ पुत्र राजु गौड़ निवासी 10 नंबर वोरिंग थाना गोरखनाथ, मोनू निषाद पुत्र लाल जी निषाद निवासी हड़हवा फाटक एल्युमिनियम फैक्ट्री के पास पेट्रोल पंप वाली गली में थाना शाहपुर व अनिल वर्मा पुत्र सुरेंद्र वर्मा निवासी मासूम वावा का मजार निकट सेक्रेडहेड स्कूल जंगल मातादीन पादरी वाजार थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर वताया। गुडवर्क टीम में निरीक्षक अपराध उमेश कुमार सिंह थाना गोरखनाथ, एसआई दुर्गेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी रामनगर थान गोरखनाथ गोरखनाथ, एसआई अमरेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी धर्मशाला थाना गोरखनाथ, प्रशि0उ0नि0 सौरभ सिंह, आरक्षी राजेश यादव, आशीष मौर्या व दीपक सिंह यादव थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

### अपनी बेटी व भतीजी की हत्या की आरोपित महिला का मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

# हत्या की वजह पर कोमा का 'ताला'

**सनसनी**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वा स्थित पार्वतीपुरम कॉलोनी में अपनी पांच वर्ष की बेटी और ढाई वर्ष की भतीजी की हत्या कर सनसनी फैलाने वाली महिला के होश में आने का सभी को इंतजार है। आरोपित बिंदू का पुलिस कस्टडी में मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। फिलहाल वह कोमा में है और डॉक्टर महिला की हालत गंभीर बता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि महिला के होश में आने पर ही हत्या के कारण का राजफाश होगा। लेकिन, जिस तरह से उसने दो मासूमों की पहले हत्या की और फिर फंदे को काटकर बिस्तर पर मच्छरदानी लगाकर बच्चों को लिटाया है, उससे कई सवाल उठने लगे हैं। परिजन महिला की मानसिक स्थिति खराब बता रहे हैं, लेकिन, आसपास के लोगों में कई तरह की चर्चाएं हैं।

गले में फंदा फंसा होने और बिस्तर पर शव होने की वजह से पुलिस ने आशंका जताई है कि फंदे से लटकाकर हत्या करने के बाद शवों को बिस्तर पर लिटाया गया। उसके बाद महिला ने खुदकुशी करने की कोशिश की। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किया है। उधर, दो मासूमों की मौत के बाद आसपास के लोगों में दिन भर इसी घटना की चर्चा होती रही।



गोरखनाथ इलाके के पार्वतीपुरम कॉलोनी में बच्चियों की हत्या के बाद रोते परिजन।

> यह एक्यूट साइकोसिस का मामला लग रहा है। कई बार इसके संकेत नहीं मिलते, इसमें एक्सटेंडेड सुसाइड मिलता है। जिसमें व्यक्ति किसी अन्य की हत्या करके फिर आत्महत्या का प्रयास करता है।
> **-डॉ आमिल हयात खान**, एसोसिएट प्रोफेसर, मानसिक रोग विभाग, बीआरडी मेडिकल कॉलेज

> यह साइकोसिक केस है। घटना की कई वजह हो सकती है या तो बच्चियों से महिला काफी परेशान रही होगी या फिर बच्चियों से परेशानी के साथ ही देवरानी से नफरत होगी। इसके अलावा सोखा के चक्कर में पड़कर भी घटनाएं सामने आती है। महिला से बातचीत के बाद ही सही वजह सामने आ सकती है।
> **-प्रो. धनंजय कुमार**, मनोविज्ञानी

**तीन बार खुदकुशी की कर चुकी है कोशिश :** परिजनों की माने बिंदू की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह इसके पहले भी तीर बाद खुदकुशी की कोशिश कर चुकी है। शादी से पहले पनियारा के महराजगंज में रहने वाले पिता ने उसका मानसिक रोग के डॉक्टर से उपचार भी कराया था। लेकिन, परिजन वर्तमान में उसके दवा इलाज की कोई पर्ची नहीं दिखा पाए हैं।

**पहले बेटी फिर भतीजी को दूसरे घर से लाकर मारा :** बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर में बिंदू पार्वतीपुरम कॉलोनी वाले मकान पर बेटी नैना के साथ थी। परिवार के बाकी लोग चक्सा हुसैन वाले मकान पर थे। आशंका है कि बेटी की हत्या के बाद वह चक्सा हुसैन गई और भतीजी शीतल को लाकर उसकी भी हत्या कर दी। इसके बाद बिंदू ताला बंद करके चली गई।

- गोरखनाथ के पचपेड़वा स्थित पार्वतीपुरम की आरोपित के होश में आने का इंतजार
- मासूमों को फंदे से लटकाने फिर मच्छरदानी लगाकर बिस्तर पर लिटाने का आरोप
- परिजन मानसिक स्थिति बता रहे हैं खराब, लेकिन पड़ोसियों में कई तरह की चर्चा

### चक्सा हुसैन से दोनों बच्चों को लेकर आई थी महिला

बिंदू चौहान ने जब अपनी पांच वर्ष की बेटी नैना और ढाई वर्ष की भतीजी शीतल की हत्या की उस दौरान चक्सा हुसैन के उसके दूसरे मकान पर काम चल रहा था। बिंदू वहां पहुंची तो ससुर ने कहा कि बच्ची को पार्वतीपुरम वाले मकान पर ले जाए। बताया जा रहा है कि अपनी बेटी नैना को ले जाने के कुछ समय बाद बिंदु भतीजी शीतल को भी ले आई। दोपहर में दो बजे के करीब शिवप्रसाद को बहू बिंदू के घायल होने की सूचना मिली। वह तत्काल मेडिकल कॉलेज चले गए और कोमा में चली गई बहू भर्ती कराने के बाद बच्चों का ध्यान आया। पार्वतीपुरम कॉलोनी के मकान में ताला बंद था, संदेह होने पर अंदर गए तो देखा कि दोनों बच्चे बिस्तर पर हैं, लेकिन उनकी मौत हो गई थी। गले पर फंदे का निशान भी मिला।

# कहीं बेटे की चाहत में तो नहीं चढ़ा दी गई बेटियों की बलि

**सोखा का साया**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिस तरह से दोनों बेटियों की हत्या हुई है, उससे सवाल यह भी उठ रहा है कि कहीं बेटे की चाहत में तो मां कातिल नहीं बन गई और दोनों मासूम बच्चियों की सोखा के कहने पर बलि चढ़ा दी। इस तरह के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं, फिलहाल, पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

बिंदु की शादी रवि चौहान के साथ 2017 में हुई थी। दो साल बाद दोनों को बेटी पैदा हुई। छोटे भाई की शादी 2019 में हुई और उसे भी बेटी पैदा हो गई। इस बात को लेकर बिंदु के मन में कई सवाल चल रहे थे और इस बारे में उसने आसपास के लोगों से कई बार सवाल भी किया था। इन सब के बीच बिंदू का पति रवि चौहान कमाने के लिए हैदराबाद चला गया और वह ससुर से अलग मकान में अपनी देवरानी के साथ रहने लगी थी।

आशंका जताई जा रही है कि कहीं सोखा के चक्कर में पड़कर वह कातिल तो नहीं हो गई। इससे पहले उसने तीन बार खुदकुशी की कोशिश की थी, इस बार उसने खुद के मरने से पहले बच्चों को मारा है। आसपास के लोगों का कहना है कि बच्चियों की हत्या उसने बेटे के चाहत में की होगी और पछतावे में खुद की जान देने की कोशिश की।

### पहले भी सोखा के चक्कर में गई है जान

19 अगस्त, 2021 : पिपराइच के मटिहनिया गांव में गन्ने के खेत में पांच वर्ष के बच्चे का शव मिला। पुलिस ने इस मामले में गांव के तांत्रिक को गिरफ्तार किया था।

01 सितंबर, 2021 : पिपराइच क्षेत्र में छह साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया था। वह घर के बरामदे में मां के साथ सोया था। पुलिस ने पांच घंटे में बच्चे को बरामद कर लिया।

जुलाई, 2021 : तंत्र-मंत्र के फेर में झंगहा क्षेत्र में हरिनारायण की हत्या हो गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया।

06 अप्रैल, 2022 : बांसगांव के बहोरवा गांव में बच्चे की हत्या हो गई। जांच में सामने आया कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में बच्चे की हत्या हुई, घटना का पर्दाफाश अभी तक नहीं हुआ।

21 अप्रैल, 2022 : सिकरीगंज क्षेत्र में बच्चे का कटा हुआ सिर मिला। तंत्र-मंत्र के चक्कर में हत्या की आशंका जताई गई। इस घटना का भी पर्दाफाश अभी तक नहीं हुआ।

**मासूम का शव देखते ही दहाड़े मारने लगे खुशवंत :** खुशवंत ने मासूम बच्ची और भतीजी का शव देखा तो दहाड़े मारकर रोने लगा। पिता शिवप्रसाद अपने आंसू छिपाए उसे ढांढ़स बांधा रहे थे।

# फर्जी शिक्षिका के खिलाफ बीईओ ने दर्ज कराया केस

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में फर्जी डाक्यूमेंट्स पर 12 साल तक नौकरी करने वाली शिक्षिका संगीता के खिलाफ खण्ड शिक्षा अधिकारी रुव प्रसाद ने स्थानीय थाना पर मुकदमा दर्ज कराया है। कैम्पियरगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में 2009 से कूटरचित शैक्षिक अभिलेख पर वास्तविक नाम छुपाते हुए संगीता नाम की एक शिक्षिका नौकरी कर रही थी। 12 सालों तक प्राथमिक विद्यालय में कूटरचित शैक्षिक अभिलेख और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर बेसिक शिक्षा विभाग से वेतन उठाती रही। मामला उजागर होने के बाद करीब तीन साल पूर्व बीमारी का बहाना बनाकर गायब हो गई। बीएसए के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रुव प्रसाद ने मंगलवार को कैम्पियरगंज थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। 72 हजार शिक्षक भर्ती मामले में भी ऐसे काफी फर्जी शिक्षक नौकरी करते हुए पकड़े गए हैं जो फर्जीवाड़ा कर पात्र अभ्यर्थी को सेवा के अवसर से वंचित कर दिये हैं लेकिन न तो उनसे वेतन मद में लिए गए पैसे का वसूली हो सका न फर्जीवाड़े के कारण वंचित पात्रों को नौकरी ही मिल सकी।

- 2009 से शिक्षिका संगीता कर रही थी नौकरी
- मामला उजागर होने पर तीन साल पूर्व बीमारी का बहाना बनाकर हो गयी लापता
- फर्जी डॉक्यूमेंट्स पर 12 साल तक शिक्षिका ने की नौकरी और सरकार को लगायी राजस्व की चपत, योग्य अभ्यर्थी को अवसर से किया वंचित

**सौगात** | अभी बाहरी फोर्स के रुकने के लिए स्कूल, सरकारी भवन खोजती है पुलिस, एसएसपी की पहल पर डीएम ने भवन विभाग से जमीन देने को कहा

# बाहरी फोर्स को अब अपने भवन में ठहरा सकेगी पुलिस

■ शिवम सिंह

- पुलिस लाइन से पांच किलोमीटर के परिधि में मांगी गई जमीन
- दो सरकारी जमीन भी चिह्नित, 500 जवानों के रुकने के लिए बनेगा भवन



गोरखपुर। पुलिस के पास 500 की संख्या में फोर्स को रोकने के लिए जल्द ही अपना भवन होगा। इससे अफसरों के लिए भी पुलिस को होटल व दूसरे सरकारी गेस्ट हाउस को नहीं तलाशना पड़ेगा। इस सुविधा के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पत्राचार किया तो डीएम कृष्णा करूणेश ने भवन विभाग को तत्काल विकल्प तलाशने का निर्देश दिया। अब भवन विभाग और पुलिस आफिस के बाबू मिलकर पुलिस लाइन से पांच किलोमीटर की परिधि में जमीन तलाश रहे हैं, जहां पर अनुमति लेकर भवन का निर्माण किया जा सके। खबर है कि पुलिस लाइन के पास ही एक सरकारी जमीन का बड़ा टुकड़ा मिल भी गया है, जिस पर लंबे समय से दूसरे लोगों का कब्जा है। उसी जमीन को खाली कराकर उस पर भवन का निर्माण हो सकता है।

दरअसल, चुनाव हो या फिर वीआईपी विजिट, बाहर से फोर्स आने पर सबसे बड़ी समस्या उसे रोकने की व्यवस्था की होती है। पुलिस गेस्ट हाउस, होटल से संपर्क करती है या स्कूल की छुट्टी होने पर उसके भवन को लेती है। इसी दिक्कत को देखते हुए एसएसपी ने पुलिस के लिए अपने भवन का प्रस्ताव भेजा है। इसके लिए डीएम की ओर से पहल के बाद अपर जिलाधिकारी भूमि/राजस्व सुशील कुमार गौड़ की ओर से एसएसपी को पत्र भेजकर तीन बिंदु के बारे में पूछा गया है। पूछा गया है कि भूमि किस तहसील क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए, भूमि जनपद मुख्यालय से कितनी दूर हो और कितने जमीन की आवश्यकता है। पुलिस की ओर से मंथन कर जवाब भेजने की तैयारी है।

> पीएसी के रुकने के लिए भवन निर्माण कराए जाने के लिए जमीन मांगी गई है। जमीन उपलब्ध कराने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। भवन बनने के बाद फोर्स को रोकने में भी सहूलियत हो जाएगी।
> -डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

**एनसी हॉस्टल भी हो जाएगा खाली :** पीएसी के करीब 200 जवान भवन न होने की वजह से एनसी हॉस्टल में रहते हैं। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कई बार पत्र लिखकर खाली करने को कहा जा चुका है, लेकिन दूसरी जगह न होने की वजह से इसे खाली नहीं किया गया है। अगर नए प्रस्ताव के मुताबिक भवन का निर्माण हो जाता है तो फिर उन्हें भी स्थायी जगह मिल सकती है।

# कुंभकरण की मौत का राज उलझा

गोरखपुर। 20 वर्ष से गायब कुंभकरण का राज एक बार फिर उलझ गया है। चंडीगढ़ पीजीआई ने पुलिस को दस वर्ष का रिकॉर्ड ही उपलब्ध होने की जानकारी दी है, जबकि कुंभकरण का मामला 20 वर्ष पुराना है। अब 18 वर्ष की उम्र में 2005 में पंजाब कमाने गया कुंभकरण जिंदा है या नहीं, इसकी जांच कर रही पुलिस की पहली कड़ी टूट गई है।

दरअसल, सुमित्रा ने दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 2005 में उसका भाई कुंभकरण कमाने के लिए पंजाब गया था। बाद में पता चला कि गुलरिहा इलाके की एक युवती भी उसके साथ गई थी। उसने आकर बताया कि कुंभकरण की सर्पदंश से मौत हो गई।

# गंगेश का मोबाइल फोन पुलिस ने कब्जे में लिया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गंगेश हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए एसआईटी ने बुधवार को गंगेश के घर पहुंची और पत्नी से एक बार फिर से पूछताछ की। पुलिस ने गंगेश के मोबाइल फोन को अपने कब्जे में ले लिया है।

बताया जा रहा है कि उसमें कई रिकॉर्डिंग हैं। एक में गंगेश का पूर्व अधिवक्ता उसे आगाह कर रहा है कि तुम्हें गवाही से रोकने की कोशिश की जाएगी। अब यह आवाज किसकी है, इसकी जांच पुलिस कराएगी। इस मामले में लखनऊ के एक अधिवक्ता का बयान होना अभी बाकी है। साथ ही एम्स के डॉक्टर गंगेश के शव का पोस्टमार्टम देखकर एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। उस रिपोर्ट पर भी पुलिस की निगाह टिकी है।

मंगलवार को गंगेश की पत्नी अपूर्वा पांडेय दिल्ली से गोरखपुर में महेवा स्थित आवास पर पहुंची थी। इसके बाद वह दोपहर में भतीजे और भाभी के साथ कैंट थाने जाकर उसने अपना बयान दर्ज कराया था। पुलिस बुधवार को फिर उसके घर पहुंची और पूछताछ के साथ ही गंगेश के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया।

# पीड़ित का बयान दर्ज, मैनेजर से भी होगी पूछताछ

गोरखपुर। माफिया द्वारा ट्रक खींचने के मामले में बुधवार को सीओ कैंट के ऑफिस में पीड़ित अजय श्रीवास्तव का बयान दर्ज किया। अजय श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक चालक के कहने पर माफिया के नाम जिक्र उन्होंने प्रार्थना पत्र में किया था। अब पुलिस बैंक मैनेजर से पूछताछ करने के तैयारी में है।

रामजानकी नगर बशारतपुर निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव ट्रांसपोर्टर का काम करते हैं। उन्होंने एक प्राइवेट बैंक से फाइनेंस पर ट्रक लिया था। कोरोना काल में कुछ किश्त न जमा करने पर बैंक ने रिफाइनेंस कर दिया था। ज्यादा ब्याज देने से मना करने पर फाइनेंस कम्पनी ने गाड़ी उठने की धमकी दी थी।

# फर्जी शिक्षक पर दर्ज कराया केस

**कैंपियरगंज।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में फर्जी प्रमाण पत्र पर 12 साल से नौकरी कर रही शिक्षक संगीता के विरुद्ध बीईओ ध्रुव प्रसाद ने केस दर्ज कराया है। बीईओ ने तहरीर में लिखा है कि संगीता ने अपना वास्तविक नाम छिपाते हुए वर्ष 2009 से प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में नौकरी कर रही थीं। मामला उजागर होने के बाद तीन साल पूर्व वह बीमारी का बहाना बनाकर गायब हो गई। तभी से स्कूल नहीं आ रही थीं। बीएसए के आदेश पर बीईओ ने मंगलवार को कैंपियरगंज थाने में तहरीर दी थी।

# हादसा नहीं, पीछा छुड़ाने के लिए की थी युवती की हत्या

**फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बेलीपार क्षेत्र के चैनव गांव की युवती की मौत की वजह हादसा नहीं है, बल्कि सिर पर प्रहार कर हत्या की गई। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपित अब युवती से दोस्ती नहीं रखना चाहता था और पीछा छुड़ाने के लिए ही उसने हत्या कर दी। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

चैनव गांव निवासी उदयराज की बेटी रीमा (24) सोमवार को घायल हालत में गांव के पास मिली थी। मंगलवार को रीमा की मौत हो गई।



युवती की हत्या का आरोपित नारायण।

पिता ने गांव के ही नारायण पर आरोप लगाया। पुलिस को आरोपित ने पूछताछ में बताया कि दोनों के बीच में पहले से बातचीत होती थी। उसकी शादी हो चुकी थी, इसलिए वह युवती से नहीं मिलना चाहता था। सोमवार को दोनों गांव से कुछ दूरी पर मिले कहासुनी पर उसने युवती के सिर पर ईंट से हमला कर दिया।

# गोरखपुर का व्यक्ति 174 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

भैरहवा। भारत से नेपाल जाते समय भारतीय व्यक्ति की बाइक की तलाशी के दौरान हेरोइन बरामद हुई। बुधवार को भारत से नेपाल की तरफ आ रही बाइक को बेलहिया में रोक कर जांच की गई। पुलिस कार्यालय रूपनदेही एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भैरहवा में तैनात संयुक्त पुलिस टीम ने जांच की। डीएसपी लक्ष्मी खनाल ने बताया कि बाइक सवार के पास से 175 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम शिव गुप्ता निवासी गोरखपुर बताया। उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# रिकॉर्ड के अभाव में उलझी कुंभकरण की मौत की गुत्थी

गोरखपुर। 20 वर्ष से गायब कुंभकरण का राज एक बार फिर उलझ गया है। चड़ीगढ़ पीजीआई ने पुलिस को दस वर्ष का रिकॉर्ड ही उपलब्ध होने की जानकारी दी है। जबकि कुंभकरण का मामला 20 वर्ष पुराना है। अब 18 वर्ष की उम्र में 2005 में पंजाब कमाने गया कुंभकरण जिंदा है या नहीं, इसकी जांच कर रही पुलिस की पहली कड़ी टूट गई है। अब पुलिस अन्य स्रोतों से जांच को आगे बढ़ा रही है।

दरअसल, सुमित्रा ने दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 2005 में उनके भाई कुंभकरण कमाने के लिए पंजाब गए थे। बाद में पता चला कि गुलरिहा इलाके की एक युवती भी उनके साथ गई थी। युवती ने आकर बताया कि कुंभकरण सर्पदंश से मौत हो गई। लेकिन, उसकी लाश नहीं मिली। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया गया तो विवेचक ने भी अपनी चार्जशीट में

*कुंभकरण प्रकरण में चंडीगढ़ पीजीआई की ओर से दस वर्ष का ही रिकॉर्ड होने की जानकारी मिली है। पुलिस जांच कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।* - **जितेंद्र श्रीवास्तव**
एसपी नार्थ

लिखा कि अभियुक्त से मिले प्रमाणपत्र से पता चला है कि सर्पदंश से मौत हो गई। लेकिन, लाश के बारे में नहीं बता सके। बाद में सुमित्रा को चंडीगढ़ से पता चला कि उनके साथ आए भोला ने पोस्टमार्टम न कराने की बात लिखित में दी थी। सुमित्रा के अनुसार, कुंभकरण जहां काम करते थे, वहीं के एक नौकर ने उसे बताया था कि आपके भाई को मालिक ने कहीं दूर भेज दिया था। इसकी जांच कर रही पुलिस ने पीजीआई चंडीगढ़ से संपर्क किया तो पता चला कि वहां पर रिकॉर्ड ही नहीं है। ब्यूरो

# गोरखपुर-सीवान में भी विजिलेंस जांच में फंसा था सत्यम

## विजिलेंस ने दो बार दाखिल की थी चार्जशीट, गोरखपुर से जुड़ा रहा था शिकायत करने वाला ठेकेदार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** रिश्वत के मामले में सीबीआई की पकड़ में आया डीआरएम वाराणसी कार्यालय में तैनात सीनियर डीईएन टू सत्यम कुमार सिंह जहां भी तैनात रहा, अपनी करतूतों से विवादों और जांच के घेरे में रहा। 2014-15 के दौरान गोरखपुर में तैनाती के दौरान विजिलेंस की जांच में सत्यम का नाम सामने आया था।

इस मामले में भी सत्यम को विजिलेंस की तरफ से चार्जशीट दी गई थी। इसके पहले 2009 में बिहार के सीवान में एईएन पद पर तैनाती के दौरान भी विजिलेंस ने उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। बताया जा रहा है कि गोरखपुर के ठेकेदार तैनाती के समय से ही सत्यम के साथ संपर्क में थे।

सूत्रों की मानें तो गोरखपुर में तैनाती के समय यहां के एक ठेकेदार के काफी करीबी संपर्क में सत्यम आ गया था। वह दूसरी फर्म के नाम से खुद रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस के काम को लेता था। इसकी शिकायत भी विजिलेंस में की गई थी।

**टेबल पर कुछ और रुपये भी मिले :** सूत्रों ने बताया कि दफ्तर के अंदर जयपुर का भी एक ठेकेदार था। सत्यम के सेक्शन में ही बलिया के पास इस ठेकेदार का काम चलता है। इस ठेकेदार के साथ ही बैठकर सत्यम चाय-नाश्ता करते हुए नोट गिन रहा था। सूत्रों ने बताया कि ये ठेकेदार भी करीब ढाई लाख रुपये लेकर आया था। कुल मिलाकर सीबीआई ने शिकायत वाले दो लाख और मौके पर मिले ढाई लाख रुपये को जब्त कर लिया। सीबीआई अब इस नेटवर्क की भी तलाश कर रही है।

**माफिया वाला हिस्सा अब अधिकारी वसूल रहे :** सीबीआई सूत्रों की मानें तो इस समय रेलवे के ठेकों और स्क्रैप में माफिया की वसूली पूरी तरह खत्म हो चुकी है। जौनपुर, गाजीपुर, बलिया और बनारस में इन कामों के बदले अब माफिया के पास रुपये नहीं जाते। अब कुछ अफसर ही माफिया वाला हिस्सा वसूल रहे हैं। सत्यम ने अपने सेक्शन में काम करने वाले ठेकेदारों के साथ साझेदारी कर ली थी।

देवरिया में ठेकेदार के परिसर पर

**सीबीआई ने मारा छापा :** सीबीआई लखनऊ की टीम ने बनारस से जुड़े केस में देवरिया में भी छापा मारा। गिरफ्तार सत्यम के फोन में व्हाट्सएप चैटिंग के साथ फोन रिकॉर्डिंग मिली है। इसी आधार पर सीबीआई की टीम ने देवरिया के ठेकेदार के परिसर पर छापा मारा। सुबह आई टीम शाम 4 बजे करीब लौट गई।

सूत्रों की मानें तो सीबीआई को ठेकेदार के साथ फर्मों में लेन-देन का लंबा रिकॉर्ड मिला है। ठेकेदार के साथ सत्यम अपनी फर्मों को भी संचालित करता था।

### बार-बार की डिमांड से आजिज ठेकेदार ने कर दी शिकायत

बताया जा रहा है कि सत्यम ठेकेदार महेंद्र सिंह पर बार-बार घूस और कमीशन का दबाव बनाता था। तंग आकर ठेकेदार ने सीबीआई के लखनऊ कार्यालय में शिकायत की। सीबीआई सूत्रों की मानें तो बनारस मंडल से इस तरह की शिकायतें संज्ञान में आ रही थीं, लेकिन शिकायतकर्ता नहीं मिल रहा था। इसलिए कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। महेंद्र सिंह ने जब शिकायत की, तो सीबीआई ने तैयारी कर ली। मंगलवार दोपहर सत्यम ने ठेकेदार को दो लाख रुपये घूस के साथ बनारस रेलवे मुख्यालय पर सुबह 11 बजे बुलाया। सीबीआई की टीम ने महेंद्र सिंह के पास रखे दो लाख रुपयों में सीबीआई ने केमिकल लगा दिए। साथ ही ठेकेदार के शर्ट के ऊपरी जेब में माइक्रो चिप डिवाइस (रिकार्डिंग) डालकर दफ्तर भेजा। सीबीआई की टीम ने दो घंटे पहले ही दफ्तर पहुंचकर घेराबंदी कर ली थी। इसी बीच दोपहर लगभग दो बजे ठेकेदार, सत्यम के कार्यालय में गया। 35 मिनट तक ठेकेदार और सत्यम के बीच बातचीत हुई। फिर ठेकेदार लिफाफा वहीं छोड़कर दफ्तर से बाहर निकल गया। उनके बाहर निकलते ही एक और ठेकेदार दफ्तर पहुंचा। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि टीम जब दफ्तर पहुंची तो सत्यम लिफाफे से नोट निकालकर गिन रहा होता है। इसके बाद सीबीआई ने सत्यम को हिरासत में ले लिया।

# सीबीआई ने ठेकेदार से कराई अफसर को कॉल... धौंस जमाई तो फंस गया

**गोरखपुर।** थावे-छपरा के बीच रेल लाइन मेंटेनेंस के काम में ठेकेदार से दो लाख रुपये मांगने वाले सीनियर डीईएन-टू सत्यम कुमार सिंह को पकड़ने के लिए सीबीआई लखनऊ ने दस दिनों से जाल फैला रखा था।

टीम ने आरोपों से जुड़े सबूत जुटाए और इसके बाद ठेकेदार की मोबाइल फोन पर अधिकारी से बात करवाई। करीब 35 मिनट की बातचीत में सत्यम सिंह खुद फंस गया। सूत्रों की मानें तो बातचीत में उन्होंने ठेकेदार से मनचाहे फर्म से खरीदारी कराने के लिए धौंस जमा रहा था और दो लाख रुपये की घूस भी मांग ली, जिसे रिकॉर्ड कर लिया गया। इसके बाद सीबीआई ने रंगे हाथों पकड़ भी लिया।

डीआरएम कार्यालय लहरतारा, वाराणसी में तैनात सीनियर डीईएन-टू सत्यम कुमार सिंह को सीबीआई लखनऊ की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। रेल प्रशासन ने निलंबित भी कर दिया। जानकारी के मुताबिक, राजपुताना शक्ति इंटरनेशनल

### चार करोड़ के काम को अपने लोगों को दिलवाना चाहता था, बात नहीं बनी तो ठेकेदार से बढ़ गई खींचतान

फर्म के प्रोपराइटर महेंद्र सिंह ने थावे-छपरा रेल लाइन के मेंटेनेंस के लिए टेंडर डाला था और उन्हें चार करोड़ रुपये का ठेका मिल गया, लेकिन इस काम को सीनियर डीईएन-टू अपने जानने वाली फर्म को दिलवाना चाहता था। टेंडर को लेकर अधिकारी और ठेकेदार में अनबन बढ़ती गई।

सूत्रों के मुताबिक, ठेकेदार ने सीबीआई से की गई शिकायत में लिखा है कि उन्हें टेंडर मिलने के बाद नियम विरुद्ध जाकर एग्रीमेंट कराया गया। दो महीने काम कराने के बाद भी भुगतान अटका दिया गया। आरोप है कि लाइन पर काम कराने के लिए दो सेट लाइट जेनरेटर खरीदना था, लेकिन अधिकारी द्वारा आवसा कंपनी का जेनरेटर खरीदने का दबाव बनाया गया। जबकि एग्रीमेंट में कंपनी का नाम नहीं लिखा था। प्रति जेनरेटर उनका एक लाख का कमीशन तय था।

इसके अलावा गाजीपुर में रिश्तेदार को ठेका दिलाने व अपनी गाड़ी को किराए पर लगवाने का भी आरोप लगा है। करीब एक महीने पहले शिकायत पर सीबीआई ने दस दिनों से पड़ताल की और कुछ सबूत एकत्र किए। इसके बाद अधिकारी को मोबाइल पर बात कराकर रिकॉर्ड करा लिया। ब्यूरो

### एनईआर में थी तीसरी तैनाती

डीआरएम कार्यालय लहरतारा, वाराणसी में तैनात सीनियर डीईएन-टू सत्यम कुमार सिंह की पूर्वोत्तर रेलवे में तीसरी जगह तैनाती है। वर्ष 2009 बैच के सत्यम सिंह की पहली तैनाती पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के सिवान में हुई थी। यहां से वर्ष 2012 में वह गोरखपुर मुख्यालय में अधिशासी अभियंता (टीएम) पद पर दो साल रहे। इसके बाद रेल विकास निगम लिमिटेड में तबादला हो गया। फिर वाराणसी मंडल में सीनियर डीईएन-टू पर तैनात हुए और थावे-छपरा प्रोजेक्ट देख रहे थे।

### खुद को एक नेता का रिश्तेदार बता गांठता था रौब

सत्यम कुमार सिंह अपने आप को प्रदेश की एक नेता का रिश्तेदार बता रौब गांठता था। विभागीय कर्मचारी हो या ठेकेदारी करने वाले लोगों से इसी नाम पर शासन में अपनी पैठ बताकर दबाव बनाता था। गिरफ्तारी के वक्त सीबीआई ने इस रिश्ते की पड़ताल की तो ये भी हवा-हवाई निकला। हालांकि, सीबीआई उसके नेटवर्क की तलाश कर रही है। सीबीआई खुद हैरत में है कि दो बार विजिलेंस की चार्जशीट के बाद भी लाभ वाले पद पर वह कैसे बना रहा।

### भ्रष्टाचार के दूसरे मामले में तेज हुई जांच

एनईआर में भ्रष्टाचार के एक दूसरे मामले में भी सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। मेटेरियल मैनेजर वीर बहादुर सिंह और तीन अन्य नामजद आरोपी हैं। दिल्ली सीबीआई की नोटिस पर तीन अधिकारी बयान दर्ज कराने दिल्ली गए हैं। आरोप है कि वीर बहादुर सिंह के केस में बिचौलिए विनय कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल फोन की रिकॉर्डिंग में इन अधिकारियों संग बातचीत मिली है। इसी बातचीत के आधार पर सीबीआई ने तीनों को दिल्ली में पेशी के लिए बुलाया है। सूत्रों की मानें तो मंगलवार को गोरखपुर से निकले तीनों अधिकारियों ने बुधवार को अपना बयान दर्ज कराया है। इसमें दो ओएस और डिपो का एक बड़ा अधिकारी है।

# एसआईटी ने घर जाकर गंगेश की पत्नी से फिर की पूछताछ, कब्जे में लिया मोबाइल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गंगेश हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए एसआईटी ने बुधवार को घर जाकर उनकी पत्नी से फिर पूछताछ की है। एसआईटी ने गंगेश का मोबाइल फोन ले लिया है। मोबाइल में एक रिकॉर्डिंग ऐसी भी है, जिसमें पूर्व अधिवक्ता गवाही देने को लेकर आगाह कर रहा है। पुलिस रिकॉर्डिंग के आवाज की जांच कराएगी।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को गंगेश की पत्नी अपूर्वा पांडेय सुबह करीब नौ बजे दिल्ली से गोरखपुर में महेवा स्थित आवास पर पहुंची। इसके बाद वह दोपहर में भतीजे और भाभी के साथ कैंट थाने पहुंची थी। थाने में उससे




2 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

पूछताछ की गई थी। इस दौरान परिवार वालों ने बताया था कि अपूर्वा के पास गंगेश का मोबाइल है, जिसमें बातचीत का ऑडियो क्लिप है।

ऑडियो में एक व्यक्ति गंगेश से कह रहा है कि उसे बयान नहीं देने दिया जाएगा। वह सावधान होकर गोरखपुर जाए। बुधवार को गंगेश के घर पहुंची एसआईटी ने पत्नी से मोबाइल अपने कब्जे में लिया।

साथ ही कुछ बिंदुओं पर पत्नी से पूछताछ भी की। बयान देने के बाद गंगेश की पत्नी अपूर्वा दिल्ली के लिए रवाना हो गई। उधर, मोबाइल में रिकॉर्डिंग से एसआईटी को मामले की तह तक जाने में मदद मिल सकती है।

> पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर ही है। गंगेश पांडेय के मोबाइल फोन को उसकी पत्नी से ले लिया गया है। रिकॉर्डिंग के आवाज का परीक्षण कराया जाएगा। एम्स से फारेंसिक लैब की रिपोर्ट आने के बाद बहुत सी चीजें साफ हो जाएंगी।
> **योगेंद्र सिंह,** सीओ कैंट

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# पांच हजार नगद सहित गहना लेकर चले गए लुटेरे

**लार(एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर लार के घारी वार्ड निवासी अर्जुन यादव पुत्र रामदेव यादव के घर में जंगले के रास्ते दो चोर हाथ में असलहा व चाकू के साथ घुस गए। अकेले बेड पर सो रही महिला को बंधक बना उसके सर पर असलहा रखकर घर में रखा नगद पांच हजार रुपये व चांदी का सिक्का,कान का बाली, मंगलसूत्र टाप्स आदि लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस मामले में लार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही लार इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए।

इस संबंध में इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है।असलहे की बल पर चोरी की बात गलत है।मैं मौके पर गया था पांच हजार रुपये चोरी होने की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# दूसरे की पत्नी के साथ पकड़ा गया बाबू

देवरिया(एसएनबी)। बुधवार को एक आफिस का बाबू दूसरे की पत्नी के साथ पकड़ा गया। उसे महिला के पति ने ही पुलिस से मिलकर पकड़वाया। महिला और बाबू को पुलिस सदर कोतवाली लेकर चली गयी। इसकी सूचना मिलते ही बाबू के पक्ष में कुछ कर्मी भी कोतवाली पहुंच गये। महिला के पति ने पुलिस को उसके खिलाफ तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाया है। देर शाम को सीओ ने भी कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की।

बुधवार की दोपहर में एक व्यक्ति पुलिस के साथ एक होटल में पहुंचा। वहां पर उसकी पत्नी एक आफिस के बाबू के साथ पकड़ी गयी। पुलिस दोनों को लेकर कोतवाली चली गयी। एक प्रमुख आफिस के बाबू द्वारा दूसरे की पत्नी के साथ पकड़े जाने की खबर लगते ही उक्त आफिस के कई कर्मी बाबू के पक्ष में सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से बात कर मामले को हल कराने का प्रयास किया, लेकिन महिला के पति का आरोप था कि उसका आचरण ठीक नहीं हैं। उसने उसके खिलाफ केस दर्ज कराकर ब्लेकमेलिंग कर कोर्ट मैरिज किया, लेकिन उसके साथ रहने की जगह दूसरों के साथ घूमती है।

देर शाम महिला के पति ने सदर कोतवाली पुलिस को अपनी पत्नी के खिलाफ तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने भी कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की।

> **क्षेत्राधिकारी नगर** ने बताया कि सूचना पर सदर कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ किया गया। एक पक्ष ने महिला के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच, पड़ताल चल रही है, नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जंगल इमिलिहा निवासी कर्मवीर पुत्र रामसनेही (उम्र 30 वर्ष) मंगलवार की रात में खाना खाकर सड़क पर टहल रहे थे, कि इसी बीच रुद्रपुर देवरिया मार्ग पर अज्ञात चारपहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये देवरिया भेज दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

# सांसद ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ

देवरिया(एसएनबी)। 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' आज से 16 अक्टूबर तक मनाये जाने के क्रम में जनसामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने एवं इनके पालन के प्रति संवेदनशील बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की कमी लाये जाने हेतु महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा शपथ एवं प्रचार वाहन को सनबीम स्कूल, देवरिया से हरी झण्डी दिखाकर किया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर सनबीम स्कूल, सोन्दा देवरिया में सदर सांसद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा के विषय पर पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर तथा कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

सदर सांसद ने सभी से अपील किया कि



सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को रवाना करते सदर सांसद।

समस्त दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएं, स्टंट न करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं ओवरस्पीड न करें, चारपहिया वाहन चालक सीटबेल्ट अवश्य लगायें। प्रचार वाहन सड़क सुरक्षा पखवाड़े में जनपद के विभिन्न चौराहों, तहसील एवं ब्लाक पर पम्पलेट का वितरण कर सड़क सुरक्षा जागरूकता का प्रचार करेगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है इसलिए रोड एक्सीडेंट में इसे मुफ्त में नहीं खोना चाहिए।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी आशुतोष शुक्ला ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े के कार्यक्रमों के विषय में सभी को अवगत कराते हुए अपील की, कि सभी लोग यातायात नियमों का स्वयं पालन करते हुए घर के समस्त सदस्यों से भी यातायात नियमों का पालन अवश्य करायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा राजेश झा, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, डीआईओएस शिव नारायण सिंह, एआरएम इरफान, टीएसआई भूपेन्द्र सिंह तथा बेसिक शिक्षा संजय मिश्रा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तीसरे दिन नाले से मिला युवक का शव

बरियारपुर। नाले में गिरे व्यक्ति का तीसरे दिन घटैला चेती के पास बुधवार की शाम शव मिला। बरियारपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

केशव तिवारी पुत्र स्व. रामनरेश तिवारी निवासी साहबगंज थाना कोतवाली पडरौना जिला कुशीनगर रविवार की रात महुआनी से सोनूघाट के तरफ जा रहे थे। तभी घटैला चेती के सेमरहवा बाबा स्थान के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर कर नाले में चले गए। पुलिस ने संदेश जताया कि केशव तिवारी नाले में गिर कर डूब गए है। सोमवार से कोतवाली पुलिस की सूचना पर पहुंची फ्लड व पीएसी की टीम नाले में शव की तलाश कर रही थी।

# सांसद ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ

**सड़क सुरक्षा**

- सनबीम स्कूल में सांसद ने किया उद्घाटन
- 16 अक्तूबर तक चलेगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

देवरिया, निज संवाददाता। सदर सांसद ने सोंदा स्थित सनबीम स्कूल में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 अक्टूबर तक चलेगा।

सनबीन स्कूल से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने शपथ दिलाकर एवं प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर सनबीम स्कूल में सदर सांसद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने पेंटिंग एवं क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर तथा



बुधवार को सनबीम स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी।

कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। सदर सांसद ने लोगों से बाइक चलाते समय हेलमेट लगाने, स्टंट न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरस्पीड न करने, चारपहिया वाहन चालक सीटबेल्ट अवश्य लगायें का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है, इसे रोड एक्सीडेंट में मुफ्त में नहीं खोना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करेंगे तो सड़क पर सुरक्षित रहेंगे।

इसमें लोनिवि के अनिल कुमार जाटव, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, सनबीम स्कूल के निदेशक अवनीश मिश्र, उप निदेशिका नीतू मिश्रा, प्रधानाचार्य अरविंद शुक्ल, एआरटीओ आशुतोष शुक्ला, सीएमओ डा. राजेश झा, एएसपी सुनील कुमार सिंह, डीआईओएस शिव नारायण सिंह, एआरएम इरफान, टीएसआई भूपेन्द्र सिंह, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाई का दोस्त बन 25 हजार ठगी

खुखुन्दू। भाई का दोस्त बनकर एक जालसाज ने 25 हजार रुपए की ठगी कर ली। थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक के भाई आर्मी में नौकरी करते हैं। युवक के पास एक जालसाज ने मोबाइल पर फोन किया तो मैं तुम्हारे भाई का दोस्त हूं और तुम्हारे खाते में गलती से मुझसे पच्चीस हजार रुपए चला गया है। मैसेज चेक कर लो युवक ने मोबाइल में देखा तो मैसेज नहीं आया था। इसके बाद जालसाज ने रुपए भेजे जाने का सक्सेसफुल स्क्रीनशॉट भी व्हाट्सएप पर भेज दिया। युवक भाई के दोस्त के नाम पर विश्वास करके झांसे में आकर में उसके बताए हुए खाते में पच्चीस हजार रुपए भेज दिया। इसके बाद युवक ने फोन कर कहा कि मैं खाते में रूपया भेज दिया हूं।

# प्रेमी युगल के आगे झुके परिजन, होगा निकाह

तरकुलवा। एक सप्ताह पूर्व घर छोड़कर फरार हुए प्रेमी युगल को पुलिस ने किसी तरह से खलीलाबाद से बरामद कर थाने लाई तथा परिजनों को सूचना दी। लगभग 2 घंटा चली पंचायत के बाद परिजन दोनों के निकाह करने पर राजी हुए तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली युवती का अपने बहन के देवर से लगभग चार वर्ष से प्रेम-प्रपंच चल रहा था। जिसकी भनक दोनों परिवारों को थी। प्रेमी युगल जब शादी करने की जिद पर अड़े तो परिजन तैयार नहीं हुए तो दोनों एक साथ जीने मरने की कसम खाकर एक सप्ताह पूर्व घर छोड़कर फरार हो गए। नाराज युवती की मां ने तरकुलवा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को खलीलाबाद से पकड़कर थाने लाई तथा परिजनों को सूचना दी। दोनों को परिजन सूचना पाकर पथरदेवा पुलिस चौकी पर पहुंच गए जहां घण्टों चली पंचायत के बाद दोनो पक्ष निकाह करने की बात स्वीकार कर लिये। तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। इस संबंध में चौकी इंचार्ज शैलेश ने बताया कि दोनों प्रेमी युगल बालिग है दोनों के परिजन आपस में सुलह कर लिए हैं दोनों के निकाह की तैयारी हो रही है।

# दूसरे की पत्नी के साथ पकड़ा गया कलक्ट्रेट का लिपिक

देवरिया, निज संवाददाता। कलक्ट्रेट का एक लिपिक बुधवार को दूसरे की पत्नी के साथ होटल में पकड़ा गया। उसे महिला के पति ने ही पुलिस से मिलकर पकड़वाया। महिला और लिपिक को पुलिस सदर कोतवाली लेकर चली गयी। इसकी सूचना मिलते ही बाबू के पक्ष में कुछ कर्मी भी कोतवाली पहुंच गये। महिला के पति ने पुलिस को उसके खिलाफ तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाया है। देर शाम को सीओ ने भी कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की।

बुधवार की दोपहर में एक व्यक्ति पुलिस के साथ शहर के एक होटल में पहुंचा। वहां पर उसकी पत्नी कलेक्ट्रेट के एक लिपिक के साथ कमरे में मिली। पुलिस दोनों को लेकर कोतवाली चली गयी। एक प्रमुख आफिस के बाबू द्वारा दूसरे की पत्नी के साथ पकड़े जाने की खबर लगते ही उक्त आफिस के कई कर्मी बाबू के पक्ष में सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से बातकर मामले को हल कराने का प्रयास किया। लेकिन महिला के पति का आरोप था कि उसका आचरण ठीक नहीं हैं। उसने उसके खिलाफ केस दर्ज कराकर ब्लेकमेलिंग कर कोर्ट मैरेज किया लेकिन उसके साथ रहने की जगह दूसरों के साथ घूमती है। देर शाम महिला के पति ने सदर कोतवाली पुलिस को अपनी पत्नी के खिलाफ तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी ने भी कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की।

> “ सूचना पर सदर कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ किया गया। एक पक्ष ने महिला के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच, पड़ताल चल रही है, नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
>
> **संजय कुमार रेड्डी**, सीओ सदर।

## विवाहिता को पति ने घर से निकाला

खुखुन्दू। एक विवाहिता का उसके पति ने घर से निकाल दिया है। थाना क्षेत्र के मुशैला खुर्द निवासी पूजा की शादी चार माह पूर्व कोतवाली थाना क्षेत्र के पहरी मल्ल निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही पति सहित ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करने लगे। दी गई तहरीर में उसने आरोप लगाया है कि उसके पति ने घर से निकाल दिया है।

### लार के घारी वार्ड में दोपहर दो बजे हुई वारदात, घर में घुसे थे दो बदमाश

# महिला के सिर पर असलहा सटाकर ढाई लाख की लूट

**दुस्साहस**

लार/मेहरौनाघट, हिन्दुस्तान संवाद। एक महिला के सिर पर असलहा सटा बदमाशों ने पांच हजार नकदी समेत करीब ढाई लाख के जेवर लूट लिए। बदमाशों ने घर में घुस कर वारदात को अंजाम दिया। घटना बुधवार की अपरान्ह करीब दो बजे नगर पंचायत लार के घारी वार्ड में हुई। मामले की छानबीन में जुटी पुलिस महज पांच हजार की चोरी की बात कहते हुए घटना को संदिग्ध बता रही है।

लार के घारी वार्ड निवासी अर्जुन यादव पुत्र रामदेव यादव के घर में जंगले के रास्ते दो बदमाश करीब दो बजे दिन में असलहा व चाकू के साथ घुस गए। उस समय घर में अर्जुन के भाई अरुण की पत्नी रिंकू देवी बेड पर सो रही थी।

रिंकू देवी का कहना है कि बदमाशों ने उसके सिर पर असलहा सटा कर कमरे में रखे पांच हजार नकदी के अलावा चांदी का सिक्का, कान का बाली, मंगलसूत्र, टाप्स, हार, सोने की चेन लूट कर खिड़की के रास्ते ही फरार हो गए। दूसरे कमरे में अर्जुन की पत्नी सुमित्रा देवी भी सो रही थीं लेकिन बदमाश उनके कमरे में नहीं गए। परिजनों के अनुसार करीब ढाई लाख के आभूषण की लूट हुई है। अर्जुन यादव ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही लार इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए। उधर नगर में दिन दहाड़े असलहे के बल पर हुई लूट की घटना की जानकारी होते ही लोगों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। लोग लार पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने लगे। लोगों ने बताया कि अब चोरो के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अब दिन में भी चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं।

कुछ दिन पूर्व ही बौली वार्ड के शर्मा टोला पर देर रात असलहा के बल पर करीब 8 लाख की लूट हुई थी। अभी तक उस घटना का भी पुलिस ने खुलासा नहीं किया है।



> मामला संदिग्ध लग रहा है। असलहे की बल पर लूट व चोरी की बात गलत है। मैं मौके पर गया था, पांच हजार रुपये चोरी होने की तहरीर मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।
>
> **कपिल देव चौधरी**, थाना प्रभारी लार।

# घर में घुसकर बदमाशों ने नकदी व आभूषण लूटा

जासं, लार: उपनगर के घारी वार्ड में बुधवार को दिन-दहाड़े एक घर में घुसकर असलहा लगा पांच हजार रुपये नकदी व आभूषण बदमाशों द्वारा लूटने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रही है।

घारी वार्ड के रहने वाले अर्जुन यादव का आरोप है कि बुधवार की दोपहर बरहज बजे कुछ बदमाश घर पहुंचे। घर पर केवल एक महिला ही थी। उसे असलहा बदमाशों ने लगा दिया और पांच हजार रुपये नकदी, सोना, चांदी के आभूषण लूट लिया। इसके बाद बदमाश फरार हो गए। दिन-दहाड़े हुई घटना की सूचना मिलने के बाद खलबली मच गई। आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# विरोध करना पड़ा महंगा चार के विरुद्ध मुकदमा

सलेमपुर : छपरा प्रयाग गांव में पोखरे का सुंदरीकरण कार्य हो रहा है। मंगलवार को ठीकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा था। कुछ लोगों ने मानक के विपरीत कार्य होने की बात कहते हुए विरोध जताया। ठीकेदार से कहासुनी हो गई। ठीकेदार नुरुलहोदा की तहरीर पर पुलिस ने विनोद कुमार, फिरोज व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# यातायात नियमों का करें पालन कम होंगी दुर्घटनाएं : सांसद

- सड़क सुरक्षा पखवारा का सांसद ने झंडी दिखाकर किया शुभारंभ
- एक पखवारा तक लोगों को किया जाएगा नियमों के प्रति जागरूक

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** शहर के सोंदा स्थित सनबीम स्कूल परिसर से सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा पखवारा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर किया। अब 15 दिनों तक प्रचार वाहन शहर से लेकर कस्बा तक पहुंचकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करेगा। इस दौरान विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

सांसद ने कहा कि छोटी-छोटी लापरवाही से बड़े हादसे हो जाते हैं। सड़क पर चलने के दौरान यातायात नियमों का पालन किया जाए तो हादसों में कमी आएगी। आपकी जागरूकता से कई घरों की खुशियां बरकरार रह सकती हैं। इसलिए यातायात नियमों का पालन करें। बाइक चलाते समय हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहनों को तेज गति से न चलाएं और ओवरटेक करने का प्रयास न करें।

सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि आज तेजी से हादसे बढ़े हैं। इसलिए लोगों को यातायात नियमों का हर हाल में पालन करना चाहिए। पुलिस वाहनों का चालान करने के साथ यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करती है। जीवन बहुमूल्य है, इसलिए सड़क हादसे में इसे मुफ्त में नहीं खोना चाहिए। जब हम सब यातायात के नियमों का पालन करेंगे, तभी सड़क पर सुरक्षित रहेंगे। एआरटीओ आशुतोष शुक्ला ने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का स्वयं पालन करते हुए घर के लोगों से भी यातायात नियमों का पालन कराएं, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। इस दौरान स्कूल के निदेशक अवनीश मिश्र, नीतू मिश्रा, शिक्षक नरेंद्र तिवारी, सीएमओ डा. राजेश झा, एएसपी सुनील सिंह, डीआइओएस शिव नारायण सिंह, एआरएम इरफान, टीएसआइ भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

खुखुंदू: मुसैला खुर्द की रहने वाली विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के पड़री मल्ल गांव में एक युवक की शादी चार माह पूर्व खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला खुर्द गांव की रहने वाली पूजा देवी के साथ हुई। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद जब वह अपने ससुराल गई, तभी से ससुराल पक्ष के लोग और दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। बुधवार की रात पिटाई कर घर से निकाल दिया।

# महिला को पति ने होटल से पकड़ा, लगाया आरोप

- सरकारी विभाग में तैनात कर्मचारी को पति ने बताया संदिग्ध
- देर रात तक कोतवाली पुलिस मामले की कर रही थी जांच

जासं, देवरिया: शहर के मछली हट्टा रोड स्थित एक होटल से युवक ने अपनी पत्नी को पकड़ लिया। साथ ही एक युवक को भी पकड़ कर संदिग्ध बताते हुए कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। देर रात तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी। महिला पति पर साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगा रही थी।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक अर्द्ध सैनिक बल में तैनात है। वह तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से प्रेम करता था। बाद में युवक ने शादी से इंकार किया तो युवती ने तरकुलवा थाने में उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। मामला बढ़ता देख युवक ने अप्रैल माह में न्यायालय में शादी कर ली। हालांकि दोनों के बीच मनमुटाव कम नहीं हुआ। युवती अपने मायके में ही इन दिनों है। पति का आरोप है कि उसने युवती से बुधवार को बातचीत की तो उसने देवरिया शहर में अपना लोकेशन बताया। युवती पर उसे शक था। मछली हट्टा रोड स्थित एक होटल में पत्नी को उसने जाते हुए देखा तो पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस पहुंची। आरोप है कि एक युवक उसकी पत्नी के कमरे से निकल रहा था। उसके कहने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। साथ ही पत्नी को भी कमरे से बाहर निकाला। उसका वीडियो भी उसने बनाया है। जिस युवक को वह संदिग्ध बता रहा है वह एक सरकारी विभाग का कर्मचारी है। देर शाम महिला ने पुलिस से बताया कि युवक उसके कमरे से नहीं निकला है। पति उसे छोड़ना चाहता है। इसलिए इस तरह की कहानी बता रहा है। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि पति-पत्नी में विवाद चल रहा है। पुलिस होटल गई थी। पति जिस युवक पर आरोप लगा रहा है, उस युवक को महिला पहचानने से भी इंकार कर रही है। साथ ही पति पर ही छोड़ने के लिए यह साजिश बता रही है।

# कांशीराम आवास की छत भरभरा कर गिरी, बचे लोग

## पहले से ही जर्जर थी छत, बारिश के कारण सीलन से हो गई थी कमजोर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के मेहडा पुरवा बाहर स्थित कांशीराम आवास की एक छत बुधवार की दोपहर अचानक भरभरा कर गिर गई। गनीमत रहा की इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

यह भवन पहले से ही खाली था। नही तो कोई बड़ा हादसा हो जाता। दो दिन पूर्व हुई बारिश से छत कमजोर हो गई थी। छत के गिरने की आशंका लोगों को पहले से ही थी।

सदर कोतवाली के मेहड़ा पुरवा बाहर स्थित कांशीराम आवास है।



मेहडा पुरवा स्थित कांशीराम आवास की गिरी छत। स्रोत जागरुक पाठक

पात्रता के अनुसार पात्र लोगों को आवंटित किया गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो परिसर स्थित एक आवास का तीन ब्लॉक खाली था। जबकि तीन ब्लॉक में लोग रहते थे। बुधवार की दोपहर आवास के खाली एक ब्लॉक की छत अचानक भर-भरा कर गिर गई।

पिछले दो दिन पूर्व हुई लगातार बारिश के कारण यह छत सीलन से काफी कमजोर हो गई थी। वह काफी दिनों से जर्जर थी। उसमें कोई नहीं रहता था। उधर छत गिरने की जानकारी होते ही मौके पर एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ,सीओ सिटी संजय रेड्डी एवं ईओ नगर पालिका परिषद ने घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया ।

# पिटाई करने व धमकी देने पर दो के विरुद्ध मुकदमा

**पथरदेवा :** बघौचघाट पुलिस ने मलसी खास के रहने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें सेहरान व शाहनवाज शामिल हैं। आरोप है कि फोटो खींचने से मना करने पर पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी।

# वारंटी गिरफ्तार

खुखुंदू। स्थानीय चौराहे के एक वारंटी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# रुपये के लेन-देन को लेकर मारपीट, चार का चालान

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में रुपये के लेन-देन और भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने बुधवार को चार लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव निवासी राजन यादव पुत्र स्व मुलायम यादव और खुखुंदू के दक्षिण टोला निवासी गोलू उर्फ प्रदीप पटेल पुत्र स्व सुभाष पटेल के बीच रुपये के लेन-देन तथा भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने बुधवार को दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। संवाद

# मारपीट के मामले में 10 पर केस

मईल। थाना क्षेत्र के धरमेर गांव में दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में दस लोगों पर केस दर्ज कर सात लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया गया।

पुलिस ने एक पक्ष के मंजूर अंसारी के तहरीर पर रियाजउद्दीन, अजहरुद्दीन, बसीरून, सीफा, मोहर्रम अली व दूसरे पक्ष रियाजउद्दीन अंसारी के तहरीर पर मंजूर अंसारी, सैफअली, सरफराज, एलुमुन निशा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष अमित राय ने बताया कि दस लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मारपीट के मामले में सात लोगों को शांतिभंग में चालान किया गया। संवाद

# राजीव नगर में आबकारी विभाग ने की छापेमारी

मईल। थाना क्षेत्र के राजीव नगर चौराहे पर मंगलवार को एक गल्ले की दुकान पर आबकारी विभाग ने छापेमारी की। राजीव नगर चौराहे पर एक गल्ला व्यवसाई का बरठा चौराहे पर सरकारी देशी शराब की दुकान है। किसी व्यक्ति ने आबकारी विभाग को सूचना दी कि गल्ले की दुकान से शराब की बिक्री हो रही है। आबकारी विभाग ने पुलिस टीम के साथ शाम को छापेमारी की। पुलिस देख अफरा तफरी मच गया। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक पंकज ने बताया कि छापेमारी की गई थी, लेकिन कुछ मिला नहीं है। संवाद

# पटाखा फोड़ने से मना करने पर महिला को पीटा

तरकुलवा। पटाखा फोड़ने से मना करने पर एक महिला को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कोंहवलिया भरत राय की रहने वाली चिंता देवी ने थाने में तहरीर दी है। कहा है कि गांव के दो व्यक्ति पटाखा फोड़ रहे थे। पटाखा की आवाज सुनकर मैं घर से बाहर निकली और मना करने लगी।

आरोप है कि उन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उनको मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# दूसरे की पत्नी के साथ पकड़ा गया ऑफिस का बाबू

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बुधवार को एक आफिस का बाबू दूसरे की पत्नी के साथ पकड़ा गया। उस महिला के पति ने ही पुलिस से मिलकर पकड़वाया। महिला और बाबू को पुलिस सदर कोतवाली लेकर चली गई।

इसकी सूचना मिलते ही बाबू के पक्ष में कुछ कर्मचारी भी कोतवाली पहुंच गए। महिला के पति ने पुलिस को उसके खिलाफ तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाया है। देर शाम सीओ ने भी कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की।

## महिला के पति ने पुलिस की मदद से दोनों को एक होटल में पकड़वाया

बुधवार की दोपहर में एक व्यक्ति पुलिस के साथ एक होटल में पहुंचा। वहां पर उस व्यक्ति की पत्नी एक आफिस के बाबू के साथ पकड़ी गई। पुलिस दोनों को लेकर कोतवाली चली गई।

एक प्रमुख आफिस के बाबू द्वारा दूसरे की पत्नी के साथ पकड़े जाने की खबर लगते ही उक्त आफिस के कई कर्मचारी बाबू के पक्ष में सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से बात कर मामले को हल कराने का प्रयास किया। महिला के पति का आरोप था कि उसकी पत्नी का आचरण ठीक नहीं हैं। उसने उसके खिलाफ केस दर्ज कराकर धोखाधड़ी कर कोर्ट मैरेज किया। उसके साथ रहने की जगह दूसरों के साथ घूमती है।

सूचना पर सदर कोतवाली पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की गई। एक पक्ष ने महिला के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच-पड़ताल चल रही है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
**-संजय कुमार रेड्डी, सीओ सदर**

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ नियमों के पालन का आह्वान

**देवरिया।** जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ हो गया। यह 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा शपथ एवं प्रचार वाहन को सनबीम स्कूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर सनबीम स्कूल, सोन्दा देवरिया में सदर सांसद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा पेंटिंग एवं क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर तथा कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी आशुतोष शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश झा, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, शिव नारायण सिंह, इरफान, भूपेन्द्र आदि मौजूद रहे। संवाद

# रेलवे गेटमैन के शव का हुआ पोस्टमार्टम, बिहार से पहुंचे परिजन

देवरिया। शहर के रेलवे कालोनी में फांसी लगाकर जान दिए गेट मैन का बुधवार को पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को लेकर बिहार रवाना हो गए। गेट मैन का शव मंगलवार की देर शाम को उसके कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला था।

बिहार के भोजपुरी जिले के बासौरी निवासी अभिमन्यु कुमार 26 वर्ष पुत्र दिनेश्वर का शव मंगलवार को उसके कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला था। वह सदर रेलवे स्टेशन पर गेटमैन के पद पर तैनात था। वह रेलवे कॉलोनी में अकेले ही रहता था।

मंगलवार को उसके ड्यूटी पर न पहुंचने पर उसके साथी उसको फोन किए , लेकिन उसका फ़ोन नही उठा, जिसके बाद उसके कमरे पर पहुंचे और उसका शव फंदे से लटकता देख दंग रह गए और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुंडी से नीचे उतरवा कर कब्जे में ले लिया। सूचना मिलने के बाद परिजन देवरिया पहुंचे।

# आभूषण की दुकान में चोरी का प्रयास

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के फुलवरिया चौराहे पर एक आभूषण दुकान में चोरी का प्रयास किया गया। दुकानदार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी है।

भाटपार रानी निवासी सुनील कुमार सोनी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उनकी आभूषण की दुकान फुलवरिया चौराहे पर है।

मंगलवार की रात अज्ञात चोर दुकान का नकब काटकर चोरी करने का प्रयास किए हैं। लेकिन वह इस घटना में सफल नहीं हो पाए हैं। थाना अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर आई है। संवाद

# निकाह की जिद पर अड़े प्रेमी युगल पहुंचे थाने

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। स्थानीय थाने में बुधवार को प्रेमी-प्रेमिका पहुंच गए। वह निकाह करना चाहते थे। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया। परिजनों ने उनको काफी समझाया-बुझाया, लेकिन वह जिद पर अड़े रहे। आखिरकार परिजनों को उनकी जिद के आगे झुकना पड़ा। दोनों के निकाह पर परिजन राजी हो गए।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का इसी इलाके के दूसरे गांव की अपने बहन के देवर के साथ करीब चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युगल 27 सितंबर को घर छोड़कर भाग निकले। परिजन दोनों की तलाश करते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया। परिजनों ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इस बीच पुलिस ने दोनों को खलीलाबाद से पकड़ कर थाने लाई। अब प्रेमी युगल थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि हम दोनों बालिग हैं और शादी करना चाहते हैं, लेकिन परिवार के लोग तैयार नहीं हैं। पुलिस की सूचना पर दोनों के परिजन भी थाने पहुंच गए। उन्होंने दोनों से काफी देर तक बातचीत की, लेकिन वे निकाह की जिद पर अड़े रहे। घंटों मशक्कत के बाद आखिरकार परिजनों को उनकी जिद के आगे झुकना पड़ा। दोनों के परिजनों ने उनके निकाह को अपनी सहमति दे दी। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा हुआ। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि दोनों के परिजनों के बीच वार्ता हुई।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# चार प्रतिबंधित पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने बुधवार को फोरलेन पर चौहान पट्टी मधुरिया कट के पास एक मैजिक गाड़ी से चार प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। इन्हें क्रूरतापूर्वक लाद कर वध लिए ले जाया जा रहा था। वाहन से दो पशु तस्कर पकड़े गए है। दोनों अंतर्राज्यीय पशु तस्कर गैंग के सदस्य हैं।

पशु तस्करों की पहचान नबाब अली पुत्र इमामुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार तथा पिन्टू कुमार गुप्ता पुत्र कन्हैया शाह निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार पशु तस्करों का एक संगठित गिरोह है। यह अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिल कर गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक बांध कर मालवाहक वाहनों में भर कर परिवहन व तस्करी कर बिहार राज्य ले जाते हैं।

## संदेह में पुलिसकर्मी की खंगाली गई कॉल डिटेल

**कुशीनगर।** बुधवार को फोरलेन पर तुर्क पट्टी पुलिस द्वारा पकड़े गए पशु तस्करों से मिलीभगत की संदेह में पुलिस ने दूसरे थाने के एक सिपाही की काल डिटेल खंगाली। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि तुर्क पट्टी के ही किसी पुलिसकर्मी ने थानेदार से शिकायत की थी कि पाटाहेरवा थाने का एक सिपाही पशु तस्करों से मिला हुआ है। इसके बाद पुलिस ने सिपाही की काल डिटेल खंगालने के बाद पुष्टि नहीं होने पर जांच बंद की। एसओ तुर्क पट्टी संजय कुमार का कहना है कि ऐसी कोई बात नही है।

स्थानीय पुलिस ने मोबाइल में मिले वीडियो और फोटो की शुरू की जांच

# आरोपितों के मोबाइल में आपत्तिजनक वीडियो

**जाली नोट प्रकरण**



- वीडियो और फोटो में नजर आ रहे लोगों के भी बयान दर्ज करेगी पुलिस
- पुलिस को संदेह, फोटो वीडियो के जरिए ब्लैकमेलिंग के हो सकते हैं मामले

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** जाली करेंसी कांड के मुख्य आरोपी रफी अहमद उर्फ बबलू समेत अन्य आरोपियों की मोबाइल में कई आपत्तिजनक वीडियो एवं फोटो सामने आए हैं। पुलिस अब इन सभी वीडियो व फोटो की जांच में जुट गयी है। पुलिस यह पता लगा रही है कि कहां और किन परिस्थितियों में ऐसे वीडियो व फोटो शूट किए गए थे। पुलिस को शक है कि कहीं ऐसा कर ब्लैकमेलिंग तो नहीं की जाती थी।

पुलिस की जांच दायरा बढ़ने के साथ ही जाली करेंसी गिरोह के सदस्यों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस की जांच में आरोपी रफी उर्फ बबलू के मोबाइल से मिले तमाम वीडियो एवं फोटो को आधार बनाकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। सूत्रों की माने तो पुलिस की प्राथमिक जांच में आरोपी रफी उर्फ बबलू द्वारा नेपाल के पोखरा, काठमांडू, लखनऊ के होटलों एवं प्राइवेट ठिकानों सहित अजमेर के दरगाह के समीप स्थित होटल पर पहुंचकर इस कृत्य को अंजाम देने की जानकारी सामने आयी है। जिसके बाद पुलिस की टीमें अपनी तफ्तीश को आगे बढ़ा रही हैं।

जाली करेंसी कांड के मुख्य आरोपी रफी उर्फ बबलू की अवैध गतिविधियों की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस को रोज नए नए तथ्य एवं साक्ष्य मिल रहे हैं। जीएसटी एवं सेल टैक्स चोरी से जाली करेंसी के कारोबार तक पहुंचे और करोड़ों का साम्राज्य बनाने वाले रफी अहमद उर्फ बबलू के अवैध कृत्यों का जखीरा उसकी मोबाइल फोन से मिला है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तमाम गैर कानूनी कार्य में संलिप्त रफी अहमद उर्फ बबलू ने एक साजिश के तहत को कुछ महिलाओं व युवतियों को टारगेट किया है। उसके मोबाइल में मिले तमाम आपत्ति जनक वीडियो एवं फोटो सामने आने के बाद पुलिस उसके इस गैर कानूनी कृत्य के कानूनी पेंच को सुलझाने में लगी है।

जांच में जुटी पुलिस की टीम आपत्ति जनक वीडियो एवं फोटो को आधार बनाकर नेपाल के काठमांडू, पोखरा, लखनऊ एवं अजमेर के होटलों एवं निजी ठिकानों का पता लगाने में जुटी है।

# दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

टेकुआटार। नवरात्रि त्योहार एवं मूर्ति विसर्जन को लेकर के दुलहिन जगन्नाथ कुंवरी इंटर कॉलेज परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद गुप्ता ने कहा कि शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराया जायेगा। दुर्गा पूजा पांडालों, झांकी व जलूसों की वीडियो रिकार्डिंग करायी जायेगी।

# रैकेट के सहयोगियों की तलाश में जुटी एटीएस

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** जाली करेंसी के पूरे रैकेट का पर्दाफाश करने में जुटी एनआईए एवं एटीएस की टीमें गोपनीय स्तर पर अपनी कारवाई को आगे बढ़ा रही हैं। दोनों जांच एजेंसियों की टीमें तमकुहीराज क्षेत्र में साक्ष्य संकलन एवं आरोपियों के सहयोगियों की सुरागरसी में जुटी हैं। जांच एजेंसियां की जांच पड़ताल की भनक लगने के बाद इस रैकेट के जुड़े कुछ सदस्य गायब हो गए हैं। अपने ठिकानों को बदलकर कहीं और चले गए हैं। कारवाई के भय से यह लोग लगातार अपनी लोकेशन बदल कर अपनी गर्दन बचाने की जुगत में हैं।

जाली करेंसी एवं अवैध हथियारों के जखीरे के खिलाफ पुलिस की कारवाई एवं इस मामले में अंतराष्ट्रीय कनेक्शन की भनक लगने के बाद जांच के लिए तमकुही राज पहुंच चुकी एनआईए एवं एटीएस के भय से अवैध गिरोह के संपर्क में रहने वाले लोगों का भी सुख चैन छिन गया है। अवैध गतिविधियों को अंजाम देकर ऐशो आराम से रहने वाले यह लोग अपने घर एवं कारोबार को छोड़कर पलायन कर गए हैं। जानकारों की माने तो पुलिस की कारवाई एवं जांच एजेंसियों द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू करने के बाद आरोपियों के साथ साए की तरह रहकर उनकी अवैध गतिविधि में शामिल रहे कुछ लोग कारवाई के भय से अपना मोबाइल फोन स्विच आफ करके कस्बे एवं जिले से फरार हो गए हैं। जांच एजेंसियां इस गिरोह का पर्दे के पीछे से सहयोग करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ साक्ष्य संकलन की कारवाई में जुटी है।

## काली कमाई को सफेद बनाने वाले गिरोह के मददगार ठेकेदार व शराब कारोबारी भी एजेंसियों के निशाने पर

**तमकुहीराज।** जाली करेंसी कांड के आरोपियों के शागिर्दों की टोह में जुटी टीम के हाथ कुछ अहम सुराग हाथ लगे है। टीम ने इस गिरोह के काली कमाई के पैसे को व्हाइट मनी बनाने वाले लोक निर्माण विभाग के एक ठेकेदार, दवा एवं शराब के कारोबार से जुड़े दो लोगो, दो रियल स्टेट कारोबारियों के अलावे जिले के एक बड़े कारोबारी को चिन्हित किया है। इनके द्वारा ही इस गिरोह के सदस्यो की काली कमाई को व्हाइट मनी बनाने के साथ इनको राजनैतिक संरक्षण दिया जाता रहा है। सूत्र बताते हैं कि इन सफेदपोशों के अलावे बेकरी के कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति एवं एक जिला पंचायत सदस्य ने भी आरोपियों द्वारा अवैध गतिविधि से कमाए गए पैसे से चल एवं संपतियां खड़ी की हैं। जांच में जुटी जांच एजेंसियां इन लोगों को चिन्हित करने के बाद इनके खिलाफ कारवाई के लिए जांच पड़ताल एवं साक्ष्य का संकलन व उसका अनुसंधान कर रही है।

# हिरण्यवती नदी में मोटरबोट का इंजन गिरा, बाल-बाल बचे सवार

**हादसा टला**

- संयोग से बची अनहोनी, स्थानीय लोगों की मदद से किनारे लगाई गई बोट
- सूचना पर नपा की ईओ ने हिरण्यवती नदी में बोट संचालन पर लगाई रोक

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** हिरण्यवती नदी में बुधवार को मोटरबोट का इंजन अचानक गहरे पानी में गिर गया। बोट में बिना सेफ्टी जैकेट के बैठकर नौकायन का लुत्फ उठा लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। नाव नदी के तेज जलधारा के बीच असंतुलित होकर डगमगाने लगी। नदी के किनारे बैठे और स्थानीय लोगों ने रस्सी के सहारे असंतुलित नाव को खींचकर किनारे किया। गनीमत रही कि नाव डगमगाने के दौरान कोई अनहोनी नहीं हुई। हादसे की सूचना पर नपा ने तत्काल प्रभाव से नदी में नाव के संचलन पर रोक लगा दी है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने के बाद ही दोबारा



नदी से गिरे मोटर को निकालते युवक।



क्षतिग्रस्त नाव।

संचालन शुरू कराया जाएगा।

कुशीनगर नें बुद्धा घाट पर हिरण्यवती नदो में बुधवार की शाम के करीब साढ़े तीन बजे नाविक चांद शेख सात से आठ लोगों को बोट में बैटाकर नदी में लेकर चला गया। कुछ समय बाद नदी की तेज जलधारा के बीच मोटर बोट का इंजन टूटकर गहरे पानी चला गया। इंजन गिरने से नाव में सवार लोगों की चिंता बढ़ गई।

तेज आवाज में बचाओ बचाओ चिल्लाने लगे। नदी के किनारे बैठे और स्थानीय लोगों ने नदी में असंतुलित होकर डगमगा रही नाव तक रस्सी फेंककर मुश्किल से खींचकर किनारे लगाया। तब जाकर नाव में सवार लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के दौरान चालक के दोस्त कसया नगर निवासी सदाम खान समेत उसके अन्य साथी सवार थे। बाद में नदी में गिरे मोटर बोट के इंजन को कुछ युवकों ने काफी मशक्कत से खोजकर बाहर निकाला।

इस संबंध में एसडीएम पारितोष मिश्र ने बताया कि हिरण्यवती नदी में मोटर बोट संचालन का मामला कसाडा से संबंधित नहीं है। इसकी पूरी जानकारी नगरपालिका प्रशासन ही दे सकती है। इस संबंध में ईओ अंकिता शुक्ला ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।

नदी में नाव संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। सभी सुरक्षा इंतजाम पुख्ता होने के बाद ही शुरू कराया जाएगा। इसके संचालन के लिए पूर्व में रेंट निर्धारण के बाद लिखित अनुमति दी गई थी।

# चार गोवंश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## गोपालगंज के रहने वाले हैं दोनों पशु तस्कर, वाहन कुशीनगर का

**पडरौना।** तुर्कपट्टी पुलिस ने चार गोवंश के साथ दो अंतरराज्यीय पशु तस्करों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पशु तस्कर गोपालगंज जिले के रहने वाले हैं। कुशीनगर के पशु तस्करों से मिलकर तस्करी करते थे। पुलिस ने गोवंश को मुक्त कराकर पिकअप को सीज कर दिया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के हाईवे पर मधुरिया कट के पास पुलिस बुधवार को सुबह वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कुशीनगर के तरफ से बिहार जा रहे एक पिकअप पर लदे चार गोवंश को पुलिस ने बरामद किया। पिकअप में सवार दो पशु तस्कर भी गिरफ्तार किए गए।

पशु तस्करों की पहचान पुलिस ने गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी नवाब अली और इसी गांव के पिंटू कुमार गुप्ता के रूप में की। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज का आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पुलिस का दावा है कि कुशीनगर के पशु तस्करों की मिलीभगत से दोनों गोवंश की तस्करी करते थे।

# दबिश दे रही गोपालगंज पुलिस

## सोमवार की शाम मुठभेड़ के दौरान फरार हो गए थे चार बदमाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** खरकिया निवासी पशु तस्कर नवीन अख्तर का नाम पुलिस वालों की जुबान पर तो था, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।

गोपालगंज पुलिस ने मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर लिया। फरार चल रहे पडरौना कोतवाली, जटहां बाजार थाने के वांछित अब तक गिरफ्तार नहीं हो सके हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गोपालगंज की पुलिस

### पडरौना कोतवाली और जटहां बाजार थाने के वांछित हैं आरोपी

कुशीनगर में दबिश दे रही है। सूत्रों का कहना है कि आरोपियों की लोकेशन नेपाल में मिल रही है। दबाव बनाने के लिए पुलिस आरोपियों के करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गोपालगंज पुलिस और लग्जरी कार सवार शराब तस्करों से सोमवार की शाम मुठभेड़ हो गई थी। नवीन अख्तर के पैर में गोली लग गई। तस्करों की गोली से पुलिस टीम में मौजूद होमगार्ड भी घायल हो गया।

पडरौना के रहने वाले कुतुबद्दीन अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी और आमिर उर्फ हैप्पी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। इनकी तलाश में दो दिन से गोपालगंज की पुलिस ने डेरा डाल दिया है। पडरौना कोतवाली और जटहां पुलिस की मदद से कई स्थानों पर बुधवार को दबिश दी गई, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए।

# पशु तस्करों से संलिप्तता के संदेह में सिपाही से हुई पूछताछ

## पटहेरवा थाने में तैनात है सिपाही, तुर्कपट्टी पुलिस ने की पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुर्कपट्टी।** गोपालगंज के पशु तस्करों की गिरफ्तारी के बाद पटहेरवा थाने पर तैनात एक चर्चित सिपाही की मिलीभगत का मामला सामने आया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तुर्कपट्टी पुलिस ने सिपाही को पटहेरवा थाने से हिरासत में ले लिया। दो घंटे तक थाने में पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। हालांकि इसके मोबाइल का सीडीआर के जरिए पुलिस सिपाही की भूमिका की जांच कर रही है।

पटहेरवा थाने पर तैनात सिपाही अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में बना रहता है। बार्डर के थाने और चौकियों पर इसकी तैनाती रही है और थानाध्यक्षों के करीबी बना रहता है। तुर्कपट्टी पुलिस ने दो पशु तस्करों को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में पटहेरवा थाने पर तैनात सिपाही का नाम सामने आया। इसके पहले भी इसकी शिकायत मिली थी। थानाध्यक्ष ने इसकी जानकारी सीओ और एसपी को दिया।

एसपी के निर्देश पर तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष पटहेरवा पहुंचे और सिपाही को अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने पर लाए। अकेले में थानाध्यक्ष करीब दो घंटे तक सिपाही से पूछताछ किए। इसकी मोबाइल के मौजूद नंबरों की भी जांच हुई। सिपाही को फिलहाल छोड़ दिया गया है, लेकिन इसकी जांच गोपनीय तरीके से पुलिस कर रही है। कुछ साल पूर्व हनुमानगंज थाने पर तैनात महिला एसओ विभा पांडेय पर लकड़ी की तस्करी कराने के मामले में केस दर्ज हुआ था।

उस मामले में इस सिपाही का भी नाम सामने आया था। बहुत दिनों तक लाइन हाजिर रहा, लेकिन विभागीय पैठ मजबूत होने के कारण जांच रिपोर्ट में क्लीनचिट मिल गया और मनचाहे थानों पर तैनाती कराता रहा।

तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पशु तस्करी से जुड़े मामलों में संलिप्तता की शिकायत थी। पूछताछ के बाद सिपाही को छोड़ दिया गया। इसकी जांच की जा रही है।

# छेड़खानी के विरोध पर मारपीट करने का आरोप

**उजारनाथ।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र की महिला ने पड़ोसियों पर बेटी से छेड़खानी करने व विरोध पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

महिला ने बताया है कि घोठे पर सोमवार की शाम उसकी बेटी पत्ता तोड़ने गई थी। पड़ोसियों ने बेटी को पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगे। बेटी ने जब विरोध किया तो पड़ोसी उसे मारने-पीटने लगे। शोर सुनकर छोटी बेटी गई तो उसको भी आरोपियों ने मारा-पीटा। एसओ संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# धंधेबाज तीन भाइयों को भिड़ाया रफी व लादेन ने

## जाली नोट कांड : संपत्ति विवाद में एक गुट का साथ रफी ने दिया तो दूसरे का औरंगजेब ने, एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गए तीनों भाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** जाली नोटों के धंधे में पकड़े गए आरोपियों में तीन सगे भाई भी हैं, जो पुश्तैनी संपत्ति के विवाद में यूं तो एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं, लेकिन जाली नोट का धंधा तीनों मिलकर कर रहे थे। इन भाइयों के एक गुट को सरगना मोहम्मद रफी तो दूसरे को औरंगजेब उर्फ लादेन ने शह देकर बंटवारे के खेल में उलझाया और तबाही की राह पर ले गए।

इनसे जुड़े बाकी सुराग भी पुलिस जुटा रही है। इनके बिहार के कुछ चर्चित लोगों के करीबी होने के संकेत भी जांच एजेंसियों को मिले हैं।

जाली नोटों के धंधेबाजों के बारे में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। तमकुहीराज के गुदरी मुहल्ला निवासी सरफुद्दीन का परिवार संपन्न माना जाता है। सरफुद्दीन के चार पुत्रों में से नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना, शेख जमालुद्दीन व परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी को पुलिस ने बीते दिनों तमकुहीराज कस्बा से जाली नोट समेत अन्य गैर कानूनी सामान के साथ गिरफ्तार किया था। चौथा बेटा विदेश में रहकर काम करता है और इन लोगों से वह अलग रहता है। नियाजुद्दीन व जमालुद्दीन का परिवार पैतृक आवास में रहता है, जबकि परवेज अलग घर बनाकर रहता है।



लादेन, रफी खान, नकाबपोश परवेज इलाही। स्रोत - सोशल मीडिया

### परवेज के नाम दो लाइसेंसी असलहा जब्त की कार्रवाई में प्रशासन

परवेज के पास दो लाइसेंसी असलहे हैं। लाइसेंसी असलहे के दम पर भी परवेज लोगों पर रौब जमाता था। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर रिवाल्वर के साथ कई तस्वीरें भी हैं। लाइसेंसी असलहे की जानकारी के बाद तरयासुजान पुलिस ने उसे निरस्त करने के लिए रिपोर्ट भी भेजी थी। मामला अभी विचाराधीन है।

बताया जा रहा है कि पिता की मौत के बाद साल 2004 में परिवार में बिखराव हो गया। अपने फायदे के लिए एक गुट में मोहम्मद रफी शामिल हो गया, जबकि दूसरे गुट को औरंगजेब



ठगी के साथ शोषण भी... गैंग का बादशाह है लादेन

2 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

उर्फ लादेन का साथ मिल गया। दोनों ने परिवार को आपस में लड़ाना शुरू कर दिया। इसी बीच परवेज ने फर्जीवाड़ा कर पैतृक संपत्ति अपने नाम करा ली, जिसके बाद से भाइयों में विवाद और बढ़ गया। तीनों की तबाही शुरू हो गई। मुकदमेबाजी का दौर शुरू हुआ तो कई बार संघर्ष जैसे हालात भी हो गए। परवेज पर धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में उस समय तरयासुजान थाने में केस दर्ज किया गया था। मामला बढ़ने के बाद परिवार के सदस्य एक-दूसरे के खून के प्यासे बन गए और पेशबंदी में एक-दूसरे के खिलाफ गलत-सही आरोप लगा केस दर्ज कराते रहे। परवेज पर आठ मुकदमे दर्ज हैं।

इन सबके बावजूद रकबा दुलमापट्टी निवासी मोहम्मद रफी, नगर पंचायत तमकुहीराज के तरया रोड निवासी सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू, नौशाद खान, झड़वा निवासी औरंगजेब उर्फ लादेन आदि जरूरत के हिसाब से गुट भले ही बदलते रहे, लेकिन गैंग में शामिल तीनों भाइयों के अलावा सभी शातिर एक साथ काम को अंजाम देने में लगे रहे।

परवेज इलाही के सगे भाई शेख शेख जमालुद्दीन पर भी तरयासुजान थाने में साल 1994 में केस दर्ज किया गया था। शेख जमालुद्दीन के खिलाफ कुल चार केस दर्ज हैं, जबकि नियाजुद्दीन के खिलाफ सिर्फ एक ही मुकदमा है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि तीनों के बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद था, लेकिन जाली नोट या अन्य गैर कानूनी धंधे में एक साथ शामिल मिले।

**खुद को अधिवक्ता बता फंसाता था परवेज इलाही :** सूत्रों के अनुसार, परवेज खुद को अधिवक्ता बताकर लोगों को जाल में फंसाता था। जब कभी किसी मामले में वह खुद फंस जाता था तो झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी तक दे देता। रुपये व रसूख के दम पर कई बार वह बच निकला।

# तुर्कपट्टी : चार राशि प्रतिबंधित पशु के साथ पिकप बरामद,दो अंतर प्रांतीय पशु तस्कर गिरफ्तार

कुशीनगर (नगर संवाद )। तुर्कपट्टी पुलिस ने नेशनल हाईवे के रास्ते माल वाहक पिकप से प्रतिबंधित पशुओं को तस्करी कर ले जा रहे दो अंतर प्रांतीय पशु तस्करों को दबोचते हुए ,चार गो वंश (गाय)को बरामद करने में सफल हुई है। जिले में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार, चौकी प्रभारी मधुरिया जितेंद्र कुमार,हेड कांस्टेबल संजय कुमार यादव,आरक्षी जितेंद्र कुमार,आरक्षी सत्य प्रकाश यादव,आरक्षी उमेश यादव,आरक्षी रामजी,आरक्षी श्याम सुंदर राम की टीम ने थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित इण्डियन पेट्रोल पम्प से करीब 200 मीटर आगे चौहान पट्टी मधुरिया कट के पास से दो अंतर प्रांतीय शातिर पशु तस्करों नबाब अली पुत्र इमामुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल




थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार, पिन्टू कुमार गुप्ता पुत्र कन्हैया शाह निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मय चार राशी गोवंशीय पशु व एक मैजिक वाहन UP57 BT 6785 की बरामदगी करने में उस समय सफल हुई है,जब पशु तस्कर प्रतिबंधित पशुओं के बिहार ले जा रहे थे।पकड़े गए अभियुक्तगणों का एक संगठित गिरोह है जो अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिल कर गोवंशीय पशुओ को क्रूरता पूर्वक बांध कर पिकप वाहन में भर कर परिवहन व तस्करी कर बिहार राज्य ले जाते है।

### बोली पुलिस

इस विषय में जानकारी देते हुए इस संवाददाता से थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार ने बताया कि जरिए मुखबिर यह सूचना हाथ लगी थी की अंतर प्रांतीय गो तस्कर गो वंश की खेप को बिहार ले जाने के फिराक में जुटे है,जिस पर विश्वास कर पुलिस टीम ने हाईवे पर नाकाबंदी कर उक्त कामयाबी हासिल किया है।

# पुलिस लाइन में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गयी जयंती





**कम्प्यूटर जगत संवाददाता**

कुशीनगर। जनपद कुशीनगर में 02 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन कुशीनगर में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया तथा गार्द द्वारा सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने एवं निर्बल वर्ग के उत्थान हेत कार्य करने का शपथ दिलाया गया तथा सम्बोधन किया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय के संबंध में बताते हुए अनुसूचित जाति/जनजाति के उत्थान एवं भावनात्मक एकता पर बल देते हुए राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं के उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताए गए मार्गों का अनुसरण करने, दहेज प्रथा को समाप्त करने तथा अश्लील साहित्य प्रकाशन बंद करने के लिए अभियान चलाए जाने के संबंध में भी बताया गया। जाति, रंग आदि समस्त भेदभाव को मिटाकर एकता स्थापित करने का प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी का कर्तव्य है कि इस भेदभाव की दुर्भावना को पास न भटकने दें, सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोग भारत के नागरिक हैं और उनमें पारस्परिक सद्भाव एवं एकता से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है सम्बोधन में बताया गया। सम्बोधन के उपरांत समारोह में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया। जनपद के समस्त सर्किल कार्यालय, थानों, पुलिस चौकियों व फायर स्टेशनों पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने सर्किल, थाना, चौकी पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर का अनावरण कर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी जो समारोह में सम्मिलित हुए को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन परिचय के बारे में बताया गया व महात्मा गांधी जी के उपरोक्त विचारों को बताया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लालबहादूर शास्त्री की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर**। रिजर्व पुलिस लाइन कुशीनगर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर पुलिसकर्मियो को सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गयी तथा उनके आदर्शों पर चलने के बारे में बताया गया।





अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह द्वारा पुलिसकर्मियो को सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गयी तथा उनके आदर्शों पर चलने के बारे में बताया गया। साथ ही क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, क्षेत्राधिकारी खड्डा उमेशचन्द भट्ट द्वारा सीओ कार्यालय पर तथा जनपद कुशीनगर के समस्त थानों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी।

# युवक का शव आते ही मची चीख-पुकार

तमकुहीरोड। सेवरही नगर पंचायत के जवाहर नगर निवासी हासन अली के 24 वर्षीय पुत्र मेराज अली उर्फ सलमान की मंगलवार की दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह अपनी बहन अफरीना खातून को बाइक से लेकर इलाज के लिए सोनबरसा जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमार्टम के बाद जब देर शाम युवक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बुधवार को जनाजे की नमाज के बाद शव को टिकुलिया के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. पीके राय, अजय कुमार लल्लू, कासिम अली, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, अनूप सोनी, लव जायसवाल, रेयाज अहमद, शाकिर अली, इमरान अजमेरी आदि ने संवेदना व्यक्त की है। संवाद

# अन्तर्राज्यीय पशु तस्करी गैंग का पदार्फाश,4 राशी गोवंशीय पशुओं के साथ दो शातिर पशु तस्कर गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कुशीनगर**। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा इण्डियन पेट्रोल पम्प से करीब 200 मीटर आगे चौहान पट्टी मधुरिया कट के पास से 02 शातिर पशु तस्करों नबाब अली पुत्र इमामुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार, पिन्टू कुमार गुप्ता पुत्र कन्हैया शाह निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मय 04 राशी गोवंशीय पशु व 01 मैजिक वाहन की बरामदगी की गयी।

# अन्तर्राज्यीय पशु तस्करी गैंग का हुआ पर्दाफाश, 02 शातिर पशु तस्कर हुए गिरफ्तार

## पिकप वाहन से बध हेतु ले जायी जा रही 04 राशी गोवंशीय पशुओं की हुई बरामदगी



कम्प्यूटर जगत संवाददाता

---

तुर्कपट्टी/कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.10.2024 को थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा इण्डियन पेट्रोल पम्प से करीब 200 मीटर आगे चौहान पट्टी मधुरिया कट के पास से 02 शातिर पशु तस्करों क्रमशः नवाब अली पुत्र इमामुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार व पिन्टू कुमार गुप्ता पुत्र कन्हैया शाह निवासी ग्राम विशुनपुरा पोस्ट सोन्हौला गोकुल थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मय 04 राशी गोवंशीय पशु व 01 मैजिक वाहन क्र 57 .अ 6785 की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 302/2024 धारा 3/5/8 गोवध0नि0 अधि0 व धारा 11 पशु क्रुरता अधि0 दर्ज कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार,उ0नि0 जितेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी मधुरिया, का0 जितेन्द्र कुमार,का0 सत्यप्रकाश यादव,का0 उमेश यादव,का0 रामजी, का0 श्यामसुन्दर राम थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर शामिल रहे। अपराध का विवरण- अभियुक्तगणों का एक संगठित गिरोह है जो अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिल कर गोवंशीय पशुओ को क्रूरता पूर्वक बांध कर पिकअप वाहन में भर कर परिवहन व तस्करी कर बिहार राज्य ले जाते है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

## नाराज ग्रामीणों ने की सड़क जाम, पुलिस से तीखी बहस के बाद शुरू हो सका आवागमन

# खाद गड्ढे की जमीन पर हो रहा था मंदिर का निर्माण, प्रशासन ने रोका

**विवाद**

**परतावल, हिन्दुस्तान संवाद।** श्यामदेउरवा क्षेत्र के ग्राम लखिमा टोला बगहिया में बुधवार को हंगामा हो गया। खाद-गड्ढे की जमीन पर कुछ लोग मंदिर का निर्माण करा रहे थे, जिसे पुलिस ने रोक दिया। पुलिस के रोकने पर नाराज लोगों से तीखी बहस शुरू हो गई और लोगों ने परतावल-पिपराइच सड़क जाम कर दिया। घंटे भर की मशक्कत के बबाद ग्रामीणों को शांत कराया जा सका। कुछ देर बाद राजस्व टीम के साथ नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता पहुंचे। ग्रामीणों को कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के पहले खाद गड्ढे की जमीन पर किसी भी काम करने से रोक दिया।



सड़क जाम की सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। ● हिन्दुस्तान

> बगहिया में खाद गड्ढे की जमीन पर ग्रामीण मंदिर निर्माण करा रहे थे। मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया गया। हल्का लेखपाल अलका सिंह ने थाने में तहरीर दी है।
>
> **आशीष गुप्ता,** नायब तहसीलदार सदर

**04** नामजद सहित 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

■ श्यामदेउरवा स्थित लखिमा के टोला बगहिया का मामला

> खाद गड्ढे की जमीन से अतिक्रमण हटवा दिया गया है। हल्का लेखपाल की तहरीर पर चार नामजद सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ सड़क जाम करने के प्रयास और राजस्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।
>
> **- अभिषेक सिंह,** एसओ, श्यामदेउरवा

लखिमा के बगहिया टोले पर आराजी नंबर 403 रकवा 0.0490 हेक्टेयर राजस्व विभाग में खाद गड्ढे के नाम से दर्ज है। लोगों के अनुसार कुछ वर्ष पूर्व गांव में एक बंदर की मौत के बाद ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार इसी जमीन पर किया था। ग्रामीणों की मंशा थी कि उक्त जमीन पर मंदिर का निर्माण कराया जाए। बुधवार को सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठे होकर मंदिर का निर्माण कराना शुरू कर दिया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य को रोकने के लिए कहा।

इस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा करते हुए परतावल-पिपराइच मार्ग को जाम कर दिया। थोड़ी ही देर में थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा शांत कराया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच काफी नोंकझोंक भी हुई। पुलिस ने इसकी जानकारी राजस्व विभाग को दी।

सूचना पाकर नायब तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, कानूनगो विजय तिवारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

# पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार हुआ

**हि फॉलोअप**

■ शेषफरेंदा में महिला की हत्या के बाद पड़ोसी के घर के बेड में मिला था शव

■ गला घोंटकर की गई थी महिला की हत्या, पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नौतनवा/खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव के टोला करमहिया पर बीते सोमवार को जसमती सहानी की गला घोटकर निर्मम हत्या पड़ोसियों ने कर दिया था। पोस्टमार्टम के बाद जसमती का शव मंगलवार की शाम गांव पहुंचा तो भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जसमती की हत्या गला घोंटने से हुई बताई जा रही है।

सोमवार को जसमती घर से बाहर निकली तो अचानक लापता हो गई। कुछ देर तक जब वह घर नहीं आई तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। जसमती का पति जितेंद्र साहनी भी ग्रामीणों के साथ गांव से लेकर खेत तक ढूंढना शुरू कर दिया। हालांकि इस बीच उसे संदेह हो गया कि पड़ोसियों ने ही उसकी पत्नी की हत्या कर लाश को जरूर कहीं छिपा दी होगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसी के कमरे के बेड वाले बॉक्स से जसमती की लाश बरामद की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला किसी दुपट्टे या रस्सी से कसने की बात सामने आई है।

**समूह की लीडर थी जसमती:** जसमती माइक्रोफाइनेंस कम्पनी समूह से रुपए की लेन-देन करती थी और गांव की समूह लीडर थी महिला समूह द्वारा कारोबार के लिए पैसा दिलाने में भी उसकी भूमिका अहम रहती थी। उसके तीन बच्चे बड़ा बेटा गोलू व शिवरतन एवं मोटू हैं। जबकि पति जितेंद्र साहनी पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के भैरहवां में मजदूरी करता है।

**डंडा नदी के रजिया घाट पर हुआ अंतिम संस्कार:** जसमती का शव पोस्टमार्टम के बाद पहुंचा तो परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार डंडा नदी पर रजिया घाट के पास कर दिया गया। गांव में तनाव का माहौल देख पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई। जिस घर से उसकी लाश मिली, वहां पुलिस फोर्स लगाई गई है।

**जसमती ने जिसको समझा हमदर्द, वही बनी मौत का कारण:** नौतनवा। जसमती के परिजनों व पड़ोसी के घर वालों के बीच सब कुछ सामान्य चल रहा था। जसमती की हत्या के आरोपी पड़ोसी संदीप साहनी की पत्नी मनोरमा से जसमती के बीच गहरी दोस्ती भी थी। लेकिन उसे क्या पता था कि हमदर्द ही उसे धोखा दे देगी। पुलिस की पूछताछ में एक-एक परत खुलने लगी है।

# टहल रही किशोरी से छेड़छाड़, केस

निचलौल। क्षेत्र के एक गांव में घर से बाहर टहल रही किशोरी के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में किशोरी के दादा ने बताया है कि वह अपनी नतिनी को साथ में लेकर घर के बाहर टहल रहा था। इस बीच युवक ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। । एसओ गौरव राव कन्नौजिया ने बताया कि किशोरी से छेड़खानी के आरोप में एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिले के युवक की गोरखपुर में गला रेतकर हत्या

**सिंदुरिया, हिन्दुस्तान संवाद।** सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के एक युवक के गोरखपुर में हत्या का मामला सामने आया है। युवक 27 सितंबर को घर से निकला था। तीस सितंबर को गोरखपुर रेलवे स्टेशन के समीप गोरखपुर पुलिस ने शव को लावारिश हालत में बरामद किया था। शव की पहचान के लिए गोरखपुर रेंज के सभी थाना में फोटो भेजा गया था। पुलिस द्वारा वायरल फोटो के आधार पर परिजनों ने शव की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद गोरखपुर से शव लाकर बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में परिजनों ने युवक की पत्नी पर ही हत्या कराने का अंदेशा जताया है। पुलिस का कहना है कि घटना उनके क्षेत्र का नहीं है। गोरखपुर जिले में शव बरामद हुआ है। वहीं की पुलिस इस मामले में विधिक कार्रवाई करेगी।


सूरज कन्नौजिया (फाइल फोटो)।

युवक की पहचान सिन्दुरिया थानाक्षेत्र के पिपरा कल्याण गांव निवासी सूरज कन्नौजिया पुत्र विदेशी (22) के रूप में हुई है। हत्या कर शव गोरखपुर रेलवे स्टेशन के समीप तीस सितंबर को बरामद हुआ था। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र की दो बच्चों की मां सूरज को अपने प्रेम जाल में फंसाने के बाद उसके साथ भाग कर मई शादी की थी। पिपरा कल्याण गांव में आकर सूरज के साथ रहने लगी। दो माह बाद वह घर छोड़कर फिर से भाग गई। सूरज काफी खोजबीन किया लेकिन किसी तरह पता चला कि वह गोरखपुर में रह रही है। उसके मोबाइल नंबर से उसे संपर्क किया तो वह 27 सितंबर को उसे गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास बुलाई थी। सूरज घर से यह कह कर गया कि पत्नी बुला रही है। मवह गोरखपुर जा रहा हूं और शाम को गोरखपुर निकल गया। 30 सितंबर को गोरखपुर में लाश मिलने पर युवक के फोटो को थानों के माध्यम से वायरल किया गया तो सिंदुरिया थाने से मिले फोटो के आधार पर परिवार तक पुलिस पहुंची। फोटो देख परिजनों ने सूरज की पहचान किया। गोरखपुर जाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर घर लेकर आए। दो अक्टूबर को दाह संस्कार कर दिया।

परिवार के लोगों का आरोप है कि उसकी पत्नी ने ही उसकी हत्या कराई है। क्योंकि पत्नी ने ही फोन करके परिवार वालों को बताई थी कि सूरज के सर पर चोट लगा है और वह बहुत परेशान है। इस पूरे घटना के दौरान पत्नी ने फोन पर बार-बार परिवार वालों से संपर्क किया है और घर पर नहीं आई है वह यह कह रही थी की लाश मिल गया है लाश का दाह संस्कार हो गया है लेकिन अभी तक वह घर पर नहीं आई है।

# सेब लदी डीसीएम कार से भिड़ने के बाद पोल से टकराई

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के जमुई कला में मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात एक सेव लदा डीसीएम घर के सामने खड़ी कार को टक्कर मरते हुए अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे टकरा गया। इससे कार का पिछला हिस्सा व बिजली का पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही कि घटना रात के डेढ़ बजे हुई, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस, कस्टम निचलौल व विद्युत विभाग ने मौके पर पहुंच जानकारी ली। बताया जा रहा है कि घटना ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुई।

मंगलवार की रात डेढ़ बजे सेव लदा डीसीएम ठूठीबारी से निचलौल की तरफ जा रहा था। अभी वह जमुई मुख्य मार्ग ब्रजेश पांडेय के मकान तक पहुंचा कि दरवाजे पर खड़ी उनकी कार से टकरा कर अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया।



पंजाबी और बालीवुड गायक बी प्राक के गीतों पर झूमे लोग, खचाखच भरा रहा पंडाल, कलाकारों की बेहतर प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# बी प्राक के गीतों पर महोत्सव में देर रात तक झूमे लोग

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। पंजाबी सिंगर, कंपोजर और म्यूजिक डायरेक्टर बी प्राक ने महराजगंज महोत्सव की दूसरी सुरीली रात को यादगार बना दिया। बालीवुड फिल्म केसरी के गाने तेरी मिट्टी के लिए 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर रहे बी प्राक ने मंच संभालते ही अपने खास अंदाज में लोगों को रिझाना शुरू किया। फिलहाल 2-मोहब्बत फिल्म के पापुलर गीत एक बात बताओ तो यादों में मरते हो, क्या तुम हमसे अब भी मोहब्बत करते हो...को जैसे ही बी प्राक की आवाज मिली लोग झूमने लगे।

दिल तोड़ के हो दिल तोड़ के हसती हो मेरा वफाएं मेरी याद करोगी, जरा सी दिल में दे जगह तू, जरा सा अपना ले बना...जो भेजी थी दुआ वो जाके आसमां से यूं टकरा गयी कि आ गयी है लौट के सदा...गानों के बोल पर पंडाल झूमता रहा। इसके बाद गीतों की जो श्रृंखला शुरू हुई देर तक चलती रही। लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बी प्राक का साथ दिया। पहली सुरीली रात की तरह बुधवार को दूसरे दिन भी शाम से ही लोगों का महोत्सव स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया था।

सभी दीर्घाएं खचाखच भर गईं। सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को लोगों को संभालने में भागदौड़ करते देखा गया। बी प्राक के आने से पहले ही उनके लिए मंच सज गया था। इससे पहले केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सुर संध्या का शुभारंभ किया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष रविकांत पटेल, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, डीएम अनुनय झा, एसपी सोमेन्द्र मीना, एडीएम डॉ. पंकज वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय मंच पर मौजूद रहे।

**महोत्सव में हस्तकला के हुनर को लगा पंख :** महराजगंज महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को ओडीओपी तहत लगे स्टॉलों पर हाथ से बनी वस्तुओं को देखने के लिए लोगों को भीड़ उमड़ पड़ी। महोत्सव में लोगों के लिए हाथी, घोड़ा, मां दुर्गा की मूर्तियां आकर्षण का केन्द्र बनी हैं। शिल्प ग्राम में मुरादाबाद की हाथ से बनी हुए वस्तुएं, मुबारकपुर आजमगढ़ की रेशमी साड़ियां आदि भी लोगों को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है।





महराजगंज महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते गायक बी प्राक,महोत्सव की दूसरी रात भी पूरा पंडाल खचाखच भरा रहा। • हिन्दुस्तान

## राज्यों के नृत्यों में दिखा कलर्स ऑफ इंडिया

महराजगंज, निज संवाददाता। महराजगंज महोत्सव के दूसरे दिन स्कूली छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश की सांस्कृतिक विविधता की झलक देखने को मिली। विभिन्न राज्यों की परंपराओं और नृत्य शैलियों को मंच पर सजीव कर, बच्चों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। हरियाणवी और मणिपुरी नृत्य के साथ कलर्स ऑफ इंडिया की भावना पूरी तरह से झलक रही थी।

महराजगंज महोत्सव के दूसरे दिन का सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियों से भरपूर रहा, जिसमें उन्होंने भारतीय कला, संस्कृति, नृत्य और संगीत के विविध रूपों को मंच पर प्रस्तुत किया। 25 स्कूलों के बच्चों ने अपनी लय, सुर, और ताल के समन्वय से इस महोत्सव को यादगार बना दिया। स्मार्ट स्कूल के बच्चों ने श्री गणेश पर समूह नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसके बाद प्राथमिक विद्यालय सिरौली के बच्चों ने जय हो गीत पर नृत्य कर समां बांध दिया। आरके सनशाइन स्कूल के बच्चों ने मिक्स सॉन्ग पर नृत्य किया, और पं. दीन दयाल इंटर कॉलेज की एक छात्रा ने घर मोरे परदेशिया गीत पर एकल नृत्य से सबका मन मोह लिया। कम्पोजिट विद्यालय सोहरौना तिवारी की छात्रा कृत्या ने हरियाणवी नृत्य से पूरे पांडाल को तालियों से गूंजा दिया।

**प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने तमिलनाडु की संस्कृति दिखाया**

अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय बागापार के बच्चों ने तमिलनाडु की पारंपरिक पोशाक पहनकर पोंगल गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें फसलों की कटाई के दौरान मनाए जाने वाले उत्सव को दर्शाया गया। इस प्रस्तुति को दर्शकों ने बहुत सराहा, जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ा। विजन एकेडमी के माइम व मलवरी कान्वेंट स्कूल सिसवा के बच्चों ने सान्वी पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। एकलव्य की कहानी, रामायण पर आधारित कार्यक्रम व पनघट पर राधिका गीत पर स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल, कम्पोजिट विद्यालय बागापार व सूर्य नारायण सिंह जनता इंटर कॉलेज भिटौली बाजार की छात्राओं ने समूह नृत्य से समां बांध दिया। सेंट थामस स्कूल घुघली, अमरावती देवी इंटर कालेज, स्वामी विवेकानंद, स्टैनफोर्ड इंग्लिश स्कूल, मोहन प्रसाद चिल्ड्रेन एकेडमी, एक्सल एकेडमी, पैरामाउंट,लिटिल ब्लासम स्कूल, आरके शनसाइन स्कूल,कम्पोजिट विद्यालय बरवा फहीम, दुर्गावती देवी इंटर कॉलेज भैसा, माडर्न पब्लिक स्कूल व ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल के बच्चों के समूह व एकल नृत्य को लोगों ने सराहा।



महोत्सव में मलवरी कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा सान्वी ने जब जब भगवा लहराता है, गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। • हिन्दुस्तान

### पास के लिए लोग कर रहे हैं सिफारिश

महराजगंज। महराजगंज महोत्सव में बैठने के लिए तीन कटेगरी बनाई गई है। ए, बी और सी। ए कटेगरी वीआईपी के लिए है। बी और सी कटेगरी आम जनता के लिए है। बिना पास के पंडाल के अंदर कुर्सी पर जाने की अनुमति नहीं है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा जारी पास के माध्यम से ही इंट्री है। इसमें पास को लेकर खूब सिफारिश चल रही है।

### गांधी एक सोच और बाल विवाह पर नाटक का मंचन

महराजगंज महोत्सव के मंच पर स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गांधी एक सोच विषय पर नाटक का मंचन किया। अमरावती देवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने बाल विवाह व आरके शनसाइन स्कूल के बच्चों ने गांधी पर आधारित नाटक से दर्शकों को गांधी जी की जीवनी से रूबरू कराया।

### स्थानीय कलाकारों ने भी मचाई धूम

महराजगंज महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार प्रहलाद साहनी, सत्यप्रकाश, गुलाम मसीवर अली, अमर अंजन, विद्यासागर ने अपने लोकगीत से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, अखिलेश पाठक जीतेन्द्र सिंह, आशीष सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित कराया।

### विधिक जानकारियों से रूबरू हुए लोग

महराजगंज। महराजगंज महोत्सव में शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश के 25 जनपदों के छोटे-बड़े कारोबारियों के स्टॉलों पर रखी गई सामानों को देखने को मिल रहे हैं। पर महोत्सव में दीवानी न्यायालय के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्टॉल लगाकर लोगों को कानूनी जानकारी देने का काम किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा स्टॉल पर पहुंचने वाले लोगों को विधिक जानकारी दी गई।

### सेल्फी के लिए लगी होड़

महराजगंज महोत्सव में आने वाले अधिकांश सेल्फी लेने की होड़ दिख रही है। मंच के सामने, गैलरी सामने, स्टाल के सामने, अपनों के बीच सेल्फी लेकर कार्यक्रम को यादगार बनने की कोशिश करते दिखे।

महराजगंज महोत्सव के दूसरे दिन सिर चढ़कर बोला बी प्राक के गीतों का जादू, देर रात तक गीतों पर थिरकते रहे लोग, जमकर बजीं तालियां

# बालीवुड सिंगर बी प्राक ने जमाया रंग, खनकती आवाज से गूंज उठा परिसर

अमर उजाला ब्यूरो, महराजगंज। महराजगंज महोत्सव का दूसरा दिन बॉलीवुड सिंगर बी प्राक के नाम रहा। ... में आयोजित बॉलीवुड संध्या में बी प्राक ने ऐसा रंग जमाया कि जहां दर्शक देर रात तक झूमते रहे, वहीं उनकी खनकती आवाज से पूरा परिसर गूंजता रहा।

[illegible]



महराजगंज महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रसिद्ध गायक बी-प्राक। • अमर उजाला



महराजगंज महोत्सव में बी-प्राक को सुनने के लिए उमड़ी भीड़। • अमर उजाला

[illegible]

# सोहगीबरवा में संकट, रोहुआ पर आठ नावें लगीं

## बृजमनगंज में भी जलस्तर बढ़ने से 12 गांव प्रभावित, भोजन मुहैया करा रहा प्रशासन



सोहगीबरवा के समीप रोहुआ नाले को नाव से पार करते ग्रामीण • जागरण



टूटे हुए गंडक नहर के तटबंध के रास्ते जंगल से आ रहा पानी • जागरण

जागरण संवाददाता, निचलौल: नारायणी नदी का जल स्तर बढ़ने से सोहगीबरवा गांव में घुसा बाढ़ का पानी अभी तक हट नहीं पाया है। जिसके चलते ग्रामीणों की दुश्वारी कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। रोहुआ नाले को पार करने के लिए प्रशासन की तरफ से आठ नाव लगाई गई है। बुधवार को पशुओं को खाने के लिए भूसा व नौ सौ परिवारों में बाढ़ राहत सामग्री पहुंचाई गई। ग्रामीण नाव से राहत सामग्री अपने घर ले गए। एसडीएम शैलेंद्र गौतम ने बताया कि गांव का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। लोगों की सुरक्षा के लिए टीम तैनात है। बाढ़ के कारण समस्याएं काफी बढ़ गईं हैं।

फुलमनहा संवाददाता के अनुसार, बृजमनगंज क्षेत्र के घोंघी नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों भर गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बुधवार को उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बाढ़ से प्रभावित गांव का निरीक्षण कर हाल जाना।

ग्राम पंचायत गुजरौलिया, सहजनवाबाबू, पृथ्वीपालगढ़, सौरहा, हाता बेला हरैया, हरैया मौलाही, बेला सहित अन्य गांव का निरीक्षण कर हाल जाना। उपजिलाधिकारी ने बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ गांव प्रभावित हुए है। ग्रामीणों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। कुछ गांव के मार्गों पर पानी है। अब जलस्तर घटने की संभावना है। बाढ़ प्रभावित गांव में फसलों का हुए क्षति का आंकलन कर शासन के मंशा के अनुसार मुआवजा उपलब्ध करवाया जाएगा।

नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, लेखपाल अशोक मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह, प्रधान बृजलाल यादव, विनोद गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सोनू सिंह, सुनील सहानी मौजूद रहे।

## मुख्य पश्चिमी गंडक नहर का तटबंध टूटा, बढ़ा खतरा

जागरण संवाददाता, बहुआर : निचलौल क्षेत्र के झुलनीपुर से निकलकर खड्डा को जाने वाली मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की जर्जर पटरी बुधवार को चंदा गुलरभार के पास पानी के दबाव में आकर टूट गई। मुख्य नहर की पटरी टूटने से जंगल में जमा पानी नहर में गिरने लगा। अब अगल-पास के किसानों को इस बात की चिंता सता रही है, कि जब नहर में पानी आएगा तो इस रास्ते वह फैलकर किसानों की फसलों और जंगल के लिए मुसीबत बनेगा। निचलौल क्षेत्र के जंगल में लंबे समय से हुई वर्षा से पानी जमा हो गया था। जिसके कारण नहर के बंधे पर दबाव बना हुआ था। बुधवार को अचानक चंदागुलरभार पुल से लगभग 50 मीटर तटबंध टूट गया। सिंचाई खंड प्रथम के महराजगंज डिवीजन एसडीओ इमरान आलम ने बताया कि नहर खाली थी। पानी के तेज दबाव बनाने से तटबंध टूट गया है। जल्द ही उसका मरम्मत करा दी जाएगी।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 162 का चालान

महराजगंज: विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 162 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति के आरोप में 162 वाहनों का चालान किया।

## 28 व्यक्तियों का चालान

महराजगंज: पुलिस ने शान्ति भंग की आशंका में 28 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा, जहां से उन्हें जमानत दे दी गई।

# दिनदहाड़े असलहा लगा नकदी व आभूषण लूटा

जासं, लार: उपनगर के घारी वार्ड में बुधवार को दिन-दहाड़े एक घर में घुसकर असलहा लगा पांच हजार रुपये नकदी व आभूषण बदमाश द्वारा लूटने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रही है।

घारी वार्ड के रहने वाले अर्जुन यादव का आरोप है कि बुधवार की दोपहर बरहज बजे कुछ बदमाश घर पहुंचे। घर पर केवल एक महिला ही थी। उसे असलहा बदमाशों ने लगा दिया और पांच हजार रुपये नकदी, सोना, चांदी के आभूषण लूट लिया। इसके बाद बदमाश फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई घटना की सूचना के बाद खलबली मच गई। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# खाद गड्ढे की भूमि पर मंदिर निर्माण को रुकवाया, रोड जाम

- समझाने पर ग्रामीणों ने समाप्त किया जाम, 50 के विरुद्ध मुकदमा
- पुलिस व ग्रामीणों में नोकझोंक, खाद गड्ढे की भूमि पर निर्माण के लिए अड़े थे ग्रामीण

जासं, मंगलपुर: श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के लखिमा के बगहिया पर स्थित खाद गड्ढे की भूमि पर हो रहे मंदिर निर्माण को पुलिस प्रशासन ने रोकवा दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए परतावल पिपराइच मार्ग को जाम कर हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस के काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा जाम समाप्त कराया। इस मामले में पुलिस ने चार नामजद सहित 50 ग्रामीणो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच मार्ग पर स्थित ग्राम सभा लखिमा के बगहिया टोले पर स्थित खाद गड्ढे के नाम से दर्ज भूमि पर कुछ वर्ष पूर्व गांव में हुए एक बंदर की मृत्यु के पश्चात ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार किया था। ग्रामीणों की मांग थी कि उक्त भूमि पर मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। बुधवार को सैकड़ों महिलाएं व पुरुष इकट्ठे होकर मंदिर का निर्माण कराना शुरू कर दिए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य को रोकने के लिए कहा। इसपर ग्रामीण उग्र हो गए और हंगामा करते हुए परतावल- पिपराइच मार्ग को जाम कर दिया। थोड़ी ही देर में थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा शांत कराया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने जानकारी राजस्व विभाग को दी। नायब तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, कानूनगो विजय तिवारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने बुझाने लगे। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। खाद गड्ढे की भूमि से अतिक्रमण हटवा दिया गया है। हल्का लेखपाल अल्का सिंह के तहरीर पर रामकृपाल पांडेय, दिग्विजय, प्रदीप निषाद सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ राजस्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



परतावल के लखिमा में मौजूद पुलिस व प्रशासन की टीम • जागरण

# विभिन्न थानों में 15 विवेचनाओं का किया गया निस्तारण

जासं, महराजगंज: जिले के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्रवाई करते हुए कुल 15 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि लंबित विवेचनाओं के तेजी से निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# भूमि विवाद में मारपीट, प्रधान समेत 5 पर केस

**खुटहा बाजार।** कोतवाली क्षेत्र के सराय खुटहां गांव में 28 सितंबर को भूमि विवाद में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने प्रधान समेत पांच पर केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली की ग्राम सराय खुटहां में 28 सितंबर को विवादित जमीन में ब्रह्मपुर गांव के ग्राम प्रधान सलीम जबरिया निर्माण कार्य करा रहे थे। धर्मेंद्र का लड़का और पत्नी सुनीता विरोध करते हुए न्यायालय का स्टे ऑर्डर दिखाने लगे। इस पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें सुनीता और पुत्र घायल हो गए। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय के अनुसार, आरोपी ग्राम प्रधान सलीम, बेटा मिराज, भाई अफजल, मोनू व अख्तर सहित पांच लोगों पर केस दर्ज हुआ है। संवाद

# चोरी के मामले में जुर्माना लगाया

**महराजगंज।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अपर सिविल जज प्रखर खंड महराजगंज असगर अली ने चोरी के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त जयप्रकाश, थाना पनियरा के खिलाफ 3000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी तरह आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त रामदेव थाना कोतवाली के खिलाफ 3000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा मारपीट, गाली गलौज व धमकी देने के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त रामरूप व नयन थाना कोठीभार को 3000-3000 रुपये का जुर्माना लगाया है। संवाद

# पुलिस की निगरानी में महिला का अंतिम संस्कार

**खनुआ।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव के टोला करमहिया पर बीते सोमवार को जसमती साहनी का बगल के घर में शव मिला था। मंगलवार देर शाम पुलिस की मौजूदगी में परिजन व ग्रामीणों ने डंडा नदी पर अंतिम संस्कार किया। पुलिस सोमवार रात से ही गांव में पूरी तरह पहरा दे रही है। खनुआ चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय के अनुसर, कोई अप्रिय घटना न घट जाए गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पहरा कर रही है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# नाबालिग छात्रा से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** स्कूल में परीक्षा देने जा रही एक नाबालिक छात्रा से अभियुक्त द्वारा छेड़खानी करते हुए बात करने का दबाव दिया गया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी 13 साल की नाबालिक बेटी क्षेत्र के एक इण्टर कालेज में पढ़ती है। जो परीक्षा देने के लिए बीते 30 सितम्बर को जा रही थी, कि कालेज के सामने ही अभियुक्त राज गोस्वामी ने उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा और बात चीत करने का दबाव बनाने लगा। जिसका छात्रा द्वारा विरोध करने पर से जान से मारने की धमकी दी। मामले में लालगंज पुलिस ने आरोपी राज गोस्वामी पुत्र शीत बसन्त निवासी खखरा अमानाबाद थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 74, 352, 351(2) बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र गोड़सरा तथा रायपुर गांव के बीच में बुधवार की देर सायं चकरोड के पास एक बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैव गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों से पूंछतांछ की । सूचना पर पहुंचे आसपास के क्षेत्रीय लोगो से शव की पहचान करायाी गयी। प्रभारी निरीक्षक छावनी अनिल कुमार दूवे ने बताया कि शव की पहचान थाना क्षेत्र के छतौना गाँव निवासी हीरा पुत्र तुलसी उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में हुयी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने की विधिक कार्यवाई कार्यवाही की जा रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा।

# महिला से सोने के कंगन की ठगी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** आटो से आते समय एक महिला को अज्ञात लोगो ने अपने ठगी का शिकार बना लिया और उसका सोने का कंगन लेकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में महिला के दामाद की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगो पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गल गल्लामंडी गांधीनगर से रिक्शे पर बैठकर उर्मिला देवी बरनवाल कहीं जा रही थी। इसी बीच चार अज्ञात लोगो ने उनके साथ धोखाधड़ी कर दो सोने का कंगन ठग लिया, जिसकी कीमत करीब 2 लाख रूपये थी। मामले में उर्मिला देवी के दामाद ध्रुव धीमन पुत्र शिवमूरत निवासी गावगोड़िया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात ठगो के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसला कर किशोरी को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने की पुलिस को एक व्यक्ति ने लिखित रूप से शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी 24 साल के बेटी को विपक्षी वाजिद अली उर्फ बड़कू द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में कलवारी पुलिस ने अभियुक्त वाजिद अली उर्फ बड़कू निवासी सरैया बुजुर्ग थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से वाल्टरगंज थाने की पुलिस को भी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 साल की बेटी को अभियुक्त श्याम करन आर्या नाम का युवक बहला फुलसा कर अपने साथ भगा ले गया और घर में रखा था। परिजनों द्वारा अभियुक्त के घर से ही लड़की को बरामद किया , जिसे पीड़ित थाने लेकर पहुंचा है। मामले में पुलिस ने आरोपी श्याम करन आर्या के विरुद्ध धारा 137(2), 87 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चोरी, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** जिगना चौराहा स्थित पेट्रोल पम्प के पास खड़ी एक ट्रैक्टर व ट्राली को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। इस सम्बन्ध में ट्रैक्टर स्वामिनी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत जिगिना स्थित एचपी पेट्रोल पम्प के पास लालगंज क्षेत्र के बरौंहिया गांव निवासी आशिफ अपना ट्रैक्टर स्वराज 960 एफई संख्या यूपी 51 बीबी 6440 को खड़ा किया था। सुबह जब वह गाड़ी के पास पहुचा तो ट्रैक्टर ट्राली मौके पर मौजूद नहीं मिला। काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नही चला। इस सम्बन्ध में ट्रैक्टर की स्वामिनी आमिना खातून पत्नी यार मोहम्मद निवासी बरौंहिया थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कल रैली निकालेंगे रोजगार सेवक

**बस्ती (एसएनबी)।** ग्राम रोजगार सेवक एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर नियमितीकरण व अपनी विभिन्न मांगों सहित मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों के हित में की गयी घोषणाओं को लागू करवाने के लिए 4 अक्टूबर को किसान डिग्री कलेज से रैली निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए ग्राम रोजगार सेवक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्याम करन यादव ने बताया कि पूरे जनपद के ग्राम रोजगार सेवक जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलन्द करेगें। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित किशोर यादव ने जनपद के सभी ग्राम रोजगार सेवकों से धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# नशे में की मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** शराब पीकर अभियुक्त एक व्यक्ति को गालियां दे रहा था। जिसका विरोध करने पर अभियुक्त व उसका बेटा तथा भाई ने मिलकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानान्तर्गत नौना गावं के रहने वाले कालिका प्रसाद को गांव के ही घनश्याम दारू पीकर आये और गालियां देने लगे। जिसका कालिका प्रसाद ने विरोध किया तो घनश्याम का छोटा बेटा व भाई महेश द्वारा ईंट तथा लात मुक्का से मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित कालिका प्रसाद तिवारी पुत्र पतेश्वरी प्रसाद तिवारी निवासी नौना थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी घनश्याम पुत्र रामचन्दर, महेश पुत्र राचन्दर , घनश्याम का छोटा लड़का निवासीगण नौना थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 125, 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जेई को तत्काल हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे नपं अध्यक्ष

**हरैया(एसएनबी)।** विद्युत विभाग के अवर अभियंता और विद्युत कर्मियो की कार्यप्रणाली से नाराज नगर पंचायत के अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू ने बुधवार को प्रातः विद्युत उप केंद्र पर समर्थको के साथ पहुंचकर धरने पर बैठ गए।आक्रोशित समर्थकों ने जे ई के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत की आपूर्ति बंद करा दिया।धरने पर बैठने और आपूर्ति ठप होने की जानकारी मिलते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए।उप केंद्र पर करीब डेढ़ घंटे तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता एम के सोनकर द्वारा जेई का स्थानांतरण एक सप्ताह में करने का आश्वासन दिए जाने पर चेयरमैन ने धरना समाप्त कर दिया।

हरैंया टाउन में इन दिनों आर डी एस एस कंपनी द्वारा खुले तारो को हटाकर इंसुलेटेड वायर केबल लगाने के लिए सभी वार्डो में खंभे लगाने का कार्य चल रहा है।आए दिन खंभों को गाड़ने के लिए हो रही खुदाई के कारण टाउन में जलापूर्ति के लिए डाली गई पाइप क्षति ग्रस्त होने से जलआपूर्ति बाधित हो गया।जलापूर्ति न होने से परेशान नागरिकों ने जब नगर पंचायत अध्यक्ष को समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने संबंधित कंपनी के ठेकेदार से बात कर सावधानी पूर्वक कार्य करने और नगर पंचायत के जलकल कर्मियो से सहयोग लेकर ही खंभे गाड़ने के लिए खुदाई करने को कहा।उसके बाद भी ठेकेदार और उनके कर्मचारी मनमानी करते रहे।मंगलवार को हनुमानगढ़ी नगर वार्ड में खुदाई करते समय पाइप क्षतिग्रस्त हो गई तो कई वार्डो में जलापूर्ति ठप हो गई।इसको लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जब अवर अभियंता ष्ण मोहन यादव से लापरवाही न बरतने को कहा तो उन्होंने गैर जिम्मेदाराना जबाव दिया।इसी बात से नाराज चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू समर्थक सभासदों धर्मध्वज सिंह पप्पू,संगल चाैहान,कुलदीप श्रीवास्तव,राहुल सिंह,दुर्गेश सोनकर,सत्य प्रकाश सहित दर्जनों लोगों के साथ बुधवार को प्रातः सब स्टेशन पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया।नगर पंचायत की विद्युत आपूर्ति ठप कराते हुए अवर अभियंता के विरुद्ध नारबाजी किया।चेयरमैन के धरना देने और आपूर्ति ठप होने की सूचना मिलने के डेढ़ घंटे बाद विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सोनकर मौके पर पहुँचे।उनसे वार्ता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने जे ई पर कई गंभीर आरोप लगाए। चेयरमैन जेई के स्थानांतरण की मांग को लेकर लेकर अड़ गए। एस ई ने एक सप्ताह में जेई को हटाने का आश्वासन दिया उसके बाद धरना समाप्त हो गया।अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जे ई पर लगाए गए आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए है।जांच के बाद कार्यवाही तय है।



विद्युत उपकेन्द्र पर धरना देते चेयरमैन और उनके समर्थक।

**आक्रोशित समर्थकों ने बंद कराया फीडर,ठप हुई आपूर्ति**

**मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता ने**

**एक सप्ताह में जेई को हटाने का आश्वासन देकर समाप्त कराया धरना**

# युवक को कार से घसीटने का आरोपी गिरफ्तार

छावनी (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। छावनी पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के आरोपी कार चालक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। बीते शुक्रवार/शनिवार की देर रात चौकड़ी टोल प्लाजा पर कार में फंसकर गंभीर रूप से घायल युवक के गिरने का मामला सामने आया था। कार चालक भाग निकला था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार आरोपी कार के चालक ने टोल से पहले सड़क हादसे की बात कबूली है। थाना प्रभारी विजय कुमार दूबे ने बताया कि जांच-पड़ताल में सड़क हादसे की पुष्टि हो रही है। फोरेंसिक टीम को कार के साइलेंसर में मांस के टुकड़े और कपड़े फंसे होने के साक्ष्य मिले है।



छावनी पुलिस की गिरफ्त में हरदोई का आरोपी कार चालक पंकज।

- जिले के छावनी के चौकड़ी टोल प्लाजा के पास गंभीर हाल में मिला था युवक
- पूछताछ को हरदोई से बुलाए गए चालक पंकज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छावनी पुलिस ने घटना में आरोपित कार के चालक पंकज कुमार अवस्थी निवासी चांदी पुरवा, थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई को पूछताछ के लिए बुलाया था। उसे छावनी थाने से ही गिरफ्तार कर लिया गया। कार चालक पंकज ने छावनी पुलिस को बताया कि टोल प्लाजा से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले एक युवक उसकी गाड़ी से टकरा गया था। यही गाड़ी के नीचे फंसकर घिसटता रहा। चौकड़ी टोल प्लाजा पहुंचने तक वह कार के नीचे फंसा रहा। टोल का भुगतान कर आगे बढ़ते ही कार के नीचे से युवक गिर गया था। कार चालक की मानें तो वह इस बात से अनभिज्ञ था और कार लेकर हरदोई चला गया था। इस घटनाा की पुलिस ने छानबीन शुरू की। टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छावनी पुलिस ने कार को ट्रेस किया। कार हरदोई जिले के पेट्रोप पंप मालिक प्रभात वर्मा की निकली। कार मालिक से पूछताछ के बाद कार चालक पंकज तक पुलिस पहुंच गई। पुलिस के अनुसार आरोपी डीसीएम चलाता है। घटना के दिन वह पेट्रोल पंप मालिक की कार लेकर गोरखपुर से हरदोई जा रहा था।

# घर से निकला बालक लापता, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** घर से निकला एक लड़का देर शाम तक घर वापस नही लौटा। जिसकी परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं कुछ पता नही चला। इस सम्बन्ध में लड़के के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुटी है। कलवारी थानाक्षेत्र के गौरा गांव निवासी अरविन्द यादव का बेटा सुमित (15) घर से बिना कुछ बताये निकला और लापता हो गया। लड़के की परिजनों द्वारा आस पास व नात रिस्तेदारो में काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं कुछ पता नही चला। मामले में कलवारी पुलिस ने पीड़ित अरविन्द यादव पुत्र छोटेलाल यादव की तहरीर पर गुमशुदगी की धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दुष्कर्म मामले में वांछित गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को नगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए संबंधित न्यायालय के सम्मुख पेश किया है।

जानकारी के अनुसार नगर थाने पर दुष्कर्म के एक मामले में पुलिस ने अभियुक्त चन्द्र प्रकाश उर्फ कालियां नाम के व्यक्ति के विरुद्ध धारा धारा 70(1), 87, 140(1), 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। मामले में आरोपित चन्द्र प्रकाश पुलिस से छिपकर रह रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। बुधवार को मुखबिर से नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त चन्द्र प्रकाश नगर बाजार की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने नगर बाजार स्थित तिरहे से घेराबन्दी कर वांछित अभियुक्त चन्द्र प्रकाश उर्फ कालिया पुत्र सन्तराम उर्फ खर्चु निवासी मिश्रवलिया धीस थाना परसरामपुर को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए पकड़े गये अभियुक्त को संबंधित न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नगर उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के साथ मुख्य आरक्षी महेन्द्र यादव, आरक्षी मंजीत यादव थाना नगर शामिल रहे।



# निर्माण कार्य का सामान लेकर फरार तीन पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** अभियुक्तो द्वारा एक साइट पर चल रहे निर्माण कार्य का सामान चार पहिया वाहन में भरकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाने के पुलिस को लिखित तहरीर देकर आनन्द नगर कटरा निवासी बृजेश पाल पुत्र कृष्ण बहादुर पाल ने आरोप लगाया कि थानाक्षेत्र के पिपरौला स्थित पम्प हाउस के बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसका कान्ट्रैक्ट लखीमपुर खीरी जनपद के रहने वाले दो सगे भाई महताब व मुस्ताक ने लिया था। उन्होंने बताया कि बीते 22 सितम्बर को महताब व मुस्ताक बिना उसे बताये साइट से पानी वाला होण्डा, ढुलाई कार्य में लगा एक ठेला, पांच फावड़ा, तीन कुदाल, एक गैस सिलेण्डर, एक गलेन्डर मशीन, एक मिक्सर मशीन, दस पीस तसला पिकअप वाहन संख्या एमएच 48 एवाई 7973 पर लोड करके फरार हो गये, जिसमें पिकप चालक महेश कुमार दूवे भी शामिल था। मामले में नगर पुलिस ने आरोपी महताब, मुस्ताक पुत्रगण लाला निवासी फिरोजाबाद कटौली थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी तथा चालक महेश कुमार दूबे के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कार की ठोकर से बाइक सवार दो घायल

**दुबौलिया(एसएनबी)।** राम जानकी मार्ग पर डेईडीहा पेट्रोल पम्प के पास कार ने बाइक में ठोकर मार दिया जिससे पति पत्नी घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कलवारी भेजा गया है। जानकारी दुबौलिया थाना क्षेत्र के सैनिया निवासी प्रेमनाथ चौधरी अपनी पत्नी इन्द्रावती के साथ कलवारी की तरफ जा रहे थे। पीछे से कार बाइक में ठोकर मारते हुए पेट्रोल पम्प के डिवाडर पर चढ़ गई। बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद चौकी इंचार्ज डेईडीहा प्यारे लाल ने पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कलवारी भेजवा दिया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# बन्दर ने कईयों को किया घायल

**बस्ती (एसएनबी)।** बिगड़ैल बन्दर के आतंक से पगार क्षेत्र के तमाम लोग परेषान है। पिछले दो सप्ताह से बन्दर ने कई लोगो को काटकर उन्हें जख्मी कर दिया है। बीते दो सप्ताह में लालगंज थानाक्षेत्र के पगार खास, आम कोईल, बरौंहिया व पिपरा सहित कई गावों में बिगड़ैल बन्दर का आतंक मचा हुआ है। बन्दर ने कई लोगो को काट भी लिया है। जिससे उनका उपचार चल रहा है। लोगो ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है, लेकिन सप्ताहभर बाद भी वन विभाग बिगड़ैल बन्दर को पकड़ नही पाया है।

# एटीएम बदलकर रूपये निकाले, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक उपभोक्ता से जालसाज ने एटीएम बदल लिया और उसके खाते से हजारो रूपये की निकासी कर डाली। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानाक्षेत्र के महुआपार गांव निवासी मोहम्मद अकबाल पुत्र तहसीलदार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कुसौरा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में पैसा निकालने के लिए गया था। जहां से अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम बदल लिया और पासवर्ड जानकारी कर खाते से 30 हजार रूपये की निकासी कर ली। मामले में कलवारी पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 316(2), 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एटीएम बदलकर 30 हजार रुपये निकाले

बस्ती। कलवारी पुलिस ने एटीएम बदलकर 30 हजार रुपये के गोलमाल के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के महुआपार निवासी मोहम्मद अकबाल का आरोप है कि बीस सितंबर को एसबीआई कुसौरा बाजार के एटीएम पर एक व्यक्ति ने धोखे से उनका कार्ड बदल लिया।

# किशोर लापता

बस्ती। कलवारी पुलिस ने रहस्यमय ढंग से किशोर के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। कलवारी निवासी अरविन्द यादव ने बताया है कि उनका 15 वर्षीय बेटा एक सितंबर को घर से कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका।



शहीद स्थल पर माल्यार्पण करते एडीएम प्रतिपाल सिंह चौपाल और एएसपी ओपी सिंह।

# सहकारी गन्ना समितियों का मतदान आज

बस्ती। सहकारी गन्ना समितियों के डेलीगेट का तीन अक्तूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। सात गन्ना समितियों में से छह के डेलीगेटों व प्रतिनिधियों का निर्वाचन होगा। इसके लिए विकास भवन में कार्यशाला हुई। निर्वाचन व सहायक निर्वाचन अधिकारियों व बूथ कार्मिकों को उनके ड्यूटी व कार्य के बारे में बताया गया। एआर कोऑपरेटिव आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बस्ती में सात सहकारी गन्ना समिति हैं। बस्ती सहकारी गन्ना समिति में सभी डेलीगेट निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव

घघौवा। छावनी थाना क्षेत्र गोड़सरा गांव के पास बुधवार की देर सायं चकरोड के पास एक बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैव गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों से पूंछतांछ की। सूचना पर पहुंचे आसपास के क्षेत्रीय लोगो से शव की पहचान करायी गयी। प्रभारी निरीक्षक छावनी विजय कुमार ने बताया कि शव की पहचान थाना क्षेत्र के छितौना निवासी हीरा पुत्र तुलसी उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में हुयी है।

# जेई के खिलाफ धरने पर बैठे अध्यक्ष व सभासद

हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत हर्रैया में चल रहे विद्युतीकरण कार्य में बिजली विभाग के जेई के मनमाने रवैये को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने सभासदों के साथ बुधवार सुबह दस बजे हर्रैया विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया। नगरीय क्षेत्र के जेई कृष्ण मोहन यादव व ग्रामीण मनोज कुमार गुप्ता के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया।

अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बिजली विभाग जेई कृष्ण मोहन यादव व ठेकेदार पर नगर पंचायत में मनमाने ढंग से कार्य करने का आरोप लगाया है। बताया कि हर्रैया कस्बे में विद्युत विभाग स्थानीय निकाय से बिना एनओसी लिए विद्युत पोल लगा रहा है। पोल लगाते समय मशीन से गड्ढा खुदाई के दौरान पेयजल की पाइपलाइन जगह-जगह टूट जा रही है। हनुमानगढ़ी वार्ड में तीन दिन से पेयजल की आपूर्ति बंद है। धरना की सूचना पर दोपहर एक बजे विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सोनकर उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने अध्यक्ष से लम्बी वार्तालाप कर उनकी मांगों पर एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। चेयरमैन ने बताया कि नगरीय जेई कृष्ण मोहन यादव व ग्रामीण क्षेत्र जेई मनोज गुप्ता को यहां से हटाने व पेयजल की टूटी पाइपलाइन को ठीक करने के लिए आश्वासन दिया है। जिला पंचायत सदस्य सुरेश चौधरी, सभासद धर्मध्वज सिंह, पाटन चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



विद्युत उपकेंद्र हर्रैया पर धरना-प्रदर्शन करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य।

- हर्रैया कस्बे में विद्युतीकरण के दौरान पाइपलाइन टूटने से जलापूर्ति हुई ठप
- हनुमानगढ़ी वार्ड में तीन दिन से पेयजल की आपूर्ति है बंद

# मकान की दीवार काटकर सेन्दुरिया में हुई चोरी

महादेवा। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के सेन्दुरिया गांव में रामकिशुन के घर में चोरी हो गई। वह अपने भाई के मृत्य पर शामिल होने के लिए परिवार के साथ चंडीगढ़ गए थे। वापस लौटे तो देखा कि घर के अंदर का सामान बिखरा है। रामकिशुन के अनुसार घर में रखा 80 हजार का बर्तन, जेवर, 60 हजार नगदी सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि चोरी हो गया। रामकिशुन ने ग्राम प्रधान और मुण्डेरवा थाने पर घटना की सूचना दी। यह चोरी दीवार काटकर की गई है।

# वैन ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति घायल

दुबौलिया। थानाक्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर शाम चार बजे के करीब पेट्रोल-पंप के पास वैन व बाइक में टक्कर हो गई, जिसमें दंपति घायल हो गये। दोनों को सीएचसी कलवारी भेजा गया। पुलिस के अनुसार सैनिया गांव के प्रेमनाथ चौधरी पत्नी इन्द्रावती के साथ कलवारी की तरफ जा रहे थे। पीछे से वैन अनियंत्रित होकर बाइक को ठोकर मारते हुए पेट्रोल पंप के डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसमें बाइक सवार दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नौकरी के नाम पर 1.65 लाख का गोलमाल

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज किया है। इसी थाने के येरता निवासी तिलकराम का आरोप है कि उनकी बेटी को विपक्षी ने सीएचसी परसरामपुर में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके बाद विभिन्न तिथियों में एक लाख 65 हजार रुपये धोखाधड़ी कर ले लिया। नौकरी नहीं लगने पर पैसा वापस मांगा तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी अखंड सिंह निवासी सुरैना थाना परसरामपुर के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कुर्क होगी तेलियाडीह धर्मस्थल की विवादित जमीन, पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

**सख्ती**

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज कस्बे के तेलियाडीह में धर्मस्थल बनाए जाने को लेकर उपजे विवाद के बाद पुलिस प्रशासन से शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसडीएम हरैया ने उक्त विवादित जमीन के लिए पुलिस से 126/125 की रिपोर्ट तलब करने के बाद विवादित जमीन को कुर्क करने का नोटिस कप्तानगंज पुलिस के माध्यम से बुधवार की देर शाम चस्पा कराया है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया की नोटिस चस्पा कर दिया गया है, कार्रवाई चल रही है।

मामला कप्तानगंज थानाक्षेत्र के तेलियाडीह कस्बे का है। उक्त कस्बे में एक समुदाय की ओर से धर्मस्थल का निर्माण कराया जा रहा था. विरोध होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला था। रात्रि में ही क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और निर्माण को बंद करवा दिया था। एसडीएम हरैया ने पुलिस से 126/125 की रिपोर्ट मांगी थी। उक्त मामले में पुलिस ने 7 लोगों को धारा 164 (1) के तहत पाबंद कर चुकी है। विवादित स्थल की वजह से संघीय अपराध होने की संभावना को देखते हुए 164 की कार्रवाई पूरी होने के बाद धारा 165 के तहत कुर्क करने का आदेश दिया गया है। कप्तानगंज थाने की महाराजगंज चौकी पुलिस ने बुधवार की देर शाम विवादित स्थल पर नोटिस चस्पा किया है।

एसडीएम हरैया विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि विवादित जमीन को कुर्क का आदेश दे दिया गया है। इस बाबत एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि जमीन को कुर्क किया जाएगा, शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

अंडरग्राउंड हुए भाजपा नेता नागेश सिंह का नहीं लगा सुराग, इनाम घोषित करने के लिए एसओ नगर ने एसपी को भेजी है फाइल

# शक्ति हत्याकांड में क्राइम सीन से पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

**फॉलोअप**

- दुबौलिया थाना क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे बोरे में भरकर फेंका मिला था शव
- भाजपा नेता समेत अन्य पर दर्ज है मुकदमा, एक आरोपी की हुई है गिरफ्तारी

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। शक्ति सिंह मर्डर केस में साक्ष्य संकलन के लिए सीओ कलवारी व थानाध्यक्ष नगर की टीम बुधवार को क्राइम सीन पर पहुंची। क्राइम सीन तक पहुंचने के रास्ते पर बसे लोगों से पूछताछ के साथ ही बंधे के पास के गांवों में भी पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस के अनुसार शव बरामदगी के बाद घटनास्थल पर पहुंचे लोगों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि बंधे से लेकर ठोकर तक काफी खून पसरा दिख रहा था। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि बंधे के पास ही शक्ति सिंह के शव को मौत के घाट उतारा गया। दूसरी तरफ मुख्यारोपी फरार भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह समेत फरार चल रहे पांचों आरोपितों की तलाश अब भी जारी है।

आरोपितों के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी कराने के बाद अब पुलिस इनाम की घोषणा करने की तैयारी में है। हत्याकांड में राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह के अलावा विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अजय यादव व सोहन यादव का नाम भी सामने आ चुका है। अभी तक आरोपी मनोज शुक्ला को ही गिरफ्तार किया जा सका है। पुलिस लखनऊ से लेकर बस्ती तक सभी संभावित ठिकानों पर पुलिसिया दबिश देने में जुटी है। थाने की दो टीमों के साथ ही एसओजी, स्वॉट व सर्विलांस को भी आरोपितों को ट्रेस करने में लगाया गया है। नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का अपहरण कर हत्या करने और शव छिपाने के आरोप में पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे और भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चार को नामजद व अन्य पर खिलाफ केस दर्ज हुआ है। अब तक की जांच में हत्याकांड में शामिल कुल छह लोगों का नाम सामने आ चुका है। शक्ति की हत्या को पांच दशक पुरानी रंजिश चलते अंजाम देने का दावा लगातार किया जा रहा है। भाजपा नेता नागेश के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को कब्जे में ले चुकी पुलिस को अभी तक इसका पासवर्ड नहीं मिल सका है। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी का कहना है कि साक्ष्य संकलन के साथ फरार आरोपितों की धरपकड़ में पुलिस टीमों को लगाया गया है।



दुबौलिया थाना क्षेत्र में क्राइम सीन से बुधवार को साक्ष्य संकलन करने पहुंचे सीओ और थानेदार। • हिन्दुस्तान

## फरार आरोपितों पर पुलिस ने किया इनाम घोषित, दो की हिरासत में होने की चर्चा

बस्ती। शक्ति सिंह मर्डर केस में फरार चल रहे आरोपितों पर बुधवार की शाम एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित कर दिया। वहीं नामजद दो आरोपितों को बुधवार की शाम हिरासत में लिए जाने की चर्चा काफी तेज रही। हालांकि पुलिस अफसरों ने इसकी पुष्टि नहीं की। हत्याकांड में राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह के अलावा विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अजय यादव व सोहन यादव का नाम भी सामने आ चुका है। अभी तक आरोपी मनोज शुक्ला को ही गिरफ्तार किया जा सका है।

## 24 की रात तेज रफ्तार स्कार्पियो गुजरी थी

क्राइम सीन की तफतीश करने पहुंची पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। पुलिस के अनुसार 24 सितंबर की रात शक्ति सिंह को रानीपुर गेट से अगवा किया गया था। पूरे घटनाक्रम को दो घंटे के भीतर अंजाम दिया गया। रानीपुर से दुबौलिया स्थित घटनास्थल को जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले सड़क किनारे बसे गांव के कुछ लोगों से भी टीम ने पूछताछ की। इसमें पता चला कि 24 सितंबर की रात एक तेज रफ्तार स्कार्पियो गाड़ी सड़क से गुजरी थी। इसके चलते सिंचाई के लिए लगा पाइप कट गया था। करीब एक घंटे बाद यही गाड़ी को लौटते हुए देखा गया था। पुलिस को शक है कि इसी गाड़ी से शक्ति सिंह को ले जाया गया। मौत के घाट उतारने के बाद शव को बोरे में भरकर सरयू नदी में फेंक दिया गया था।

आयुक्त कार्यालय, कलक्ट्रेट व विकास भवन में ध्वजारोहरण के बाद आयोजित हुई संगोष्ठी, एकता-अखंडता की शपथ ली

# गांधी-शास्त्री के आदर्श को जीवन में उतारे युवा पीढ़ी

**जयंती**

बस्ती, निज संवाददाता। महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आयुक्त कार्यालय, कलक्ट्रेट सहित पूरे जिले में समारोहपूर्वक मनाई गई। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रगान गान के साथ राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलायी गई।

मंडलायुक्त कार्यालय पर आयुक्त अखिलेश सिंह ने ध्वजारोहण के बाद एकता-अखंडता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों में आत्मिक बल था। अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पाण्डेय ने कहा कि गांधी के आदर्श को आत्मसात करते हुए आत्मचिन्तन करें। इस दौरान संत कुमार, आत्मप्रकाश बाजपेयी, वीके पाण्डेय, समरजीत यादव ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जीजीआईसी की छात्राओं ने शिक्षिका इन्दिरा श्रीवास्तव ने भजन गाया। कलक्ट्रेट में महात्मा गांधी की जयंती पर डीएम ने ध्वजारोहण किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शान्ति, अहिंसा के पथ पर आगे बढ़ते हुए गांधी ने देश को आजादी दिलाई। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ सहायक अशोक मिश्र ने किया। इस दौरान एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, एसडीएम मनोज कुमार, रश्मि यादव, एओ गिरिजेश पाल, जितेन्द्र आदि उपस्थित रहे। विकास भवन में सीडीओ जयदेव सीएस ने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। पीडी राजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

**स्कूलों में ध्वजारोहण कर गांधी-शास्त्री को किया याद :** पुनीत साइंस एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर गांधी तथा शास्त्री के त्याग व समर्पण को बताया। प्रधानाचार्य राजेश श्रीवास्तव ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। छात्रों के बीच पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। आराध्या सिंह, तनु गुप्ता, यासमीन, अंचल गुप्ता, मीना, सुप्रिया गुप्ता, नीलम चौधरी आदि की भागीदारी रही। इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस्ती में प्रबंधक कैलाशनाथ दुबे व प्रधानाचार्य आरके उस्मानी ने झंडारोहण किया। रमेश मिश्रा, प्रेम कुमार श्रीवास्तव, विनोद उपाध्याय, अलका श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, हर्षित मिश्रा आदि उपस्थित रहे। पूरी किड्स पचपेड़िया में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राएं गांधी व शास्त्री के ड्रेस में प्रतिभाग किया। प्रबंधक अमरमणि पांडेय व प्रधानाचार्या अर्चना पांडेय, दिव्या, नीलम, केबी लाल, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहीं। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग में शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के बलिया संभाग निरीक्षक कन्हैया चौबे ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य गोविंद सिंह ने महत्ता पर प्रकाश डाला। जीआरएस इंटर कॉलेज, जीजीआईसी के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। बेगम खैर गर्ल्स में प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकली। आशिफा खातून, अंजुम परवीन, नुसरत फात्मा, सावित्री उपाध्याय, प्रेमलता आदि की भागीदारी रही।

**ग्रामीण क्षेत्र में गांधी-शास्त्री जयंती की रही धूम :** कप्तानगंज संवाद रामधनी सिंह लोहरा देवी राजकीय महाविद्यालय में गांधी जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ. आर्येन्दु द्विवेदी, एसो. प्रोफेसर वीरेंद्र प्रसाद, डॉ. प्रदीप सिंह ने गांधी दर्शन पर प्रकाश डाला। अनिल कुमार, सोनम चौरसिया, विपिन शर्मा आदि उपस्थित रहे। गनेशपुर संवाद आरआर मेमोरियल ब्राइट चिल्ड्रेन एकेडमी में पंकज विश्वकर्मा के नेतृत्व में जयंती मनी। रुधौली संवाद तहसील परिसर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद ने ध्वजारोहण किया। थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, सीएचसी रुधौली में अधीक्षक डॉ. आनंद मिश्रा, ब्लॉक पर बीडियो विनय द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत रुधौली में अध्यक्ष धीरसेन निषाद, ग्रैक्सिस विद्यापीठ रुधौली में प्रबंधक सुशांत पांडेय, जय माता रानी श्रीमती धनशीरा पीजी कॉलेज करमिया रुधौली में प्रबंधक दूधलाल, महेश प्रताप इंटर कॉलेज रुधौली में प्रबंधक प्रदीप सिंह ने ध्वजारोहण किया। छावनी संवाद के अनुसार छावनी के शहीद स्मारक पर साफ सफाई हुई। मुख्य बाजार छावनी में हुड़दंग ग्रुप ने प्रदर्शन किया।



बुधवार को इंडियन पब्लिक स्कूल में माल्यार्पण कर मनाई गई गांधी-शास्त्री की जयंती। •हिन्दुस्तान



पुलिस लाइन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती अवसर पर सलामी देते एसपी व अन्य। •हिन्दुस्तान

## कांग्रेस ने महान विभूतियों को किया याद

कटेश्वर पार्क स्थित कांग्रेस दफ्तर पर जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा कि गांधी केवल एक नाम नहीं दर्शन है। वरिष्ठ नेता देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा भारत युगों-युगों तक गांधी व शास्त्री का ऋणी रहेगा। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, डॉ. आलोक रंजन वर्मा, प्रशान्त पाण्डेय, लालजीत पहलवान, मो. अशरफ अली, गिरजेश पाल आदि उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम व कुष्ठाश्रम में हुए विविध आयोजन

बीएसए अनूप कुमार के नेतृत्व में के स्थानीय वृद्धाश्रम में फल तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। बीएसए ने झंडारोहण किया। कार्यक्रम न केवल गांधी जयंती और शास्त्री जयंती का सम्मान था, बल्कि समाज में बुजुर्गों की सेवा की आवश्यकता को भी दर्शाता है। बीईओ विनोद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने कुष्ठ आश्रम में कोषाध्यक्ष डॉ. अनिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रोगियों में खाद्य वस्तुएं व दवाइयों का वितरण किया।

## एसपी ने एकता व अखंडता की दिलाई शपथ

बस्ती। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने बुधवार को गांधी और शास्त्री की जयंती पर अफसरों व कर्मियों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। एसपी कार्यालय पर एएसपी ओपी सिंह व सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी की मौजूदगी में शपथ दिलाई गई।

# खुद को पुलिस बता उड़ाए महिला के कंगन

**टप्पेबाजी**

- शहर कोतवाली क्षेत्र की घटना, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस
- रिक्शे पर बैठकर जाते वक्त चार व्यक्तियों ने महिला को बातों में उलझाया

बस्ती, निज संवाददाता। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मार्ग पर खुद को पुलिस वाला बताकर उच्चक्के एक बुजुर्ग महिला से सोने के दो कंगन ले उड़े। दोनों कंगन की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। चार की संख्या में आए बदमाशों की हरकत एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि चार बदमाशों के खिलाफ झांसा देकर सोने के कंगन लेकर भाग जाने पर केस दर्ज कर लिया गया है।

शहर कोतवाली के गांवगोड़िया निवासी ध्रुव धीमन ने तहरीर में बताया है कि उनकी सास उर्मिला बरनवाल की उम्र करीब 75 साल है। वह अक्सर बाजार मोहल्ले के ही रहने वाले एक रिक्शेवाले के साथ जाया करती है। बीते 29 अगस्त की सुबह वह कुछ काम से गांधीनगर स्थित गल्ला मंडी गई थीं। यहां से रिक्शा पर लौट रही थीं। उनके अनुसार थोड़ा आगे बढ़ने पर दो बाइक पर सवार चार लोग आए और खुद को पुलिसवाला बताते हुए बातचीत करने लगे। सभी ने सादे कपड़े पहने हुए थे। बोले कि शहर में चोर सक्रिय है और आप खुलेआम सोने का कंगन पहनकर रिक्शे से जा रही है। इसे उतार कर अंदर रखिए।

इसके बाद उर्मिला बरनवाल ने हाथ से सोने के कंगन निकाले और उसे अपने हैंड बैग में रख लिया। इस पर आपत्ति जताते हुए उच्चक्कों ने कहा कि ऐसे कंगन में मत रखिए और यह कहते हुए कंगन कागज में लपटने के नाम पर ले लिया। इसके बाद कागज में दूसरा कंगन लपेट कर उन्हें दे दिया और असली दोनों कंगन लेकर चंपत हो गए। घटनाक्रम से सहमी उर्मिला ने इसकी जानकारी परिवारीजनों को दी। सूचना पाकर पुलिस भी थोड़ी देर में पहुंच गई। घटनास्थल के पास स्थित एक दुकान के सीसीटीवी फुटेज में घटनाक्रम कैद हो गया है। पुलिस इसकी मदद से बदमाशों को ट्रेस करने में जुटी है।

# एनपीएस नहीं ओपीएस की बात करे सरकार

बस्ती। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल के बस्ती पहुंचने पर शिक्षकों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। शिविर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार व मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। कहा कि संगठन ही पार्टी की ताकत है। सांगठनिक मजबूती से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा शिक्षकों की समस्याओं व मांगों को लेकर संगठन लगातार संघर्षरत है। वित्तविहीन शिक्षकों व शिक्षामित्रों को राजकोष से सम्मानजनक मानदेय दिए जाने की मांग की। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद चौधरी, तफज्जुल हुसेन, श्रीनाथ विश्वकर्मा, विद्वेश यादव, मो. वसीम, डॉ. फूलदेव यादव आदि उपस्थित रहे।

# जेई की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट चेयरमैन ने दिया धरना

## कस्बे में विद्युतीकरण के लिए पानी की पाइपलाइन टूटने से जलापूर्ति ठप होने की शिकायत के दौरान बिगड़ी बात

**जागरण संवाददाता, हरैया:** हरैया नगर पंचायत में जर्जर विद्युत तार व पोल को बदलने के लिए चल रहे विद्युतीकरण कार्य में हरैया विद्युत विभाग के जेई पर मनमानी का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह सभासदों के साथ मंगलवार को सुबह 10 बजे हरैया विद्युत उपकेंद्र पर धरने पर बैठ गए। इसके बाद नगरीय क्षेत्र के जेई कृष्ण मोहन यादव व ग्रामीण जेई मनोज कुमार गुप्ता के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। वह अवर अभियंता को तत्काल हटाने व पाइपलाइन व्यवस्था ठीक कराने की मांगों को लेकर अड़े रहे।

चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नगर पंचायत में बिजली विभाग अवर अभियंता कृष्ण मोहन यादव व ठीकेदार बिना नगर पंचायत के एनओसी के मनमाने ढंग से विद्युतीकरण कार्य कर रहे हैं। जिस कारण मशीन से पोल की गड्ढा खुदाई के दौरान पेयजल की पाइपलाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो जा रही है, जिससे हनुमानगढ़ी वार्ड में तीन दिन से पेयजल की आपूर्ति बंद है। नागरिक परेशान हैं। धरना की सूचना पर दोपहर एक बजे विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सोनकर पहुंचकर चेयरमैन से वार्तालाप कर उनकी मांगों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया। चेयरमैन ने बताया कि नगरीय जेई कृष्ण मोहन यादव व ग्रामीण क्षेत्र जेई मनोज गुप्ता को यहां से हटाने व पाइपलाइन को ठीक करने के लिए नौ अक्टूबर तक आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेश चौधरी, सभासद धर्मध्वज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



विद्युत उपकेंद्र हरैया में अवर अभियंता पर अभद्रता का आरोप लगाने के बाद धरना देते नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू व समर्थक • जागरण

# जांच में सामने आए दो और नाम, इनाम घोषित

## शव को ठिकाने लगाने में शामिल थे दोनों आरोपित, पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी जारी

### शक्ति सिंह हत्याकांड

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अयोध्या में विवादित ढांचा गिराने के आरोपित रहे बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक रहे रमेश प्रताप सिंह के बेटे शक्ति की अपहरण के बाद हत्या में नामजद चार आरोपित युवकों के अलावा दो और नाम सामने आए हैं। इसमें सोहन दुबौलिया थाना क्षेत्र के उमरिया गांव का रहने वाला है, जबकि दूसरा अजय कुमार यादव कलवारी थाना क्षेत्र के बैष्णोंपुर गांव का निवासी बताया गया है। चार नामजद के अलावा घटना की तफ्तीश में सामने आए दोनों युवक भी लक्जरी कार में बोरे में रख कर शक्ति के शव को ठिकाने लगाने में शामिल बताए गए हैं। फरार चल रहे पांच आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 15-15 हजार के इनाम की घोषणा की है।



शक्ति सिंह फाइल फोटो



दुबौलिया थाना क्षेत्र का सरयू के तटबंध पर जांच करते पुलिस कर्मी • जागरण

बता दें कि पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह व उसके साथियों ने पहले रानीपुर बेलाड़ी गांव के गेट से शक्ति का अपहरण कर लिया था।

आरोप है कि अपहरण के बाद उसकी हत्या कर शव को आलू के बोरी में भरकर उसमें पत्थर डाल कर दुबौलिया थाना क्षेत्र के तटबंध के किनारे नदी में फेंक दिया गया था। पुलिस ने अपहरण के तीसरे दिन शव को बरामद कर मोर्चरी में रखवा दिया था। शक्ति के भाई विक्रम सिंह ने मोर्चरी में शव की पहचान अपने भाई शक्ति के रूप में की थी।

नगर पुलिस ने भाई की तहरीर पूर्व विधायक राना कृष्णकिंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह, मनोज शुक्ला समेत अन्य लोगों पर अपहरण व हत्या करके शव को ठिकाने लगाने का मुकदमा दर्ज किया था।

### आलू की बोरी को खाली करने का मिला फुटेज

राना नागेश के घर मिले सीसी कैमरे में एक बोरी में आलू रखा हुआ था। उसी बोरी से आलू बाहर निकालते समय का फुटेज पाया गया। पुलिस के अनुसार वही बोरी जहां पुलिस ने शक्ति सिंह का शव बरामद किया था, पाया। बताते चलें कि शक्ति के शव आधा भाग जूट के बोरे में और आधा भाग प्लास्टिक के बोरे से ढका हुआ पाया गया था। लगातार मिल रहे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य ने मुख्य आरोपित राना व साथियों की मुश्किलें बढ़ा दी है।

### शैलेश की तलाश में गोरखपुर पहुंची पुलिस

गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र निवासी शक्ति सिंह के हत्यारोपित शैलेश सिंह की तलाश में पुलिस की एक टीम दिन भर गोरखपुर में उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी करती रही। हालांकि वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके।

"आरोपितों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए पुलिस की संयुक्त टीमों के साथ छापेमारी लगातार जारी है। सभी आरोपित पकड़े जाएंगे। चार नामजद के अलावा दो अन्य आरोपित अजय यादव व सोहन के नाम जांच-पड़ताल में सामने आ चुके हैं। फरार पांच आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए 15-15 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

**गोपाल कृष्ण चौधरी, पुलिस अधीक्षक, बस्ती**



पुलिस लाइन में शपथ दिलाते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • सौ.स्वयं

संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने शिक्षिका इन्दिरा श्रीवास्तव के नेतृत्व में गांधी जी का प्रियभजन रघुपति राघव राजाराम, वैष्णवजन तेने कहिए तथा राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किया। सुन्दर एवं आकर्षक प्रस्तुति के लिए मंडलायुक्त ने छात्राओं एवं शिक्षिका को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बजरंग बली पांडेय, शैलेष श्रीवास्तव, सुहेल अहमद, अनुपम चौधरी, रमेश चन्द्र, संदीप यादव, सौरभ कुमार, अमन उपाध्याय सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्र कार्यालय में ध्वजरोहण किया। गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर

# रेलवे ट्रैक पर गश्त कर किया जागरूक

जागरण संवाददाता, बस्ती: रेल दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए थाना गौर पुलिस, जीआरपी व रेलवे सुरक्षा बल द्वारा थाना गौर क्षेत्र के पगडंडी कच्चा मार्ग होते हुए टिनिच बाजार की तरफ रेलवे लाइन पार कर जा रहे लोगों को उनकी जानमाल की सुरक्षा व सतर्कता के लिए बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। रेलवे लाइन पार नहीं करने, रेलवे ढाला खुले होने के दौरान बने हुए मार्ग से ही आवागमन करने का अनुरोध किया गया।



गौर थाना क्षेत्र में लोगों को रेल सुरक्षा के प्रति जागरूक करती संयुक्त टीम• जागरण

रेलवे ट्रैक के किनारे निवास करने वाले ग्रामीण व राहगीरों को पूर्व में हुए घटनाओं एवं ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को बुलाकर रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने संबंधित बरती जाने वाली सावधानी के बारे में जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों को बताया गया कि रेल लाइन सुरक्षा व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों से इसमें सहयोग की अपील की गई। जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने के लिए मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया गया।

## पांच को मिलेगी सम्मान निधि योजना की 18वीं निधि

बस्ती: भारत सरकार की ओर से पांच अक्टूबर को वैसल वाशिम महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त का हस्तांतरण किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। यह जानकारी संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने दी है। बताया कि मंडल के समस्त उप कृषि निदेशक, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र को निर्देशित किया है कि सभी लोग कार्यक्रम के प्रसारण के लिए खंड कार्यालयों व बीज भंडारों पर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

# अवैध पार्किंग, अतिक्रमण पर दी चेतावनी

जासं, बस्ती: प्रभारी यातायात मय पुलिस फोर्स के साथ रोडवेज चौराहा, मालवीय चौराहा व गांधीनगर पर बेतरतीब ढंग से लगे चार पहिया, दो पहिया वाहनों, सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़ी फल एवं सब्जी के ठेलों को रोड से हटाया गया। इस दौरान ठेले व दुकानें न लगाने की हिदायत दी गई। टीएसआइ अवधेश तिवारी ने बताया कि बुधवार को देर शाम रोडवेज चौराहा, मालवीय चौराहा एवं गांधीनगर पर ड्यूटी में



बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन व ठेला न लगाने को हिदायत देते टीएसआइ• जागरण

लगे सभी कर्मचारियों को ब्रीफ कर स्पष्ट चेतावनी दी गई कि सड़क पर कोई भी वाहन, फल एवं सब्जी के ठेलों को नहीं लगने दिया जाए। सड़क किनारे आटो, बाइक व चार पहिया खड़ा कर यातायात बाधित न करें।

# स्कूल जाते वक्त छात्रा से छेड़खानी, केस

बस्ती। लालगंज पुलिस ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने व धमकाने के मामले में बुधवार को केस दर्ज किया है।

13 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी परीक्षा देने 30 सितंबर को स्कूल जा रही थी। आरोप है कि स्कूल के सामने आरोपी ने बेटी का हाथ पकड़कर छेड़खानी की।

बातचीत करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इस बात पर धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी बाल अपचारी है। संवाद



परिक्षेत्र कार्यालय पर गोष्ठी को संबोधित करते आइजी आरके भारद्वाज • सौ.विभाग

माल्यार्पण किया। पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी के 155वें जन्म दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। सामूहिक राष्ट्रगान के बाद एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभाकक्ष में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शांति, अहिंसा के पथ पर आगे बढते हुए गांधी जी ने देश को आजादी दिलाई। आज विविधता में एकता स्थापित करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए तथा उनके संदेश को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए, जिससे की गांधी जी का सपना साकार हो सके।

# पीड़िता बरामद, आरोपित गिरफ्तार

जासं, गनेशपुर: वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को उसी गांव का एक युवक बहला फुसलाकर अपने घर भगा ले गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज मोतीचंद ने बताया कि आरोपित श्याम करण आर्य को बरहुआ ढेकी मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

**कार चालक गिरफ्तार**

छावनी: थाना क्षेत्र के चौकड़ी टोल प्लाजा पर कार से हुई मृत्यु के मामले में कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कार चालक पंकज कुमार अवस्थी निवासी चांदीपुरवा, थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई की तलाश पुलिस कई दिनों से कर रही थी। गाड़ी के नबंर से ट्रेस कर पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर कोर्ट रवाना कर दिया है।

**एटीएम कार्ड बदल कर उड़ाए 30 हजार रुपये**

बस्ती: कलवारी थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम कुसौरा बाजार में रुपया निकालने गए मो. अकबाल का एटीएम कार्ड बदल कर किसी ने 30 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

## यह था शक्ति सिंह के अपहरण व हत्याकांड का घटनाक्रम

24 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट में दाह संस्कार में गए शक्ति का अपहरण, 25 सितंबर को भाई विक्रम सिंह ने नगर थाने में दी गुमशुदगी की दी तहरीर, 26 सितंबर को दुबौलिया थाना क्षेत्र में सरयू के तटबंध पर शव मिला, 27 सितंबर को शव का पोस्टमार्टम हुआ, पीटकर की गई हत्या का मिली रिपोर्ट, 28 सितंबर को हत्या में शामिल एक आरोपित मनोज को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

# युवती, किशोर व दो किशोरियां अलग-अलग स्थानों से अगवा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक युवती, किशोर व दो किशोरियों के अगवा कर लिए जाने की घटना सामने आई है। कलवारी थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोर के अगवा किए जाने के मामले में पिता अरविंद यादव की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र से ही 24 वर्षीय युवती के अगवा किए जाने पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने वाजिद अली उर्फ बड़कू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर श्याम करन आर्या के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी को आरोपित के घर से बरामद कर लिया गया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी के अगवा किए जाने के मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर अभय चौधरी के विरुद्ध केस पुलिस ने दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

**नगर बाजार (बस्ती)।** पुलिस ने दुष्कर्म व एससीएसटी एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के एक गांव की युवती से दुष्कर्म के आरोप में चंद्र प्रकाश उर्फ कालिया निवासी मिश्रौलिया धीश थाना परशुरामपुर पर केस दर्ज कराया गया था। आरोपी कई माह से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। संवाद

# मछली न देने पर मारपीट में केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के बहेरिया निवासी रामचन्दर उर्फ मिठाऊ ने तहरीर में बताया है कि वह गांव के पास गढही में मछली मार रहा था।

आरोप है कि तभी विपक्षी आए और मछली मांगने लगे। उसके पास मछली नहीं थी, लिहाजा उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी।

पुलिस ने बरगाह बिलौड़ी निवासी संतोष राजभर व जय कुमार राजभर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र गोड़सरा गांव के पास बुधवार की देर शाम चकरोड के पास एक वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। सूचना पर पहुंचे आसपास के क्षेत्रीय लोगों से शव की पहचान कराई गई।

प्रभारी निरीक्षक छावनी विजय कुमार ने बताया कि शव की पहचान थाना क्षेत्र के छितौना निवासी हीरा पुत्र तुलसी के रूप में हुई है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा।

उधर, बुजुर्ग का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मगर, पुलिस छानबीन में जुट गई है। परिवार के लोग कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। संवाद

# महिला को झांसा देकर सोने के दो कंगन ले उड़े उचक्के

## रिक्शे पर जा रही महिला को बातों में उलझा कर वारदात को दिया अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। शहर में उचक्कों की गतिविधियों पर नकेल डालने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मार्ग का है।

चार उचक्के एक बुजुर्ग महिला से दो लाख रुपये कीमत के सोने के दो कंगन उड़ा दिए। उचक्कों की हरकत एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में भी आ चुकी है।

शहर कोतवाली के गांवगोड़िया निवासी ध्रुव धीमन ने तहरीर में बताया है कि उनकी 75 वर्षीय सास उर्मिला बरनवाल अक्सर बाजार मोहल्ले के रहने वाले एक रिक्शे वाले के साथ जाया करती हैं।

29 अगस्त की सुबह वह गांधीनगर स्थित गल्ला मंडी गई थीं। रिक्शे से लौटते समय दो बाइक पर सवार चार लोग आए। बोले कि शहर में चोर सक्रिय हैं और आप खुलेआम सोने का कंगन पहनकर रिक्शे से जा रही हैं। इसे अंदर रख लीजिए।

उर्मिला ने हाथ से सोने के कंगन निकालकर हैंड बैग में रख लिया। इस पर आपत्ति जताते हुए उचक्कों ने कहा कि ऐसे कंगन में मत रखिए और यह कहते हुए कंगन कागज में लपटने के नाम पर ले लिया। कागज में दूसरा कंगन लपेट कर उन्हें दे दिया और असली कंगन लेकर फरार हो गए।

घटनाक्रम से सहमी उर्मिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। सूचना पाकर पुलिस भी थोड़ी देर में पहुंच गई। कोतवाल राणा देवेंद्र सिंह ने बताया कि चार बदमाशों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### चोरी के मामले में केस

बस्ती। नगर थाना क्षेत्र के पिपरौला से उपकरण आदि चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के कटरा निवासी बृजेश पाल का आरोप है कि उनकी पिपरौला स्थित साइट से पानी वाला हौंडा, ठेला, फावड़ा, कुदाल, गैस सिलिंडर, गलेंडर आदि सामान पिकअप वाहन पर चोर लादकर करे फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लखीमपुर खीरी निवासी महताब, मुस्ताक के अलावा महेश कुमार दूबे पता अज्ञात पर केस दर्ज किया है। संवाद

### बेतरतीब खड़े वाहनों पर होगी कार्रवाई

बस्ती। शहर में बुधवार को रोड के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े चार पहिया/दो पहिया वाहनों, फल एवं सब्जी के ठेलों को रोड से हटाया गया। यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी ने रोड के किनारे दुकानें न लगाने की हिदायत दी। रोडवेज चौराहा, मालवीय चौराहा एवं गांधीनगर पर ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया कि रोड के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े चार पहिया दो पहिया वाहन,फल एवं सब्जी के ठेलो को ना लगने दें। यह भी सुनिश्चित करें कि रोड किनारे कोई भी ई-रिक्शा ऑटो मोटरसाइकिल एवं फोर व्हीलर ना खड़ा करें। जिससे कि यातायात व्यवस्था बाधित हो सभी मुख्य आरक्षी को निर्देशित किया कि ना मानने पर प्रवर्तन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। संवाद

# नौकरी के नाम पर 1.65 लाख रुपये की धोखाधड़ी

बस्ती। सीएचसी परशुरामपुर में स्टॉफ नर्स की नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपये लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

इसी थाने के येरता निवासी तिलकराम का आरोप है कि उनकी बेटी को आरोपी ने सीएचसी परशुरामपुर में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके बाद विभिन्न तिथियों में एक लाख 65 हजार रुपये ले लिए। नौकरी न लगने पर वापस मांगा तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी अखंड सिंह निवासी सुरैना थाना परशुरामपुर पर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। संवाद

# बिजली दफ्तर पर धरने पर बैठ गए चेयरमैन

## खंभे लगाने में क्षतिग्रस्त हो रही जलापूर्ति की पाइपलाइन को लेकर नाराज थे चेयरमैन

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैंया।** विद्युत के जेई और कर्मचारियों की कार्यशैली से नाराज नगर पंचायत हरैंया के चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू बुधवार को उपकेंद्र पर बुधवार की सुबह धरने पर बैठ गए।

इससे विभागीय अधिकारियों के हाथ-पांव फूलने लगे। आक्रोशित समर्थकों ने जेई के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत फीडर की आपूर्ति बंद करा दी। उपकेंद्र पर करीब डेढ़ घंटे तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता एमके सोनकर के जेई का स्थानांतरण एक सप्ताह में करने के आश्वासन पर चेयरमैन ने धरना समाप्त कर दिया।



उपकेंद्र पर धरने पर बैठे चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह व अन्य। स्रोत विज्ञप्ति

कस्बे में इन दिनों आरडीएसएस कंपनी की ओर से खुले तारों को हटाकर इंसुलेटेड केबल लगाने के लिए सभी वार्डों में खंभे लगाए जा रहे है। खंभों को लगाने के लिए हो रही खोदाई के कारण आए दिन नगर में जलापूर्ति के लिए डाली गई पाइपलाइन क्षति ग्रस्त हो रही है। इससे आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इस बारे में लोगों ने जब नगर पंचायत के अध्यक्ष को अवगत कराया तो उन्होंने संबंधित कंपनी के ठेकेदार से बात कर सावधानी पूर्वक कार्य करने और नगर पंचायत के जलकल कर्मियों से सहयोग लेकर ही खंभे लगाने को कहा।

इसके बाद भी ठेकेदार और उनके कर्मी मनमानी करते रहे। मंगलवार को हनुमानगढ़ी नगर वार्ड में खोदाई करते समय पाइप क्षतिग्रस्त हो गई तो कई वार्डों में जलापूर्ति ठप हो गई। इसको लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जब अवर

### अधीक्षण अभियंता के आश्वासन के बाद धरने से डटे चेयरमैन

अभियंता कृष्ण मोहन यादव से लापरवाही न बरतने को कहा तो उन्होंने गैर जिम्मेदाराना जवाब दिया। इसी बात से नाराज चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू समर्थक सभासदों धर्मध्वज सिंह पप्पू, संगल चौहान, कुलदीप श्रीवास्तव, राहुल सिंह सहित दर्जनों लोगों के साथ बुधवार की सुबह उपकेंद्र पर धरना शुरू कर दिया।

करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सोनकर से वार्ता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने जेई पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि जब तक जेई को हटाया नहीं जाता, तब तक वह धरने पर डटे रहेंगे। अधीक्षण अभियंता ने एक सप्ताह में जेई को हटाने के आश्वासन दिया।

# आईजी व एसपी ने एकता अखंडता की दिलाई शपथ



पुलिस लाइंस में कर्मियों को शपथ दिलाते एसपी। स्रोत विभाग

**बस्ती।** आईजी आरके भारद्वाज और एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर अफसरों व कर्मियों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई।

दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सत्मार्ग के रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

एसपी कार्यालय पर एएसपी ओपी सिंह व सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी की मौजूदगी में महापुरुषों को नमन कर शपथ दिलाई गई। क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य मौजूद रहे। संवाद

# कार में फंसे युवक को घसीटने का आरोपी चालक गिरफ्तार

## 26 सितंबर की रात छावनी टोल पर घायल मिला था युवक, कार से टक्कर के बाद नीचे फंस गया था

संवाद न्यूज एजेंसी

**छावनी (बस्ती)।** छावनी पुलिस ने हरदोई जिले के कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। उस पर आरोप है कि कार के सामने आए युवक को टक्कर मार दिया।

युवक कार के नीचे फंस गया था। घायल की मदद के बजाय कार चालक घसीटते हुए छावनी टोल पर पहुंचा था। घायल की इलाज के दौरान सीएचसी हर्रैया में मौत हो गई थी। टोल कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था।

प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने बताया कि कार बरामद की जा चुकी है। चालक पंकज कुमार अवस्थी पुनिवासी चंडी पुरवा थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर

### पुलिस ने कहा- आरोपी कार चालक हरदोई जिले का है रहने वाला

चौकड़ी टोल प्लाजा के लेन नंबर-सात के सामने 26 सितंबर की रात एक युवक गंभीर हालत में पाया गया था। उस समय बताया गया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से करीब 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

रविवार को सोशल मीडिया पर खबर फैली कि उस युवक को कार से फेंका गया था। इसके बाद पुलिस ने बयान जारी किया कि उसे कार से फेंका नहीं गया था, बल्कि हादसे के बाद वह कार में फंस गया था।

चालक ने कार रोके बिना भाग रहा था। छावनी टोल के ब्रेकर पर कार के उछलने के बाद नीचे फंसा युवक सड़क पर गिर गया था।

उसे जिंदा हालत में हर्रैया सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी।

# दो फरार आरोपियों के घर पुलिस की दबिश

## शक्ति हत्याकांड: सरयू तटबंध पर पत्थर तलाश करने पहुंची पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बहुचर्चित शक्ति सिंह हत्याकांड की तफ्तीश कर रही पुलिस टीम बुधवार को कलवारी थाने के उमरिया और दुबौलिया थानाक्षेत्र के वैष्णवपुर गांव में वांछित आरोपियों के घर छानबीन करने पहुंची।

शक्ति हत्याकांड में नामजद दो आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है।

साथ ही टीम घटना स्थल पर भी साक्ष्य जुटने पहुंची। वहां पर वह पत्थर तलाश करती रही, जिससे पीटकर हत्या की बात सामने आई है। वह पत्थर मिला या नहीं, पुलिस ने इस बावत कोई जानकारी नहीं दे रही है। उधर, दो अन्य नामजद आरोपियों के सरेंडर करने की भी चर्चा देर रात तक चलती रही। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई।

इससे पहले इस केस में विवेचक ने फरार आरोपियों पर पुरस्कार घोषित करने के लिए एसपी को रिपोर्ट दिया था। जिसमें अभी आदेश नहीं हुआ है। अब तक सिर्फ एक आरोपी मनोज शुक्ल को ही पुलिस गिरफ्तार कर पाई है।

बता दें कि नगर थानाक्षेत्र के रानीपुर बेलाड़ी निवासी शक्ति सिंह की हत्या करके दुबौलिया थानाक्षेत्र के सैफाबाद बंधे के किनारे सरयू नदी में फेंक दिया गया था। 26 सितंबर को सुबह मवेशी चरा रहे ग्रामीण और मछली का शिकार करने वाले वहां पहुंचे तो तटबंध के पत्थरों पर खून देखा। शक होने पर आसपास नजर दौड़ाने लगे तो पानी में बोरे में भरा हुआ कुछ दिखाई दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो बोरे में युवक का शव मिला। बाद में उसकी पहचान शक्ति सिंह के रूप में हुई। शाम को उसके भाई विक्रम सिंह ने तहरीर देकर गांव के नागेश सिंह ने रवि सिंह,शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला आदि पर केस दर्ज कराया। आरोप लगाया कि इन लोगों ने 24 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट से शक्ति का अपहरण किया था। इसके बाद उसकी हत्या करके शव सरयू नदी में फेंक दिए थे। संयोग से बोरा किनारे टिक गया था और उसमें से 26 सितंबर को शव मिला।

# रेल दुर्घटनाओं के प्रति किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

## रेलवे ढाला खुले होने पर ही आवागमन करने की सलाह

**बस्ती।** गौर पुलिस, जीआरपी व रेलवे पुलिस बल ने रेल दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को अभियान चलाया। टीम ने टिनिच बाजार में रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले लोगों को नियमों की जानकारी दी।

टीम के सदस्यों ने कहा कि जान माल की सुरक्षा के लिए रेलवे लाइन क्रॉस नहीं करना चाहिए। रेलवे ढाला खुले होने पर ही बने मार्ग से आवागमन करने की सलाह दी। लोगों से रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने संबंधित बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया।

बताया गया कि रेल लाइन, क्रॉसिंग, सुरक्षा व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से संवाद के लिए मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया गया।

# 162 प्रत्याशियों के भाग्य का आज फैसला करेंगे मतदाता

## सहकारी गन्ना समिति बभनान: 428 प्रत्याशी चुने जा चुके हैं निर्विरोध

संवाद न्यूज एजेंसी

**बभनान।** बभनान गन्ना समित चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई हैं। 162 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला बृहस्पतिवार को 6509 मतदाता करेंगे। चुनाव के लिए बूथ निर्माण सहित अन्य तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है।

बुधवार की सुबह से ही बभनान गन्न समित परिसर में चुनाव लड़ने वाले लोग चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए समिति परिसर में डटे रहे। बभनान गन्ना समिति का चुनाव इस बार काफी चर्चा में है।

सहकारी गन्ना समिति बभनान में 89 डेलीगेट पदों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। 162 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 6509 मतदाता करेंगे।



बभनान गन्ना समिति परिसर में बनाया गया मतदान बूथ। संवाद

बता दें कि सरकारी गन्ना समिति बभनान क्षेत्र में 558 डेली गेट पद स्वीकृत है। इनमें से 89 डेलीगेट पदों पर चुनाव होना है। अब तक 428 डेलीगेट निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। 41 डेलीगेट पद ऐसे हैं, जहां से किसी ने नाम नामांकन पत्र दाखिल तक नहीं किया है।

इस बाबत सहकारी गन्ना समिति बभनान के निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि 89 डेलीगेट पद के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के उपरांत मतों की गणना व परिणाम घोषित किए जाएंगे।

समिति परिसर में ही टेंट लगाकर 66 बूथ बनाए गए हैं। यहीं पर डेली गेटों के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार सुबह 8:00 से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा।

# कार सवार बैटरी चोरों को पकड़ेगी स्वॉट टीम

**कप्तानगंज (बस्ती)।** कस्बे में हुई बैटरी चोरी के मामले में स्वॉट टीम को भी लगा दी गई है। टीम बुधवार को चौराहे से लेकर फोरलेन पर कई जगहों पर सीसीटीवी फुटेज को दिनभर खंगालती रही। माना जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के पहले चोरों ने दुकान की रेकी की होगी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दो कार घटनास्थल के पास रुकी थीं। सूत्रों की मानें तो जिस जगह पर बैटरी की दुकान है, वहां बिना किसी स्थानीय गिरोह के सहयोग से चोरी की नहीं हो सकती। सड़क से गुजरने वाले आम आदमी को वह दुकान दिखाई ही नहीं पड़ती। पुलिस हर बिंदुओं पर नजर रखे हुए है।कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस टीम लगातार काम कर रही हैं जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# कैंडल मार्च निकाल आतंकवाद का किया विरोध

**बेवां (एसएनबी)**। डुमरियागंज क्षेत्र के शिया बहुल्य गांव हल्लौर में हिजबुल्लाह के नेता व शिया धर्म गुरु हसन नसरुल्लाह की शहादत पर एक मजलिस का आयोजन किया गया। मौलाना सरकार हुसैन जैदी ने इस मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि हसन नसरुल्लाह का जीवन जालिमों का विरोध और मजलूमों का साथ देने का प्रतीक है। उन्होंने हिजबुल्ला को आतंकवाद विरोधी संगठन बताया और कहा कि फिलिस्तीन में इजराइल के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले हसन नसरुल्लाह को इजराइल ने शहीद कर दिया। मौलाना ने कहा कि मोहर्रम में हम लोग कर्बला की घटना के माध्यम से जुल्म और आतंकवाद का विरोध करते हैं। मजलिस के बाद एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया जो गांव के इमामबाड़ा वक्फ शाह आलमगीर सानी से शुरू होकर इमामबाड़ा अबू नादिर तक पहुंचा। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने आतंकवाद विरोधी नारे लगाए।साथ ही लोगों को फिलिस्तीन में हो रहे जुल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्श के लिए जागरूक भी किया। इस दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, तशबीब हसन, कसीम रिजवी, मोहम्मद शबाब रिजवी, तस्कीन रिजवी अज्जू, कैफी, सराफत, कामियाब, शाहरुख, सलमान, कामरान, इंतेजार, शारिब, मंजर, पप्पू, मोहम्मद, राजू, अरमान, असगर आदि उपस्थित रहे। हसन सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# शिया धर्मगुरु की शहादत पर कैंडल मार्च

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज क्षेत्र के शिया बहुल्य गांव हल्लौर में मंगलवार की रात हिजबुल्लाह के नेता व शिया धर्मगुरु हसन नसरुल्लाह की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस के बाद कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद के प्रति विरोध जताया गया।




शिया धर्मगुरु व हिजबुल्लाह नेता की शहादत पर हल्लौर में कैंडल मार्च निकाल कर आतंकवाद का विरोध जताते लोग। ● हिन्दुस्तान

मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सरकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि हसन नसरुल्लाह का जीवन जालिमों का विरोध और मजलूमों का साथ देने का प्रतीक है। उन्होंने हिजबुल्ला को आतंकवाद विरोधी संगठन बताया और कहा कि फिलिस्तीन में इजराइल के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले हसन नसरुल्लाह को इजराइल ने शहीद कर दिया। मजलिस के बाद कैंडल मार्च निकाला गया जो इमामबाड़ा वक्फ शाह आलमगीर सानी से शुरू होकर इमामबाड़ा अबू नादिर तक पहुंचा। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने आतंकवाद विरोधी नारे लगाए। लोगों को फिलिस्तीन में हो रहे जुल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए जागरूक भी किया। इस दौरान मौलाना मो. अब्बास शारिब ,तशबीब हसन, कसीम रिज़वी, मोहम्मद शबाब रिजवी, तस्कीन रिजवी अज्जू, कैफ़ी, शराफत, कामियाब, शाहरुख, सलमान, कामरान, इंतज़ार, शारिब, मंज़र, पप्पू, मोहम्मद, राजू, अरमान, असग़र आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस के क्वाटर गार्द परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं एसपी प्राची सिंह। ● हिन्दुस्तान

# डुमरियागंज में 92 स्थानों पर होगी प्रतिमा की स्थापना

## चौकसी

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में 92 व भवानीगंज में 65 स्थान पर मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। डुमरियागंज के प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने बताया कि दुर्गा पूजा समारोह को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से गंभीर है। संबंधित आयोजकों के साथ बैठक हो चुकी है। वहीं आयोजन स्थलों पर संबंधित बीट अधिकारी व पुलिसकर्मी भ्रमणशील रहेंगे। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**गांवों में साफ-सफाई कराने में जुटे जिम्मेदार :** शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर नगर व गांवों में साफ-सफाई तेज हो गई है। डुमरियागंज कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों व चौराहों पर दुर्गा पूजा समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंगलवार को नगर व गांवों में पर्व को लेकर जिम्मेदारों की ओर से साफ-सफाई भी कराई गई। बढ़नीचाफा में चेयरमैन धर्मराज वर्मा, भारतभारी में चेयरमैन चंद्र प्रकाश चौधरी, बहेरिया में प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, महुआ में प्रधान राकेश पाण्डेय, हबीबपुर में प्रधान केशभान चौधरी, वीरपुर में अजीत उपाध्याय, भड़रिया में जिपंस प्रतिनिधि संतोष पासवान ने सफाई कर्मियों के साथ रास्तों व नालियों की सफाई कराई।

# फीस बकाए में बच्चों को धूप में बैठाने की हुई जांच

**सख्ती**

इटवा,हिन्दुस्तान संवाद। खुनियांव ब्लॉक के बरगदवा पश्चिम गांव के श्याम राजी हाईस्कूल में फीस बकाए को लेकर मंगलवार को बच्चों को स्कूल के बाहर धूप में बैठाने के वायरल हुए वीडियो की बुधवार को डीएम की ओर से गठित दो सदस्यीय टीम ने जांच की। इस दौरान टीम स्कूल पर पहुंचकर स्कूल प्रबंधन के साथ बच्चों के भी अलग-अलग बयान दर्ज किए। साथ ही स्कूल के अभिलेखों का भी टीम ने जायजा लिया।

बरगदवा पश्चिम गांव स्थित श्यामराजी हाईस्कूल में तकरीबन चार सौ बच्चे अध्यनरत हैं। बताया जा रहा है कि जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों का फीस लम्बे समय से बकाया है। स्कूल प्रबंधन के लगातार चेतावनी के बाद भी अभिभावकों ने फीस जमा नहीं किया। इससे नाराज होकर स्कूल प्रबंधन ने मंगलवार को फीस बकाए में शामिल बच्चों को स्कूल के बाहर कड़ी धूप में बैठा दिया और चेतावनी देते हुए वीडियो बनाकर अभिभावकों के बने ग्रुप में शेयर कर दिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के साथ किए गए कृत्य का वीडियो अभिभावकों के ग्रुप में पहुंचने पर किसी ने इसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो सामने आने के बाद डीएम डॉ. राजा गणपति आर ने मामले की जांच के लिए एसडीएम इटवा कल्याण सिंह मौर्य के साथ राजकीय इण्टर कॉलेज इन्द्रीग्रांट के प्रधानाचार्य समर बहादुर सिंह की दो सदस्यीय टीम गठित की थी। बुधवार को टीम स्कूल पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच की। इस दौरान टीम ने स्कूल प्रबंधन के साथ बच्चों के भी अलग-अलग बयान दर्ज किए।

## स्कूल होगा सील, संचालक पर दर्ज होगा केस

इटवा कस्बे के स्कूल में फीस के लिए बच्चों को धूप में बैठाए जाने के मामले में जांच कमेटी ने रिपोर्ट दे दी है। रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय संचालक के खिलाफ केस दर्ज होगा। साथ थी विद्यालय सील करके बच्चों को आसपास के विद्यालय में पंजीकरण कराया जाएगा। इटवा कस्बे के विद्यालय में फीस के लिए बच्चों को बाहर बैठने के मामले में प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई होगी। दो सदस्य कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय संचालक के खिलाफ इटवा थाने में मुकदमा दर्ज होगा। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी बच्चों को अन्यत्र विद्यालय में पंजीकरण करवाएंगे। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

# युवती ने नदी में लगाई छलांग, युवक ने बचाया

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज राप्ती नदी के पुल के पश्चिम बुधवार को एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी। यह देख अफरातफरी मच गई। इस दौरान मौके पर मौजूद एक युवक युवती को बचाने के लिए नदी में कूद गया और उसे बचा कर बाहर निकाला।

खुनियांव ब्लॉक क्षेत्र के धोबहा मुस्तहकम गांव की 18 वर्षीय एक युवती बुधवार को घर से किसी बात से नाराज़ होकर जान देने के इरादे से डुमरियागंज राप्ती नदी पर आई। कुछ देर तक घूमने के बाद पुल के पश्चिम श्मसान घाट के पास जाकर राप्ती नदी में छलांग लगा दी। युवती को डूबता देख वहां मौजूद डुमरियागंज कस्बे के वार्ड नंबर 14 कृष्णानगर निवासी रक्षाराम निषाद पुत्र पप्पू युवती को बचाने के लिए

- डुमरियागंज कस्बे के राप्ती नदी तट का मामला
- कृष्णानगर निवासी युवक ने बचाई जान

नदी में कूद गया। नदी उफान पर थी और बहाव भी तेज था। युवक ने तेज बहाव से बचते हुए लड़की को बाहर खींच लाया। इससे उसकी जान बच गई। युवक रक्षाराम नगर पंचायत में सफाईकर्मी पद पर कार्यरत है। युवक के साहस की क्षेत्र के लोग खूब प्रसंशा कर रहे हैं। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के परिजनों को जानकारी दी और युवती को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल भेजा। प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि युवती का प्राथमिक उपचार कराकर परिजनों के साथ घर भेज दिया गया है।

# खेत में लगा पंपिंगसेट हो गया चोरी

इटवा। थाना क्षेत्र के बेनीपुर नानकार गांव के उत्तर तरफ खेत में खडे एक पम्पसेट को चोरों ने उड़ा लिया है। जानकारी पीड़ित को बुधवार सुबह में हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के सुराग लगाए जाने की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित प्रभुनाथ पांडेय ने बताया कि गांव के उत्तर तरफ उनके खेत में उनका पंपसेट था। उसे चोर चुरा लग गए हैं। थानाध्यक्ष इटवा श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

**घोंघी और कूड़ा नदी पहले से ही बह रही खतरे के निशान के पार, राप्ती का जलस्तर अब भी बढ़ रहा, तटवर्ती क्षेत्रों में हालात बदतर**

# राप्ती व बूढ़ी राप्ती सहित चार नदियां लाल निशान पार

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले में बाढ़ के हालात कुछ इलाकों में छोड़ दें तो बाकी स्थानों पर जस के तस बने हुए है। राप्ती, बूढ़ी राप्ती सहित चार नदियां लाल निशान के पार बह रही है। राप्ती का जलस्तर अब भी बढ़ रहा है। बाकी नदियां स्थिर हैं लेकिन कोई खास सुधार नहीं है। कई सड़कें व गांव जलमग्न हैं। शहर के कृष्णानगर मोहल्ले में जमुआर का पानी भरा हुआ है। सोहांस रोड पर बना श्मशान और वहां स्थापित शंकर भगवान की मूर्ति बाढ़ के पानी में डूब चुकी है। सोहांस, भनवापुर, जोगिया क्षेत्र में बाढ़ ने मुश्किल पैदा कर रखी है।

जिला बाढ़ की चपेट में है। शहर के कृष्णानगर मोहल्ले में जमुआर में आई बाढ़ का पानी मंगलवार को ही आ गया था जो अब भी है। बुद्धनगर के बाहरी हिस्से में भी बाढ़ का पानी है। बुद्ध नगर से सटा श्मशान घाट पूरी तरह से बाढ़ के पानी में डूब चुका है। वहां पर स्थापित भगवान शंकर की मूर्ति भी डूबी हुई है। सोहांस रोड से गांवों की ओर जाने वाली सड़क पर बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जमुआर का जलस्तर स्थिर हो चुका है लेकिन बाढ़ की हालात में सुधार नहीं है। जमुआर में आई बाढ़ से सोहांस क्षेत्र के फुलवरिया सहित कई गांव में बाढ़ का पानी भरा है। ग्रामीणों के सामने बाढ़ बड़ी समस्या बनी हुई है। उस्का बाजार कस्बा के कृष्णानगर, रेहरवा, चौबाहे में भी कूड़ा नदी में आई बाढ़ का पानी भरा है। कूड़ा खतरे के निशान पार बह रही है लेकिन स्थिर हो गई है। उसका पानी कम होगा तभी बाढ़ पीड़ितों को राहत मिल सकेगी। लाऊखाऊ, ताल नटवा, ताल बगहिया, भिरौना सहित दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। शोहरतगढ़ क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती का जलस्तर कम होने के बाद भी बाढ़ के हालात बने हुए हैं। दर्जन भर से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। ग्रामीण इलाकों की कुछ सड़कों पर पानी भरा है। जोगिया क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती में आई बाढ़ का पानी कुछ कम हुआ है लेकिन अभी राहत नहीं है क्योंकि बूढ़ी राप्ती अब भी लाल निशान से 1.90 मीटर ऊपर बह रही है। जोगिया-गायघाट आदि मार्गों पर भी बाढ़ का पानी चल रहा है। ककरहवा क्षेत्र में आनंदापुर-बनौली मार्ग पर कूड़ा नदी का पानी है। केवटलिया गांव बाढ़ का पानी में डूबा हुआ है। राप्ती के लाल निशान पार करते ही डुमरियागंज क्षेत्र के भनवापुर में बाढ़ आ गई है। वीरपुर-पेड़रियाजोत, नेबुआ-शाहपुर, धनोहरा-पेड़ारी मुस्तहकम सड़क पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।



शहर के बुद्धनगर मोहल्ला में सोहांस रोड पर बना श्मशान घाट व वहां स्थापित शंकर जी की मूर्ति जमुआर की बाढ़ में पानी से घिर गई है।



उस्का-सोहांस मार्ग पर कराहुलिया गांव के पास सड़क पर बाढ़ का पानी चढ़ने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### सिद्धार्थनगर में बाढ़ की स्थिति (मीटर में)

| नदी | खतरे का निशान | वर्तमान जलस्तर |
|---|---|---|
| बानगंगा | 93.420 | 89.80 |
| राप्ती | 84.900 | 85.05 |
| बूढ़ी राप्ती | 84.650 | 87.55 |
| कूड़ा | 83.520 | 84.07 |
| घोंघी | 87.00 | 87.35 |
| तेलार | 87.500 | 87.00 |
| जमुआर | 84.890 | 84.75 |



### बाढ़ खत्म होने के बाद भी किसानों को राहत नहीं

जिला बाढ़ की चपेट में है। अगर वह खत्म भी हो जाए तब भी किसानों को राहत मिलने वाली नहीं है। पिछले एक सप्ताह से हजारों एकड़ धान की फसल डूबी हुई है। वह पीली पड़ कर सड़ चुकी होगी। किसान बाढ़ का पानी हटने का इंतजार नहीं कर रहे हैं। किसान चुन्नी लाल कहते हैं कि बाढ़ खत्म हो या न हो कोई फर्क नहीं पड़ता है। इतने दिन से फसल डूबी है अब कुछ नहीं बचा होगा। किसान अख्तर कहते हैं धान तो गया ही सब्जियां भी सड़ कर बर्बाद हो चुकी हैं।

# यातायात नियमों के अनुपालन को दिलाई शपथ

**सड़क सुरक्षा**

- सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम
- घायल को अस्पताल पहुंचाने पर पांच हजार की प्रोत्साहन राशि



शहर के रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को शपथ दिलाते सदर विधायक श्यामधनी राही। ● हिन्दुस्तान

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** सड़क दुर्घटनाओं एवं बढ़ती हुई मृतकों की संख्या के मद्देनजर जनसामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके एवं इनके पालन के प्रति संवेदनशील बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सदर विधायक श्याम धनी राही ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य है। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनके लिए 5000 हजार प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने का प्राविधान है।

सीओ अरुणकांत ने निर्धारित आयु पूर्ण करके वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के उपरान्त ही वाहन संचाल करने की सलाह दी। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कहा कि वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट का प्रयोग करने तथा दूसरों को भी हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, टीएसआई अमरेन्द्र यादव, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग कमल किशोर, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी रोडवेज मो. अशरफ, सम्भागीय निरीक्षक बृजेश कुमार, प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता वाहन को किया रवाना

## रघुबर प्रसाद शिशु मंदिर इंटर कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** सदर विधायक श्यामधनी राही ने बुधवार को रघुबर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मन्दिर इंटर कालेज से सड़क सुरक्षा पखवारा कार्यक्रम के तहत प्रचार वाहन को रवाना किया। अभियान बुधवार से 16 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान छात्रों को यातायात नियमों का पालन कराने का शपथ भी दिलाया गया।



रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज परिसर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का झंडी दिखाकर शुभारंभ करते सदर विधायक श्यामधनी राही दाएं ● जागरण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट वचारपहिया वाहन के दौरान सीट बेल्ट लगाने की अपील की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने कहा कि मार्ग दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मदद करने वालों को 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का नियम है। क्षेत्राधिकारी सदर अरुणकांत सिंह विद्यार्थियों को निर्धारित आयु पूर्ण कर वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाने को कहा। डीआइओएस सोमारू प्रधान, कमल किशोर, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, यातायात प्रभारी अमरेश यादव आदि रहे।

# कैंडल मार्च निकाल कर आतंकवाद का किया विरोध



डल मार्च निकाल कर विरोध जताते लोग • जागरण

गरण संवाददाता, डुमरियागंज : क्षेत्र शिया बहुल ग्राम पंचायत हल्लौर हिजबुल्लाह संगठन नेता व शिया र्म गुरु हसन नसरुल्लाह की बनान में हुई शहादत पर बुधवार की म एक मजलिस का आयोजन या गया। जामा मस्जिद के मौलाना सरकार हुसैन जैदी ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि हसन नसरुल्लाह का जीवन जालिमों का विरोध और मजलूमों का साथ देने का प्रतीक है। उन्होंने हिजबुल्ला को आतंकवाद विरोधी संगठन बताया और कहा कि फिलिस्तीन में इजराइल के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले हसन नसरुल्लाह को इजराइल ने बम की बौछार से शहीद कर दिया। मौलाना ने कहा कि मोहर्रम में हम लोग कर्बला की घटना के माध्यम से जुल्म और आतंकवाद का विरोध करते हैं। मजलिस के बाद एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया जो कस्बे के इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी से शुरू होकर इमाम बारगाह अबू नादिर तक पहुंचा। मार्च के दौरान लोगों ने आतंकवाद विरोधी नारे लगाए। साथ ही लोगों को फिलिस्तीन में हो रहे जुल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जागरूक भी किया। मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, तशबीब हसन कसीम रिजवी, मोहम्मद शबाब रिजवी, तस्कीन रिजवी, इंतेजार शारिब, मंजर, राजू, अरमान, असग सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इसराइल पर हमले से डर रहे खाड़ी देशों में रहने वाले लोग

सिद्धार्थनगर: इसराइल पर ईरान की ओर से राकेट से किये गए हमले के बाद खाड़ी देशों मे रहने वाले जिले के लोग सहम गए है। लोगो को डर है कि यदि हमास को लेकर चल रहा विवाद ऐसे ही रहा तो उन्हे दिक्कते उठानी पड़ सकती है। डुमरियागंज क्षेत्र के मुस्लिम गांवो से खाड़ी देश इराक और कतर मे रहने वाले लोगो के साथ उनके स्वजन भी डरे सहमे हुए है। हर दिन अपनो से फोन पर एक दूसरे का कुशलक्षेम पूछ रहे है। लोगो से फोन पर बातचीत की गयी तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया कुछ यूं दी।



अभी कुछ ही दिन पूर्व दुबई गए है। उनका कहना है कि युद्ध के चलते यहां पहले जैसा माहौल नही है। हर लोग डरे सहमे नजर आ रहे है। एक से दूसरे स्थान पर आवाजाही करने मे भी डर लग रहा है।

असगर अली, बढ़नी चाफा



रोजगार के सिलसिले मे कतर में रह रहे है। इसराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर कतर में भी है। सामान की महंगाई बढ गयी है। इसकी वजह से रोजमर्रा की जरूरत भी पूरी नही कर पा रहे है।

आशीष विश्वास, बढ़नी चाफा

# पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

जासं, डिड़ई: डिड़ई कस्बे में बुधवार को महिला आरक्षी पूजा यादव ने महिलाओं को जागरूक किया। मिशन शक्ति के तहत उनके सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। कहा कि जरूरत होने पर हेल्पलाइन की मदद लें। महिला हेल्प लाइन नंबर 112,181,1076 आदि के बारे में बताया। इस मौके पर उपनिरीक्षक उपनिरीक्षक मधुसूदन यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचना अवश्य दें। पीड़ितों की चुप्पी साधने से ही घटनाओं को बढ़ावा मिलता है। इसे रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा।

## लड़की ने नदी में लगाई छलांग युवक ने कूदकर बचाई जान

जासं, डुमरियागंज: डुमरियागंज राप्ती नदी के पुल के पश्चिम में एक लड़की ने मंगलवार को नदी में छलांग लगा दी। उसे डूबता देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। लड़की को डूबते देख वहां मौजूद एक युवक लड़की को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दिया। खुनियांव ब्लाक क्षेत्र के धोबहा मुस्तहकम गांव की एक लड़की घर से किसी बात से नाराज होकर जान देने के इरादे से डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी पर पहुंच गयी। वह कुछ देर तक घूमने के बाद पुल के पश्चिम तरफ स्थित श्मशान घाट के पास पहुंची और नदी में कूद गयी। लड़की को नदी से बाहर निकालने वाले युवक की पहचान रक्षाराम निषाद वार्ड नंबर 14 कृष्णानगर नगर पंचायत डुमरियागंज के रूप में हुई हैं।

# एसपी ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को किया सम्मानित

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइन्स के क्वार्टर गार्द परिसर में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती मनाई गई। एसपी प्राची सिंह ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान सीओ अरुण कांत सिंह, बीएन गुप्ता सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जासं, खेसरहा :** खेसरहा थाना क्षेत्र के बत्सा गांव के 32 वर्षीय युवक का शव चारपाई बीनने वाले पट्टे के सहारे महुआ के पेड़ से लटकता मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार रात की है। बत्सा गांव के रविंद्र पुत्र पारस मंगलवार देर शाम घर से निकला था। काफी देर तक जब वापस नहीं आया तो स्वजन ढूंढना शुरू कर दिए। गांव के दक्षिण बाग में लोग पहुंचे तो देखा कि शव महुआ के पेड़ से लटक रहा था। घटना की सूचना मृतक के भाई विरेन्द्र ने पुलिस को दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के घर किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था।

## वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से होगी मुश्किल, टूटी सड़कों से होकर गुजरेंगी प्रतिमाएं

# अस्थायी दुकानों से भीड़ होने पर बढ़ेंगी लोगों की दुश्वारियां

सुंदर स्वच्छ बाजार
जागरण अभियान

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : दशहरा, धनतेरस का पर्व नजदीक हैं। पर्व के दौरान बिना किसी रोकटोक के लोगों की भीड़ घरों से बाहर निकली तो हर किसी को जाम के झाम से परेशान होना पड़ेगा। जिला मुख्यालय पर जगह-जगह फुटपाथ पर लगी अस्थायी दुकानों ने भी लोगों की समस्या बढ़ाएंगी। सड़क के बगल में स्थापित ट्रांसफार्मर, सड़कों पर लटक रहे तार, टूटी सड़कें भी समस्या को बढ़ाने का काम करेंगी। वाहनों के रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था न होने से लोगों की परेशानी बढ़ेगी। शहर में लोगों को अपने वाहन खड़ा करने की जगह तक नहीं मिलेगी। इससे लोगों को काफी परेशानी उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

पिछले वर्ष दशहरा और धनतेरस पर भी लोगों को कई प्रकार की दुश्वारियों का सामना करना पड़ा था। शहर में जाम की समस्या आए दिन लोगों को अभी से परेशान कर रही है। जबकि यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। लेकिन यातायात की कमान संभालने वाले पुलिसकर्मी भी भीड़ अधिक होने पर असहाय दिखते हैं। नवरात्र में शहर के विभिन्न मोहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होती है, कई स्थानों पर प्रतिमा सड़क की पटरियों पर होती है। ऐसे में पूरे नवरात्र में लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना होता है। धनतेरस व बड़ी दीपावली के मौके पर सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए घरों से बाहर निकले। सबसे अधिक भीड़ पूजन सामग्री, फूल व मिठाई की दुकानों पर होती है।

ऐसे में अधिकांश दुकानें सड़क के सटाकर लगती हैं। ऐसे में लोगों के पैदल और वाहनों के साथ चलने में तमाम दुश्वारी आती है। इसकी वजह से सिद्धार्थ तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड, हाइडिल तिराहा, पुरानी नौगढ़ समेत अन्य जगहों पर कई-कई बार जाम की स्थिति पैदा होती है। पर्व में जो जाम में फंसेगा, उसके देर तक परेशान होना पड़ेगा। धनतेरस और दशहरा की बात करें तो शहर के प्रमुख सड़कों पर जाम हर बार जाम की समस्या बनती है। सर्वाधिक परेशानी सिद्धार्थ तिराहा और रेलवे स्टेशन मार्ग पर होती है। पैदल चलना दुश्वार हो जाता है।


दुर्गा जी के पंडाल के पास खुले में रखा ट्रांसफार्मर

### टूटी सड़कों से होकर गुजरेंगी प्रतिमाएं

शहर का प्रमुख खजुरिया, गोबरहवा मार्ग की स्थिति काफी खराब है। ऐसे में इनसे होकर गुजरने वाले मोहल्लों से मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्हें सड़कों के बीच बने गड्ढे से होकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ेगा।

**ठप कर दी जाती है आपूर्ति :** दशहरा के दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के समय बिजली की आपूर्ति पूरे शहर में ठप हो जाती है। इसकी वजह शहर में लटके तार होते हैं। बिजली विभाग लटक रहे तारों को ठीक करने के बजाय आपूर्ति को रोक देता है। ऐसे में लोगों को त्योहार के दिन अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ता है।


पर्व के पहले जिला प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए। सड़कों के ऊपर लटक रहे तार और पटरियों पर लगे ट्रांसफार्मर को भी सुरक्षित करने का उपाय करना चाहिये।
**शैलेंद्र कुमार मोदनवाल, बुद्धनगर**


त्योहार में भीड़ बढ़ती है। ग्राहक खरीदारी करने आते हैं। ऐसे में उन्हें अपने वाहनों को खड़ा करने में मजबूरी होती है। लोग कार्रवाई की डर से यहां रुकना उचित नहीं समझते हैं।
**मिथलेश, किराना व्यापारी शिवाजी नगर**


शहर में पार्किंग की समस्या पहले से है। त्योहार में लोगों की मुश्किल और भी बढ़ जाती है। सड़कों पर वाहनों के खड़ा होने से आवाजाही में दिक्कत होती है। **कृष्ण मोहन वर्मा, स्वर्ण व्यवसायी पूरब पड़ाव**

# पुलिस ने सेवा भी सुरक्षा भी अभियान चलाया

तिलौली। गांधी जयंती के मौके पर शिवनगर डिड़ई थाना पुलिस ने सेवा भी सुरक्षा भी अभियान चलाया। एसओ शशांक सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया। महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान एसआई मधुसूदन यादव, कृपाशंकर, पूजा यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# लड़की ने नदी में लगाई छलांग युवक ने कूदकर बचाई जान



पुल से छलांग लगाने वाली युवती को बाहर निकलता युवक। स्रोत विज्ञप्ति

संवाद न्यूज़ एजेंसी

## डुमरियागंज क्षेत्र के राप्ती पुल के पास हुई घटना

शाहपुर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के डुमरियागंज राप्ती नदी के पुल के पश्चिम में बुधवार को एक लड़की ने नदी में छलांग लगा दी। लड़की को बचाने के लिए वहां मौजूद एक युवक भी नदी में कूद गया। वह पानी के तेज बहाव से लड़की को बाहर निकालकर लाया। प्राथमिक उपचार के बाद लड़की को घर भेज दिया गया।



रक्षाराम निषाद।

जानकारी के अनुसार खुनियांव ब्लॉक क्षेत्र के धोबहा मुस्तहकम गांव की एक लड़की घर से किसी बात से नाराज होकर जान देने के इरादे से डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी पर आई और कुछ देर तक घूमने के बाद पुल के पश्चिम श्मसान घाट के पास जाकर राप्ती नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान उसको डूबता देख वहां मौजूद एक युवक अपनी जान पर खेल कर उसे बचाने के लिए खुद नदी में कूद गया, नदी उफन पर थी और उसकी बहाव भी तेज थी।

युवक कुशल तैराक था, जिससे स्वयं बाढ़ के तेज बहाव से बचते हुए लड़की को बाहर खींच लाया। जिससे उस लड़की की जान बच गई। जान बचाने वाले युवक की पहचान रक्षाराम निषाद पुत्र पप्पू निवासी वार्ड नंबर 14 कृष्णानगर नगर पंचायत डुमरियागंज के रूप में हुई है, जो नगर पंचायत में सफाईकर्मी पद पर कार्यरत है।

# सख्ती : विद्यालय होगा सील संचालक पर दर्ज होगा केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** इटवा कस्बे के स्कूल में मंगलवार को फीस के लिए बच्चों को धूप में बैठाये जाने के मामले में जांच कमेटी ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय संचालक के खिलाफ बीईओ की तहरीर पर केस दर्ज होगा। इसके साथ थी विद्यालय सील करके बच्चों को आसपास के विद्यालय में पंजीकरण कराया जाएगा।

इटवा कस्बे के विद्यालय में फीस के लिए बच्चों को बाहर बैठने के मामले में प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई होगी। दो सदस्य कमेटी की जांच में रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय संचालक के खिलाफ इटवा थाने में मुकदमा दर्ज होगा।

वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी बच्चों को अन्यत्र विद्यालय में पंजीकरण करवाएंगे। जिससे उनकी पढाई प्रभावित न हो। इसके साथ ही



फीस जमा नहीं हुई तो बच्चों को धूप में बैठाया

खुद बच्चों को डांटते हुए वीडियो बनाकर कर दिया सोशल मीडिया पर वायरल

2 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

## निजी विद्यालय में फीस नहीं जमा करने पर बच्चों को धूप में बैठाने का मामला

विद्यालय को सील भी किया जाएगा। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारु प्रधान ने बताया कि जांच कमेटी की रिपोर्ट आ गई है।

उपजिलाधिकारी इटवा और इंद्री ग्रांट के जीजीआईसी के प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट दी है। उसके आधार पर केस दर्ज करने के साथ थी विद्यालय सील करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं व लड़कियों से छेड़खानी, गांव के छह लोगों पर केस दर्ज

**लोटन।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिलाओं से छेड़खानी और छींटाकशी और उलाहना देने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में बुधवार को एक साथ कई महिलाएं लोटन कोतवाली पहुंचीं। जहां उन्होंने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मिले तहरीर के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

क्षेत्र के एक गांव निवासी कई महिलाएं मंगलवार को लोटन कोतवाली में पहुंचीं। उनका कहना था कि मंगलवार की देर शाम महिलाएं गांव के बाहर टहलने निकली थी कि गांव के कुछ मनबढ़ परिवार के लड़के महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर छींटाकशी करना शुरू कर दिए।

## महिलाएं कार्रवाई की मांग पर कोतवाली पहुंचीं

महिलाएं घर पहुंचकर परिजनों से सारे बातें बताई। परिजन उलाहना देने गए तो गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दिए। जिससे करीब आधा दर्जन लोगों को चोटें आई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हसमत अली, नूर आलम, क्यूमुद्दीन, परवेज, नन्हे व अशरफ के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि तहरीर मिली है। तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को पकड़ कर पुलिस कार्रवाई में लगी है। संवाद

# पेड़ की डाल से फंदे के सहारे लटका मिला युवक का शव

**संवाद न्यूज एजेंसी**

खेसरहा। स्थानीय थाना क्षेत्र के बत्सा गांव में मंगलवार देर रात कमरे में बाग में पेड़ की डाल से फंदे के सहारे लटकता हुआ युवक का शव मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मौत के बाद से परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बत्सा गांव निवासी रविंद्र कुमार(32) पुत्र पारस मंगलवार शाम को कहीं घूमने गया था। जब देर रात तक नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच गांव के दक्षिण बाग में महुआ की पेड़ की डाल से फंदे के सहारे लटकता हुआ उसका शव देखा गया। रात में ही गांव के लोग पहुंच गए। इसी बीच किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शादीशुदा था, लेकिन बच्चे नहीं हैं। उसके अलावा एक और भाई है। मौत के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस संबंध में एसओ चंदन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ से नेपाल जाना था पटाखा

## दीपावली से पहले पटाखे की बड़ी खेप बरामद होने से पुलिस के हाथ-पांव फूले

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** शहर में जमुआर पुल के पास मंगलवार को एक ट्रक से बरामद 27 गत्ता पटाखा जिले में बेचने के लिए नहीं आया था, बल्कि उसे नेपाल भेजना था। नेपाल में दशहरा के समय पटाखों की ज्यादा मांग होती है। नेपाल में पटाखों के निर्माण पर प्रतिबंध होने के कारण इसका फायदा तस्कर उठाते हैं और भारत से उसकी डिमांड पूरी करते हैं। पुलिस की अबतक की जांच में यह बात सामने आई है।

शहर कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि पूछताछ में लखनऊ से पटाखा लाने की बात सामने आई है। लखनऊ कनेक्शन की जांच की जा रही है। उस कनेक्शन के बारे में पता चलने के बाद कई और तथ्य सामने आ सकते हैं। फिलहाल पटाखा पकड़े जाने के बाद स्थानीय पुलिस चौकन्नी हो गई है।

### 27 गत्ता अवैध पटाखा बरामद, दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

[illegible]

2 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

**मंगलवार को जमुआर पुल के पास एक ट्रक से बरामद हुआ था 27 गत्ता पटाखा**

जांच में यह भी पता चला है कि अवैध रूप से लाए जाने वाला पटाखा बर्तन या अन्य सामान के बीच में रखकर लाया जाता है ताकि चेकिंग में पकड़ में न आ सके। ये जब भी लाते हैं तो बड़े वाहनों में छिपाकर लाते हैं। इसलिए पकड़ में कम आते हैं। सटीक मुखबिरी के बाद ही पुलिस को कामयाबी मिलती है।

**पहले भी पकड़ा जा चुका है अवैध पटाखा :** जिले में अवैध पटाखा पहले से ही आ रहा है। इसमें कानपुर, लखनऊ से पटाखा आने की बात पहले ही आ चुकी है। बीते वर्ष तत्कालीन इटवा एसओ संतोष कुमार तिवारी की नेतृत्व वाली टीम ने तीन ट्रक में पटाखा इटवा कस्बे में पकड़ा था। इस मामले में केस दर्ज करने के साथ ही कार्रवाई हुई थी। मामले की जांच लंबी चली थी। इसके बाद क्षेत्र के ही शाहपुर में पटाखे की खेप पकड़ी गई थी।

### सीमा पर हुआ था विस्फोट

**अवैध** पटाखा भंडारण करने की वजह से नेपाल सीमा पर स्थित अलीगढ़वा कस्बे में विस्फोट हुआ था। धमाका इतना तेज था की इसकी गूंज नेपाल सीमा तक गई थी। इस घटना में कई लोगों की मौत हो गई थी। घटना में पुलिस के तीन लोगों पर कार्रवाई हुई थी। एनआईएस, एटीएस टीम ने जांच की थी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला में विस्फोटक की जांच में निम्न कोटि का बारूद होने की पुष्टि हुई थी।

### दीपावली के समय जारी होता है लाइसेंस

जिले में पटाखा बिक्री के लिए लाइसेंस जारी किया जाता है। उसी में एक स्थान चिह्नित किया जाता है, जहां पटाखे की बिक्री होती हैं। पटाखा बनाने के लिए बहुत ही कम लोगों के पास लाइसेंस है, जो पूरे साल पटाखे बनाते हैं। बाकी जो पटाखे बिना सीजन के आते हैं। वे अवैध तरीके से लाए जाते हैं और चुनिंदा दुकानदारों को बेचे जाते हैं। क्योंकि विस्फोटक कस्बे में रखना बहुत ही खतरनाक होता है।

# ताला तोड़कर नकदी व 2 लाख का सामान ले गए चोर

**लोटन।** कोतवाली क्षेत्र के धरमौली गांव में मंगलवार रात एक घर के गेट का ताला तोड़कर चोर नेकदी सहित अन्य सामान उठा ले गए। धरमौली गांव निवासी रेखा सिंह पत्नी रमेश सिंह ने पुलिस को बताया कि मेरी मां मंगलवार को मायके चली गयी थी। मैं घर में अकेले रहने के कारण भोजन करने के बाद घर में ताला बंद कर दूसरे घर में सोने चली गयी थी। मुख्य गेट का ताला तोड़ घर में घुसकर अलमारी व बक्शे में रखा जेवरात व 35,000 रुपया चोर उठा ले गए। मैं जब सुबह आई तो देखा ताला टूटा हुआ है और अलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी रुपये चोर उठा ले गये हैं। कोतवाली प्रभारी राजेश गुप्ता का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# उफान पर जमुआर, तेजी से कट रही शहर को जोड़ने वाली सड़क

## मुख्यालय से निकलकर सोहांस जाने वाली सड़क का एक वर्ष पहले ही हुआ था निर्माण



नौगढ़-महदेवा मार्ग पर चढ़ा बाढ़ का पानी। संवाद



जमुआर नदी का बढ़ने से कटान करती तेतरी-सोहांस मार्ग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। नेपाल की पहाड़ी से निकली जमुआर के उफान के बाद मुख्यालय से सोहांस जाने वाली सड़क कटकर विलीन हो रही है। दोनों तरफ सड़क तक पानी पहुंच गया है। जान जोखिम में डालकर वाहन चालक इसी सड़क से गुजर रहे हैं।

बुधवार को सड़क को देखा गया तो चौंका देने वाला दृश्य सामने आया है। लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी में सड़क जगह-जगह कट रही है। सड़क में दरारें पड़ गई हैं, आशंका है कि सड़क कभी भी विलीन हो सकती है। राहगीरों का कहना है कि जाने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। ऐसे में जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं।

नेपाल में हुई भारी बारिश के बाद वहां से आने वाली नदियों के उफान से एक बार फिर बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। इसमें जमुआर नाले के उफान के बाद शहर के उत्तर दिशा में पानी ही पानी है और आबादी तक पहुंच गया है।

मुख्यालय से नेपाल बार्डर सोहांस को जोड़ने वाली सड़क पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बुधवार को बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने पर पता चला कि पुल से लगभग डेढ़ किलोमीटर तक जगह-जगह सड़क तेजी से कट रही है। सड़क में दरारें पड़ रही हैं। हालात यह है कि कब धंस जाए कोई पता नहीं है।

मौके से गुजर रहे रहीम ने कहा कि सड़क बनाते समय ध्यान नहीं दिया गया। सड़क को ऊंचा नहीं किया गया और बड़ी पुलिया नहीं बनाया गया जिसकी वजह से पानी नहीं निकल पा रहा है और सड़क टूट रही है। मजबूरी में इधर से गुजरते हैं।

कुसभौना के राजेश ने कहा कि रात में बाइक से आने में डर लग रहा है क्योंकि लगभग सालभर पहले ही बनी सड़क विलीन होने वाली है। पटनी निवासी रामहित ने कहा कि जिस हिसाब से सड़क कट रही है, पानी कम होती है ढह जाएगी। करोड़ों की लागत से बनी इस सड़क में कई गड़बड़ियों की आशंका है।

डेढ़ किलोमीटर का संवेदनशील एरिया के बीच में लगे पुलिया के पास कटान हो रहा है। उसके आगे कई स्थानों पर भी कटान हो रहा है। रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति ने कहा कि पुलिया के पास रात में सड़क पर पानी था। इस समय कुछ कम हुआ है। लोग डर-डर कर इधर से गुजर रहे हैं। अगर पहली ही बाढ़ में प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद यह इतनी बड़ी समस्या नहीं होती।

### नदियों का जलस्तर मीटर में

| नदी | खतरे का स्तर | मंगलवार | बुधवार |
|---|---|---|---|
| राप्ती | 84.900 | 85.01 | 85.05 |
| बूढ़ी राप्ती | 85.650 | 87.80 | 87.55 |
| कूड़ा | 83.520 | 84.14 | 84.07 |
| घोंघी | 87.00 | 87.50 | 87.35 |
| बानगंगा | 93.420 | 93.00 | 93.0 0 |

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# डीएम व एसपी ने यातायात प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर से यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुरू हुआ जो आगामी 16 अक्टूबर 2024 तक चलेगा जिसका उद्देश्य आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व उनमें कमी लाकर जनपदीय यातायात व्यवस्था को सुढ़ बनाये रखना है।



यातायात प्रचार वाहन को रवाना करते डीएम, एसपी व अन्य।

यातायात नियमों के पालन संबंधी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट/हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन/एयर फोन का प्रयोग नहीं करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया जाएगा। जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह जगह यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# दुर्गा प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के अतरी नानकार गांव में बुद्धवार को दो पक्षों में दुर्गा पूजा के लिए मूर्ति रखने को लेकर विवाद हो गया। गांव के पश्चिम में दलित बस्ती के लोग डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति की स्थापना कर दी है। उसी के बगल में दुर्गा पूजा मूर्ति की स्थापना की जा रही थी। बताया जाता है कि विगत कई वर्षों से लोग वहीं पास में मूर्ति रख कर पूजा पाठ करते हैं। इस वर्ष दुर्गा पूजा समिति के कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई करना शुरू किया तो दलित बस्ती के लोग वहां पर पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिये। इस संबंध में थानाध्यक्ष पूनम मौर्या ने बताया कि जानकारी मिली है। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# पति के साथ घर जा रही महिला की हादसे में मौत

## खलीलाबाद क्षेत्र के सियरासांथा में बुधवार शाम हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महुली क्षेत्र के ओनिया गांव के रहने वाले हैं दंपती**

**पत्नी के इलाज के लिए खलीलाबाद आए थे**

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के धनघटा रोड़ सियरासांथा के पास बुधवार की शाम को हादसे में महिला की मौत हो गई। जिला अस्पताल की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।

महुली क्षेत्र के ओनिया गांव निवासी रमेश चंद अपनी पत्नी मालती (23) वर्ष को लेकर खलीलाबाद अस्पताल आए हुए थे। शाम को वह बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। सियरा सांथा के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिसमें मालती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

पति रमेश चंद आसपास के लोगों की मदद से उनको उपचार के लिए लेकर जिला अस्पताल आए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जांच की गई है।

शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करके जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के पति से भी बात की गई है।

मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने चतुर्थी श्रेणी कर्मचारी को किया सम्मानित



पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाते एसपी।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** गांधी जयंती व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने समस्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का संकल्प लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने और निर्बल वर्ग के उत्थान हेत कार्य करने का शपथ दिलायी। एसपी ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों क्रमशः दिलीप कुमार, सनोज कुमार, पिन्टू, कृष्णा, रवि कुमार को वस्त्र (शॉल) वितरण कर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशव नाथ, क्षेत्राधिकारी (प्रशिक्षणाधीन) प्रियम राजशेखर पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शशिकांत ओझा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आपसी प्रेम के साथ मनायें त्योहार

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में सभी से आपसी प्रेम से त्योहार मनाने की अपील की गई। एसडीएम धनघटा रमेशचन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों, ग्राम प्रधान और भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

एसडीएम धनघटा ने कहा कि दशहरा पर्व को सभी लोग आपस में मिलजुल कर प्रेम-भाव से मनाएं। अफवाहो पर किसी को भी ध्यान देने की आवश्यकता किसी को नही है। त्योहार के मौके पर शान्ति व्यवस्था में अगर कोई अराजकतत्व खलल पैदा करने की कोशिश करेगा तो ऐसे लोगों से प्रशासन सख्ती पूर्वक निपटेगा। कही पर भी कोई समस्या आती है या अराजकतत्व किसी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश करते हैं तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन और पुलिस को दी जाय जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल



धनघटा । धनघटा थाने में आयोजित पीस कमेटी को संबोधित करते एसडीएम। फोटो : एसएनबी

कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में बीते वर्षो के आकड़ों के अनुसार जगह-जगह कुल 149 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की जानी है। ऐसे में दुर्गा पूजा आयोजन समिति के व्यवस्थापक दुर्गा पाण्डाल में सीसीटीवी कैमरा लगाएं साथ ही मौके पर वालंटियर की तैनाती भी करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो सके। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि डीजे की आवाज बजाते समय 40 डेसमिल से अधिक नहीं होनी चाहिए। दुर्गा पाण्डालों पर पुलिस की 24 घंटे पैनी नजर रहेगी। बैठक में प्रधान दिनेश कसौधन, शनि चतुर्वेदी, बलिजीत यादव, शिवम पांडेय, संतोष, अभिनाष, रामप्रकाश, राहुल कुमार, विजय कुमार,अर्जुन निषाद, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, रतिभान चौधरी, पन्नेलाल निषाद, राजू चौहान, परमानन्द, योगेश कुमार समेत भारी संख्या में प्रधानगण, दुर्गा पूजा समिति के सदस्यगण व थाने के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शांति कमेटी की हुई बैठक

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** बुद्धवार को धर्मसिंहवा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। सीओ मेंहदावल केशव नाथ ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में डीजे की ध्वनि को मानकानुसार होगा। थानाध्यक्ष पूनम मौर्या ने बताया कि पूजा समिति को भी इस बात का खयाल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय। इस मौके पर अफजल खान, मनोज जायसवाल, वसी अहमद, सुभाष साहनी, शशिकांत त्रिपाठी, विजय शंकर, रत्नेश गुप्ता, सुक्खू गौंड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, केस

**बेलहर(एसएनबी)**। बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त घटना का वीडीओ वायरल करने की धमकी भी मिल रही है। बेलहर पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता का आरोप है कि ईश्वरचंद्र पुत्र सुग्रीव निवासी बरईपार थाना बखिरा के साथ पूरे परिवार की सहमति से शादी तय हुई थी जिसकी सगाई भी फरवरी 2022 में सहजनवां के एक मैरेज हाल में संपन्न हुआ। उसके बाद युवक खलीलाबाद के एक होटल में ले जाकर नशीली दवा खिलाकर जबरन दुष्कर्म किया तथा उसका वीडीओ क्लिप भी बना लिया जिसे लेकर लगातार शादी की बात करके संबंध बनाता था। बाद में पीड़िता गर्भवती हो गई उसकी जानकारी होने पर दवा खिलाकर गर्भपात करवा दिया। इसके बाद शादी की बात करने पर टाल मटोल करने लगा।तेरह सिंतबर को उसने शादी करने से साफ मना कर दिया तथा विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा तथा उसका सहयोगी अजय जान से मारने की धमकी देनें लगा।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए रथ रवाना

**संतकबीरनगर**। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से कलक्ट्रेट परिसर से बुधवार को यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यातायात जागरूकता कार्यक्रम दो से 16 अक्तूबर तक चलेगा। जिसका उद्धेश्य आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। प्रचार वाहन यातायात नियमों के पालन संबंधी जागरूकता सीट बेल्ट, हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना आदि के संबंध में जागरूक करेगा। जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह-जगह यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। संवाद

# लेखपाल को गाली और धमकी देने के आरोप में दो नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा तहसील के एक लेखपाल ने गाली और धमकी देने के आरोप में दो लोगों के विरूद्ध धनघटा पुलिस को तहरीर देकर बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में कोतवाली खलीलाबाद के ट्यूबेल कालोनी निवासी विजय वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा ने बताया कि वह धनघटा तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत है। बीते 24 सितम्बर की शाम करीब 8 बजे उनके मोबाइल नम्बर- 9598695574 पर फोन आया और फोन पर उसके साथ-साथ उसके परिवार को फोन करने वाले ने भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि धनघटा थाना क्षेत्र के जखौता गांव निवासी बैजनाथ अग्रहरि पुत्र शंकर अग्रहरि ने फोन कर उसे और उसके परिवार को गाली दी है। घटना के बाद रात करीब 9 बजे उसी दिन वह जखौता गांव पहुंचा और बैजनाथ से गाली देने का कारण पूछा तो नाराज होकर वहां पर मौजूद थाना क्षेत्र के कनैला गांव निवासी कृष्णचन्द्र पुत्र संतलाल भी उसे मां-बहन की गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बैजनाथ अग्रहरि और कृष्णचन्द्र के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# 90 शीशी अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थानान्तर्गत हरिहरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक सीपी सिंह को सोमवार की रात करीब 9 बजे दो शराब तस्करों के बाइक से आने की सूचना मिली तो चौकी प्रभारी हमराही पुलिसकर्मी बब्बल यादव और रंगप्रिय गौतम के साथ मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर एच.एफ.डिलक्स बाइक नम्बर यू.पी.58 पी. 5996 से जा रहे दो युवकों को रोक लिया और पूछताछ करना शुरू किया तो तलाशी के दौरान 90 शीशी देशी शराब बरामद हो गया। पूछताछ में दोनों शराब तस्करों ने अपना नाम-पता क्रमशः श्यामसुन्दर पुत्र बिहारीलाल गुप्ता तथा सचिन पुत्र बलराम चौहान निवासीगण ग्राम पड़रहा थाना महुली बताया। पुलिस ने दोनो युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दुकानदार ने किशोरी को पीटा, चार नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के भरवलिया उर्फ टिकुईया गांव स्थित दुकान पर सामान लेने पहुंची एक किशोरी को दुकानदार द्वारा अपशब्द बोले जाने का विरोध करना मंहगा पड़ गया। अपशब्द का विरोध करने पर दुकानदार समेत उसकी मां और बहनों ने मिलकर किशोरी को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुकानदार समेत उसकी मां और दो बहनों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल किशोरी को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के भरवलिया उर्फ टिकुईया गांव निवासी मेंहदी हसन पुत्र रज्जाक ने बताया कि बुधवार की सुबह 7 बजे गांव निवासी उदयराज पुत्र राजमन की दुकान पर उसकी बेटी कुलसुम सामान लेने गई थी तो दुकानदार उदयराज ने उसकी बेटी को अपशब्द बोला तो बेटी द्वारा विरोध करने पर दुकानदार उदयराज और उसकी बहन अन्जू और मन्जू पुत्रीगण राजमन तथा राजमन की पत्नी नाम अज्ञात ने मिलकर बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर टूट पड़े और लाठी-डंडा और लात-मूका से बेटी को पटक-पटक कर बुरी तरह से मारे-पीटे जिससे बेटी बुरी तरह घायल हो गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुकानदार समेत उसकी मां और बहनों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# श्रद्धा से मनी गांधी व शास्त्री की जयंती

  

गोष्ठी को संबोधित करते डीएम, साथ में एडीएम व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण। चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। सफाई करते सीडीओ व अन्य।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं एवं ईमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं हर्षोल्लास के वातावरण में कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने प्रातः 08:00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों एवं छात्र/छात्राओं के साथ राष्ट्रगान गाते हुए देश की एकता, अखण्डता एवं अहिंसा की शपथ दिलायी। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जय प्रकाश सहित सभी अधिकारीगण, कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने दोनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए पुष्प अर्पित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के सिद्धान्तों एवं आदर्शों के व्यहारिक पक्ष को आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धा होगी। उन्होंने गांधी जी के अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, विचारधारा, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति एवं शास्त्री जी के आत्मबल तथा साहस पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों से इन महापुरुषों की जीवन शैली एवं कार्यशैली से सीख लेकर उसे अपनी कार्यशैली में सुमार करने हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'स्वच्छता ही सेवा' गांधी जी की 'स्वच्छता' के प्रति सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत खुद से एवं अपने घर से शुरू होती है, हम सब जिस प्रकार अपने घर साफ सुथरा रखना चाहते हैं उसी प्रकार अपने गांव, शहर एवं सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने का संकल्प लेना है। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने कहा कि देश, मानवता एवं समाज के हर वर्ग के सच्चे विकास के प्रति गांधी जी एवं शास्त्री जी की सोच को आज के परिवेश में वर्तमान सरकार के निर्देशन और मार्गदर्शन में विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना और शासन की मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब व्यक्ति का उत्थान करना और उसे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाजिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ना तथा महात्मा गधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के सपनों का भारत का निर्माण करने में सत्यनिष्ठा के साथ अपनी-अपनी भूमिका का निर्वहन करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजलि होगी। गोष्ठी में छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान सहित देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। समाज सेवी/वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र यादव सहित अन्य वक्ताओं ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के सिद्धान्तों और उनकी सरल जीवन शैली पर विभिन्न तरीकों और उदाहरणों को प्रस्तुत करते हुए अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने विगत मगहर महोत्सव आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में अपर जिलाधिकारी सहित प्रदीप त्रिपाठी, रंजीत गुप्ता, कृष्णा एवं अभिनव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता व अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी अरुण वर्मा, उप जिलाधिकारी संजीव राय, डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डॉ. सुनील कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, जिला होमगार्ड कमांडेंट शैलेंद्र मिश्र, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सतीश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण सहित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने कहा है कि हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करके ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह अवसर प्राप्त है कि हम जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम आदमी को बहुत राहत दे सकते हैं और उनकी सेवा कर सकते हैं। जिला विकास अधिकारी सुरेश कुमार केसरवानी डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी डीसी मनरेगा डा. प्रभात कुमार द्विवेदी ने भी विचार रखे। गोष्ठी को जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, एआर कोआपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार यादव, कृषि विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी शक्ति विकास उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी विकास विभाग अशोक कुमार यादव व सफाई कर्मचारी संघ के मंत्री नरेन्द्र कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया तथा गांधी जी व शास्त्री जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आंकिक अनिल कुमार श्रीवास्तव, नाजिर विकास भवन अशफाक अहमद सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। गोष्ठी के बाद सफाई के रूप में सेवा का कार्य भी किया गया। इसी क्रम में जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में मनाई गई। कांग्रेसियों ने ध्वजारोहण के बाद दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने किया।

मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद में गांधी जयंती बहुत ही आकर्षक ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। सर्वप्रथम प्रार्थना के पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। कालेज के प्रधानाचार्य यूनुस अख्तर खान ने झण्डा फहराया। उसके उपरांत 'शपथ' दिलायी। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई और वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अब्दुल मुद्दस्सिर खान एवं शोएब अहमद सिद्दीकी ने किया। इस मौके पर विजय यादव, कमालुद्दीन, अब्दुल हक खान, कलीमुल्लाह प्रथम, मोहम्मद अकील, काजी साकिब रहमान, नदीम अहमद खां, कलीमुल्लाह द्वितीय, धर्मेंद्र प्रताप यादव, फुजैल अख्तर खान आदि शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रोटरी क्लब तथा भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने स्वेच्छा से आठ यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष एके श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और ब्लड डोनेट करने पर व्यक्ति के अन्दर पुनः रक्त का निर्माण हो जाता है। पूर्व सर्विलांस अधिकारी डाक्टर आलोक सिन्हा ने कहा कि पुरुष व महिला दोनों को रक्तदान करना चाहिए चाहिए। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश रूंगटा ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा शीघ्र ही वृहद स्तर पर शिविर आयोजित कर रक्तदान कराया जाएगा। इस मौके पर सचिव रो. सुशील छापड़िया, रो. सतीश जायसवाल, रो. महेश रूंगटा, रो. डॉ. एके सिन्हा, रो. उमाशंकर पाण्डेय, रो. डीएन पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कि आज का दिन देश के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए महत्व रखता है क्योंकि पूरा विश्व आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सुनील कुमार पांडेय पूर्व प्रत्याशी श्रीमती शांति देवी, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, पीसीसी अशोक आर्या, मदन दास ने वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर शिव मंगल सिंह उर्फ पिंटू सिंह, अजय सिंह, सतीश साहनी, निसार अहमद, राजीव गोंड, जेपी मिश्रा, पन्नेलाल यादव, गुड्डू उपाध्याय, विट्टू सिंह, विजय गुप्ता, संजय चौरसिया, जमुना प्रसाद, मोइन अंसारी, गोलू यादव, रवि सिंह, अमित कुमार, ऋषिकेश पांडेय, घनश्याम मिश्रा, प्रद्युन, दुर्गेश पाठक सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बेलहर प्रतिनिधि** के अनुसार विकास खण्ड बेलहर कला के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बच्चों ने सुबह प्रभातफेरी और झंडारोहण के बाद सामूहिक रूप से सवच्छता के प्रति सजग रहने का शपथ भी लिया। विद्यालयों विभिन्न सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। शिक्षकों द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और उनके संघर्ष ,योगदान के बारे में बताया गया।

**सेमरियावां प्रतिनिधि** के अनुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेमरियावां में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नजीर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और बंधुत्व के मानने वाले थे उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री विनम्र, दृढ़, सहिष्णु एवं जबर्दस्त आंतरिक शक्ति वाले शास्त्री जी लोगों के बीच ऐसे व्यक्ति बनकर उभरे जिन्होंने लोगों की भावनाओं को समझा। वे दूरदर्शी थे जो देश को प्रगति के मार्ग पर लेकर आये। लाल बहादुर शास्त्री महात्मा गांधी के राजनीतिक शिक्षाओं से अत्यंत प्रभावित थे। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष मुहम्मद अकरम नजीर, जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर, महेश कुमार, मुहम्मद अदनान, खुर्शीद आलम, नजरुल हसन अंसारी, मुहम्मद रशीद, मैनुद्दीन, अब्दुल कलाम, बदरुद्दीन, शफीकुर्रहमान, ओबैदुर्रहमान, राजाराम, मुश्ताक अली, वाजिद अली, मुहम्मद कलीम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**मेंहदावल प्रतिनिधि** नगर पंचायत के अटल चौक पर गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक व नगर में तैनात कर्मचारी ईओ व सभासद ने झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं विधायक एवं ईओ ने महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के सम्मुख पुष्पाजलि अर्पित करते हुए उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि इन महापुरुषों का आदर्श और सादगी भरा जीवन अनुकरणीय है। हमें उनके विचारों से सीख लेनी चाहिए। कहा कि हम सभी को एक दूसरे की भावना को समझना और एक दूसरे की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में ब्लाक क्षेत्र के विद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बच्चों ने सुबह प्रभातफेरी और झंडारोहण के बाद सामूहिक रूप से सवच्छता के प्रति सजग रहने का शपथ भी ली। विद्यालयों विभिन्न सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सेमरियावां ब्लक के न्याय पंचायतों में स्थित 79 प्राथमिक,21 जूनियर और 42 कंपोजीट विद्यालय में महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और उनके संघर्ष ,योगदान के बारे में बताया गया। क्षेत्र के सेमरियावां, बाघनगर, उसरा शहीद, कानपारा, दुधारा, परसा सेख, तिल्जा, बजहरा, पैली, उमिला बूधा और सालेहपुर में जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जफीर अली, अब्दुर्रहीम, मनोज कुमार अनिल, फूल चंद,बैरागी, शमीम अहमद, असरारुल हक आदि ने झंडारोहण कर कार्यक्रम में भाग लिया। बाघनगर बाजार स्थित मुस्लिम इदारय सेकेंडरी स्कूल में मो. अदनान ने झंडारोहण कर तिरंगे को सलामी दी तथा बच्चों को राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में जीवन एवं उनके विचारों से अवगत कराया।

# डीएम व एसपी ने रथ को दिखाई झंडी

**यातायात**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। डीएम महेंद्र सिंह तंवर एवं एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से यातायात जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम दो अक्तूबर से 16 अक्तूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। दुर्घटनाओं में कमी लाकर जनप्रदीय यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखें।



कलक्ट्रेट से यातायात जागरूकता रथ रवाना करते डीएम व एसपी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि नियमों का पालन करके ही हादसों को रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सीट बेल्ट, हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाएं। ओवर स्पीड में वाहन कत्तई न चलाए। रेड लाइट जम्पिंग न करें। वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन, ईयर फोन का प्रयोग कत्तई न करें। नशे की हालत में वाहन न चलाए। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह- जगह यातायात जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# अवैध खनन पर 1.46 लाख रुपया जुर्माना

- खनन अधिकारी की जांच में अवैध खनन पकड़े जाने पर की गई कार्रवाई

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने अवैध मिट्टी खनन के मामले में खनन करने वालों के विरुद्ध 1 लाख 46 हजार 600 रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई खनन अधिकारी की जांच में अवैध खनन पकड़े जाने पर हुई है। 17 मई 2024 को शिकायत पर खनन अधिकारी ने बखिरा थाना क्षेत्र के बौरव्यास में छापेमारी की।

इस दौरान अवैध खनन की पुष्टि हुई। जांच में 390 घटन मीटर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया। वृहद जांच और नोटिस और स्पष्टीकरण तलब करने के बाद अब जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने अवैध खनन करने वाले शिवबखरी निवासी विष्णु सिंह पुत्र स्वर्गीय फूलदेव सिंह, दारा सिंह पुत्र फूलदेव सिंह पर 1 लाख 46 हजार 600 रुपए का जुर्माना लगाया। उक्त जुर्माना की धनराशि एक माह के भीतर जमा न करने पर तहसील से वसूली के लिए आरसी जारी की जाएगी।

# रिश्तेदारी में युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म



**असुरक्षित महिलाएं**

- गांव में अपने मौसेरे भाई के वरीक्षा कार्यक्रम में आया था आरोपी युवक
- पीड़िता की मां ने देर शाम धनघटा थाने में आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया केस

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। धनघटा क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आए युवक ने पड़ोस के एक व्यक्ति के घर में घुसकर सो रही किशोरी से दुष्कर्म किया। आरोपी ने हथियार से किशोरी को डरा कर घटना किसी को बताने पर जानमाल की धमकी दिया। पीड़िता ने मां को आपबीती बताई।

इस मामले में बुधवार की देर शाम पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और जानमोल की धमकी का केस दर्ज किया।

पीड़ित मां का आरोप है कि 20 सितंबर की शाम पति उसे लेकर गांव में दूसरे वाले छप्पर में सोने चले गए थे। घर में कमरे में कक्षा छह में पढ़ने वाली उसकी 13 वर्षीय बेटी सोई थी। गांव में रिश्तेदारी में अपने मौसा के घर आया युवक रात 12 बजे उसके बेटी के कमरे में घुस गया। आरोपी युवक ने उसके बेटी से पहले छेड़खानी की और बाद में बेटी से दुष्कर्म किया।

आरोपी हथियार लेकर गया था और बेटी को धमकी दिया कि घटना किसी को बातने पर जान से मार देगा। आरोपी युवक एक सितंबर को अपने मौसेरे भाई के वरीक्षा कार्यक्रम में आया था और तभी से मौसा के घर रह रहा है। सामाजिक भय की वजह से घटना नहीं बताई। बेटी ने 30 सितंबर को आपबीती बताई तो घटना की जानकारी हुई। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ घर में घुस कर दुष्कर्म करने और पॉक्सों एक्ट, जानमाल की धमकी देने के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को महिला आरक्षी की देखरेख में मेडिकल जांच को भेजा जाएगा। आरोपी की तलाश शुरु कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एमवी एक्ट में 70 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 70 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 81 हजार रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दबंगों ने दी बस्ती उजाड़ने की धमकी

संतकबीरनगर। संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल तहसील क्षेत्र के घटरमा गांव में दबंगों ने दलित बस्ती के लोगों द्वारा उजाड़ने की धमकी दी। धमकी की सूचना पर पहुंचे प्रशासन के लोगों ने न्याय पूर्ण कार्रवाई का आश्वासन दिया।

तहसीलदार को सौंपे शिकायती पत्र में तहसील क्षेत्र के घटरमा निवासी राम सुरेश, रामपत प्रसाद, राधेश्याम, रामकेश, संजय, भारत, रंजीत, राजकुमार ने लिखा है कि वह जमीदारों के इजाजत से गांव के गाटा संख्या 165, 166 में बसे हुए हैं। पूर्वजों के जमाने से हम लोग लगभग पांच पीढ़ी से यहां रह रहे हैं। इस गाटा पर बसे लोगों को दबंगों द्वारा आए दिन उजाड़ने की धमकी दी जाती है। घर पर पहुंचकर इन लोगों द्वारा परिवार के लोगों से गाली-गलौज किया जाता है। सभी ने तहसीलदार से अपना आशियाना उजाड़ने से बचाने की गुहार लगाई है। मौके पर पंहुचे पूर्व विधायक व तहसीलदार ने ग्रामीणों की समस्या सुना। उनके साथ अन्याय नही होने देने तथा कार्रवाई का भरोसा दिया। पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल ने कहा कि पीड़ितों की शिकायत सुना गया। मामले में हर संभव मदद की जाएगी। अजमत अली, अब्दुल गनी आदि लोगों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमीन को अपना बताते हुए पीड़ितों को नोटिस भेजा था। इस बारे में बात करने पर तहसीलदार आनंद कुमार ओझा ने कहा कि पीड़ितों ने लंबे समय से बसे भूमिं से उजाड़ने के धमकी देने के मामले में प्रार्थना-पत्र दिया था।

# धर्मसिंहवा में पीस कमेटी की बैठक

धर्मसिहवा। नवरात्र को लेकर प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। थाना धर्मसिंहवा पर सींओ मेहदावल के नेतृत्व में क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों के साथ बैठक की। लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किए। नवरात्र को देखते हुए मंगलवार को स्थानीय थाना पर सीओ मेहदावल केशवनाथ के नेतृत्व क्षेत्र के आयोजकों और संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की गई। बैठक में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा पूनम मौर्या, एसएस आई शशिकांत तिवारी, एसआई गामा यादव, एसआई परवेज अहमद खान सहित क्षेत्र के कैलाश वर्मा, मनोज, धर्मेंद्र, अफज़ल आदि लोग मौजूद रहे।

# गाली-गलौज कर मारने पीटने का लगाया आरोप

सेमरियावां, हिन्दुस्तान संवाद। बेलहर थाना क्षेत्र के गांव छपवा निवासी एक व्यक्ति ने दुधारा थाना क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन लोगों पर गाली गलौज करते हुए मारने-पीटने का आरोप लगाया है। दुधारा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बेलहर के गांव छपवा निवासी संतोष कुमार पुत्र पृथीपत ने दुधारा पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। कहा है कि प्रार्थी का पुत्र राज (16) तथा कृष्णा (14) पुत्र संतोष दोनों अन्य लड़कों के साथ पिपरा बोरिंग त्रिपाठी कोचिंग सेंटर पर ट्यूशन पढ़ने प्रतिदिन आते हैं। 28 सितम्बर को शाम 6 बजे ट्यूशन से घर वापस आते समय पिठिया चौराहे पर पहुंचे थे। सिरपत पुत्र दुलारे निवासी पिठिया थाना दुधारा, सोहन पुत्र रमापति, रीतू पुत्र दिनेश चौबे, अर्जुन पुत्र कटेश्वर निवासी सुकरौली थाना दुधारा मेरे दोनों बच्चों को मां-बहन की गाली देते हुए लात-मूका, लाठी-डंडा से मारपीट दिए। मेरे ही गांव के अविनाश व छोटू को भी मारपीट दिए। जिससे चारों बच्चों को चोटे आई हैं। मौके पर पहुंचे लोगों ने बीचबचाव किया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। यह लोग मनबढ़ और दबंग किस्म के हैं। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे ने कहा कि तहरीर पर केस दर्ज किया है।

जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी निकालते बच्चे ब्लूमिंग बड्स इंटर कालेज के छात्र।



पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस कर्मियों को एकता व अखंडता की शपथ दिलाते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम, जिले के स्कूल-कॉलेजों में किया गया ध्वजारोहण, शपथ के साथ ही हुआ पौधरोपण

# जयंती पर महात्मागांधी व शास्त्री को किया नमन

**कार्यक्रम**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती बुधवार को धूम-धाम से मनाई गई। पूरे जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। ध्वजारोहण के साथ ही एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूलों में कार्यक्रम हुए। स्वच्छता अभियान भी चला गया। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी सभी ने संदेश दिया। जिले में प्रमुख कार्यक्रम कलक्ट्रेट में आयोजित हुआ है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने सुबह आठ बजे ध्वजारोहण किया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को दो की एकता, अखंडता एवं अहिंसा की शपथ दिलाई।

इसके बाद कलक्ट्रेट सभागार में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। बापू और पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के सिद्धान्तों एवं आदर्शों के व्यावहारिक पक्ष को आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गांधी जी के अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, विचारधारा, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति एवं शास्त्री जी के आत्मबल तथा साहस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उपस्थित लोगों से इन महापुरुषों की जीवन शैली एवं कार्यशैली से सीख लेकर उसे अपनी कार्यशैली में सुधार करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी इच्छाशक्ति के धनी थे, विपरीत परिस्थितियों में भी इन महापुरुषों ने अपने धैर्य, साहस एवं आत्मबल से देश और समाज को नई दिशा देने, देश के नागरिकों में आत्मनिर्भरता का जज्बा भरने का अनुकरणीय कार्य किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम गांधी जी की 'स्वच्छता' के प्रति सोच का परिणाम है। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने कहा कि देश, मानवता एवं समाज के हर वर्ग के सच्चे विकास के प्रति गांधी जी एवं शास्त्री जी की सोच को आज के परिवेश में वर्तमान सरकार के निर्देशन और मार्गदर्शन में विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से साकार किया जा रहा है। इस अवसर पर शिवकुमार गुप्ता, सुभाष यादव, अपर उप जिलाधिकारी अरुण वर्मा, उप जिलाधिकारी संजीव राय, डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डॉ सुनील कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, जिला होमगार्ड कमांडेंट शैलेंद्र मिश्र, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सतीश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट बद्री प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी हुए पुरस्कृत :** मगहर महोत्सव आयोजन में बेहतर कार्य करने के उपलक्ष्य में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश के साथ प्रदीप त्रिपाठी, रंजीत गुप्ता, कृष्णा एवं अभिनव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



ध्वजारोहण के बाद कलक्ट्रेट पर लोगों को शपथ दिलाते डीएम महेंद्र सिंह तंवर।



कलक्ट्रेट में देश की एकता व अखंडता की शपथ लेते अधिकारी व कर्मचारी।

- सार्वजनिक स्थानों पर बजती रही राम धुन
- कलक्ट्रेट पर जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

## दिव्यांगजनों के लिए आयोजित हुआ कार्यक्रम

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पहचान डे केयर सेंटर के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इसमें लाभार्थी अनुप कुमार मिश्र, चंदन, नूर फातिमा, मोनिका, फैज खान आदि शामिल रहे।

## अधिकारियों ने किया पौधरोपण

इसके बाद डीएम महेन्द्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता व अपर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। विकास भवन पर सीडीओ जयकेश त्रिपाठी ने तिरंगा फहराया।

## यातायात जागरूकता वाहन रवाना

जिलाधिकारी व एसपी ने दो अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत यातायात जागरूकता के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एआरटीओ प्रियंवदा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनी जयंती

मगहर। मगहर में धूम धाम से बुधवार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान स्थित क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम में मंत्री रविन्द्र लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रभात फेरी निकाली। कर्मचारियों ने चरखा से सूत कात कर उन्हें नमन कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। यहीं नगर पंचायत मगहर के विभिन्न वार्डों में चेयरपर्सन अनवरी बेगम व मोहिउद्दीन में ग्राम प्रधान मो.असजद ने श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ईओ वैभव सिंह, सभासद अवधेश सिंह, आतिफ-ओबैद, मेंहदी हसन, सभासद पति मो. असअद, सुहेल अख्तर, लिपिक संजय दूबे, मो. नबी, आलोक कुमार आदि ने श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प लिया।

## राष्ट्रपिता के बताए मार्गों पर चलने की दी सीख

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की मनी जयंती
- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में वस्त्र वितरण कर सम्मानित किया गया

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद की पुलिस लाइन में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इसके बाद गार्द द्वारा सलामी दी गई।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने की सीख दी। इसके अलावा सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने व निर्बल वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। एसपी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्गों का अनुसरण करने, दहेज प्रथा को समाप्त करने तथा अश्लील साहित्य प्रकाशन बंद करने के लिए अभियान चलाए जाने के संबंध में भी बताया। कार्यक्रम में मिष्ठान वितरण के साथ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी दिलीप कुमार, सनोज कुमार, पिंटू, कृष्णा, रवि कुमार को वस्त्र वितरण कर सम्मानित किया। इसी तरह जनपद के समस्त सर्किल कार्यालय, थानों, पुलिस चौकियों व फायर स्टेशनों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

# माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस



धर्मसिंहवा में पीस कमेटी की बैठक हुई। संवाद

**धर्मसिंहवा।** दुर्गा पूजा को सकुशल संपन्न करने के लिए बुधवार को धर्मसिंहवा थाने पर सीओ केशव नाथ की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सोओ मेंहदावल केशव नाथ ने कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। सीओ ने कहा कि सभी आयोजनकर्ता समिति में वालंटियर बना ले और पंडाल का रखरखाव भी करें। हल्के ध्वनि यंत्रों का प्रयोग करें। जिससे किसी को परेशानी ना हो। कहा कि दुर्गा पूजा पारंपरिक तरीके से मनाई जाएगी। किसी ने अगर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो पुलिस उसके साथ कड़ाई से निपटेगी। कहीं भी किसी प्रकार का समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक के दौरान एसओ पूनम मौर्या, शशिकांत त्रिपाठी, अरशद खान, कैलाश नाथवर्मा, मनोज जायसवाल,महेश वर्मा, बालकिशन प्रजापति, सुनील आदि मौजूद रहे। संवाद

## धर्मसिंहवा में पीस कमेटी की बैठक

धर्मसिहवा। नवरात्र को लेकर प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। थाना धर्मसिंहवा पर सीओ मेहदावल के नेतृत्व में क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों के साथ बैठक की। लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किए। नवरात्र को देखते हुए मंगलवार को स्थानीय थाना पर सीओ मेहदावल केशवनाथ के नेतृत्व क्षेत्र के आयोजकों और संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की गई। बैठक में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा पूनम मौर्या, एसएस आई शशिकांत तिवारी, एसआई गामा यादव, एसआई परवेज अहमद खान सहित क्षेत्र के कैलाश वर्मा, मनोज, धर्मेंद, अफजल आदि लोग मौजूद रहे।

# शारीरिक संबंध बना तोड़ा रिश्ता, केस

संतकबीरनगर/बेलहर, हिंटी। बेलहर क्षेत्र की एक युवती से रिश्ता तय होने पर शारीरिक संबंध बनाने और फिर फोन पर शादी से इनकार कर देने के मामले में पुलिस ने मंगेतर और उसके भाई पर केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बेलहर क्षेत्र की पीड़ित युवती का आरोप है कि बखिरा क्षेत्र के रहने वाले आरोपी युवक से उसकी शादी दोनों परिवारों की सह पर तय हुई थी। तीन फरवरी 2022 को सहजनवा के एक मैरेज हाल में उसकी सगाई हुई थी। आरोप कि शादी तय होने की बात कह कर आरोपी युवक ने उससे शारीरिक संबंध बनाया। युवक उसे लेकर खलीलाबाद के एक होटल में गया और नशीली दवा खिलाकर उससे दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। आरोपी युवक कई बार उसके गांव आया था और आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर वायरल करने धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। शादी करने का वादा करता था। आरोप है कि वह गर्भवती हो गई तो जबरदस्ती दवा खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। उसके परिवार वाले शादी की तिथि तय करने की बात करते हैं तो टाल मटोल करता है। आरोप है कि 13 सितंबर 2024 को फोन पर काल करके आरोपी युवक ने उससे शादी करने से मना कर दिया। आरोपी का भाई भी उसे शादी का दबाव बनाने पर धमकी देता है। एसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि आरोपी मंगेतर और उसके भाई पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## घर में घुस कर किशोरी से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। घनघटा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर किशोरी से छेड़खानी मामले में आरोपी और उसके घर वालों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित मां का आरोप है कि 28 जुलाई को आरोपी युवक उसके घर में घुस कर उसकी 17 वर्षीय बेटी से छेड़खानी करने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी देकर चला गया। आरोप है कि आरोपी के साथ आरोपी के परिजन जान से मारने की धमकी दी। थाने पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। रजिस्टर्ड डाक से एसपी को प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

# हर माह हो रही बैठक फिर भी नहीं कम हो रहे सड़क हादसे

जागरण संवाददाता,जागरण: संतकबीर नगर: हर माह डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है। इसमें लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने पर बल दिया जाता है। इन नियमों का कड़ाई से पालन कराने की बात कही जाती है। कहीं कट्स न रहे, इसे बंद करने के निर्देश दिए जाते हैं। जिससे कट्स के जरिए एक लेन से दूसरे लेन में जाने के दौरान कोई हादसा न हो। रेडियम पट्टी, संकेतक लगाने के निर्देश दिए जाते हैं। बैठक खत्म होने के बाद संबंधित विभाग सही से काम नहीं करते। यही कारण है कि सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं।

**44 माह में हादसे में 663 लोगों की चली गई जिंदगी** : एक जनवरी 2021 से एक सितंबर 2024 तक के आंकड़ों पर नजर डालने पर पाएंगे कि 44 माह में सड़क हादसे में 2,248 लोग घायल हुए। इसमें 663 लोगों की जिंदगी चली गयी। इसमें सर्वाधिक कोतवाली खलीलाबाद के 249, धनघटा के 99, बखिरा के 82, महुली के 73, दुधारा के 65, मेंहदावल के 46, बेलहरकला के 44 व धर्मसिंहवा

- **बैठक खत्म होने के बाद संबंधित विभाग इस पर सही से नहीं करते काम**
- **वाहन चालक नियमों की कर रहे अनदेखी, जागरुकता अभियान का असर नहीं**

थाना के पांच मृतक शामिल हैं। जबकि 406 लोग घायल हो गए। वहीं 452 लोगों को चोट लगी लेकिन उनकी जिंदगी बच गयी और 727 लोग घटना में बाल-बाल बच गए।

**एक पशु की मृत्यु जबकि दो गंभीर रुप से हुए घायल** : 44 माह में हुए सड़क हादसे में केवल मानव ही नहीं अपितु पशु भी चपेट में आए। आंकड़ों में इस अवधि में एक पशु की मृत्यु हो गई, जबकि दो पशु गंभीर रुप से घायल हो गए। इस अवधि में हुए हादसे में कुल 1,462 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। सड़क हादसे के मामले में बखिरा में 98, बेलहरकला में 38, धर्मसिंहवा में छह, दुधारा में 59, धनघटा में 176, कोतवाली खलीलाबाद में 335, महुली में 100 व मेंहदावल थाना में 78 मुकदमे दर्ज हुए हैं।

# बापू व लाल के दिखाए रास्ते पर चलें : डीएम

## जयंती पर सुबह प्रार्थना व प्रभात फेरी के बाद किया गया ध्वजारोहण

- देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने का लिया गया संकल्प
- पौधारोपण के साथ साफ-सफाई करके कर्मियों ने किया श्रमदान

जासं, संतकबीर नगरः राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व सादगी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुधवार को भव्य ढंग से मनाया गया। सुबह प्रार्थना व प्रभात फेरी के बाद ध्वजारोहण किया गया। कलेक्ट्रेट में डीएम, पुलिस लाइन में एसपी, विकास भवन में सीडीओ सहित अन्य कार्यालयों में यह कार्यक्रम हुआ। देश की एकता, अखंडता बनाए रखने के लिए संकल्प लिया गया। पौधा लगाने के साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को सुबह आठ बजे ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों, छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया। डीएम ने देश की एकता, अखंडता बनाए रखने के लिए शपथ दिलायी। डीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज व देश का समग्र विकास करें।

यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। इन महापुरुषों की जीवन व कार्य शैली को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। ये दोनों महापुरुष इच्छाशक्ति के धनी थे, विपरित परिस्थितियों में अपने धैर्य, साहस, आत्मबल से देश और समाज को नई दिशा दिखायी।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, अपर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा, एसडीएम न्यायिक संजीव राय व डा. सुनील कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण के बाद तिरंगे का अभिवादन करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर • जागरण



कलेक्ट्रेट परिसर में देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेते अधिकारी, कर्मचारी • जागरण

**दिव्यांगों को दिया गया हेल्थ कार्ड :** कलेक्ट्रेट सभागार में निरामया योजना के तहत आयुष कुमार मिश्र, चंदन कुमार, नूर फातिमा, मंशिका, फैज खान, मो.साजिद आदि दिव्यांगों में हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एहसास डे केयर सेंटर के निदेशक आनंद कुमार त्रिपाठी, संतोष के अलावा दिव्यांग लाभार्थी उपस्थित रहे।

## रंगोली में दिव्या, सीमा, महिमा, अंशु प्रथम

जासं, संतकबीर नगरः राजकीय इंटर कालेज बनौली में बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता हुई। कक्षावार बच्चों ने रंगोली तैयार किया। जिसमें दिव्या चौहान, सीमा मौर्या, महिमा, अंशु यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने रैली से स्वच्छता व एकजुटता का संदेश दिया। नियमित स्वच्छता अपनाने को जागरूक किया। प्रधानाचार्य अन्यास सिंह, प्रवक्ता अंकित सिंह ने शिक्षकों के साथ अवलोकन करके अंक प्रदान किया। इसके बाद परिणाम की घोषणा हुई। प्रवक्ता इमामुद्दीन, शिक्षक सुप्रिया सिंह, विनोद कुमार, रमाकांत यादव सहित विद्यालय के शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।



राजकीय इंटर कालेज बनौली में रंगोली बनाते बच्चे • सौ. प्रधानाचार्य

# अफवाहों पर न दें ध्यान, आपसी सौहार्द के बीच मनाएं पर्व

जासं,महुली: एसडीएम रमेश चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को महुली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम ने कहा कि दुर्गा पूजा के आयोजकों से कहा कि आपसी सौहार्द के बीच पर्व मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल तहसील प्रशासन और पुलिस को अवगत कराएं। इस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष हरेश तिवारी ने कहा कि महुली थाना क्षेत्र में 138 जगहों पर दुर्गा प्रतिमाएं लगेंगी। बड़े पंडालों में व्यवस्थापक सीसी कैमरा लगाएं। छोटे पंडालों में वालंटियर को तैनात करें। निर्धारित से अधिक आवाज में डीजे बजाने पर संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक रामकरण निषाद, उप निरीक्षक वीरेंद्र मिश्र व सत्येंद्र यादव, प्रधान राजमन यादव, उदयराज यादव, महेश यादव, फिरोज खान गुड्डू,मिट्ठू सोनकर आदि मौजूद रहे।




महुली थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम रमेश चंद्र( बाएं),थानाध्यक्ष हरेश तिवारी( मध्य में)● जागरण

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते डीएम महेंद्र सिंह तंवर( दाएं से चौथे), एसपी सत्यजीत गुप्ता( दाएं से तीसरे) ● जागरण

**जासं, संतकबीर नगर:** डीएम व एसपी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इन्होंने जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आम जन को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना है। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि बिना सीट बेल्ट व हेलमेट लगाए वाहन न चलाएं। तेज गति से वाहन न चलाने, रेड लाइट देखकर वाहन को रोक दें।

# शारदीय नवरात्र आज से... सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट पर

## पांच थानों को दी गई अतिरिक्त फोर्स, तीन सेक्शन पीएसी, नौ क्यूआरटी की तैनाती

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद में शारदीय नवरात्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है।

कोतवाली खलीलाबाद, दुधारा, धनघटा, बखिरा एवं मेंहदावल थाना को स्थानीय पुलिस टीम के साथ ही अतिरिक्त पुलिस फोर्स का आवंटन किया गया है। तीन सेक्शन पीएसी, नौ क्यूआरटी एवं तीन फायर टेंडर को तैनात किया गया है, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

शारदीय नवरात्र को लेकर पुलिस प्रशासन की तरफ से पहले की स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक कर लिया गया है, जिससे शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को संपन्न कराया जा सके। इसके लिए स्थानीय पुलिस के अतिरिक्त 10 इंस्पेक्टर, 13 एसआई, 107 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 38 महिला कांस्टेबल की व्यवस्था की गई है।

पुलिस के अनुसार शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद में तीन निरीक्षक, तीन एसआई, 32 हेड़ कांस्टेबल व कांस्टेबल, 10 महिला कांस्टेबल एवं डेढ़ सेक्शन पीएसी, एक फायर टेंडर, थाना दुधारा में दो निरीक्षक, तीन एसआई, 12 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, आठ महिला कांस्टेबल, थाना धनघटा में एक निरीक्षक, दो एसआई, 18 हेड़ कांस्टेबल व कांस्टेबल, चार महिला कांस्टेबल एवं एक फायर टेंडर, थाना मेंहदावल में दो निरीक्षक, दो एसआई, 21 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, सात महिला कांस्टेबल एवं एक फायर टेंडर, थाना बखिरा में दो निरीक्षक, तीन एसआई, 26 हेड कास्टेबल व कांस्टेबल, नौ महिला कांस्टेबल एवं डेढ़ सेक्शन पीएसी की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई हैं।



नवरात्र को लेकर मोती चौराहे पर बन रहा पंडाल। संवाद

> शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को देखते हुए सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। किसी को भी अराजकता फैलाने अथवा माहौल खराब करने की छूट नहीं दी जाएगी। ऐसे लोगों के साथ पुलिस टीम सख्ती के साथ पेश आएगी।
>
> - सुशील कुमार सिंह, एएसपी



समय माता मंदिर। संवाद

# देश की एकता और अखंडता की दिलाई गई शपथ

## जनपद में जगह-जगह महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती, स्वच्छता का लिया संकल्प

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही स्वच्छता का संकल्प लिया गया। कलक्ट्रेट में डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने झंडारोहण किया। अधिकारी, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों और छात्र-छात्राओं को देश की एकता, अखंडता व अहिंसा की शपथ दिलाई गई।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इन महापुरुषों के सिद्धांतों एवं आदर्शों के व्यावहारिक पक्ष को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान एडीएम जय प्रकाश, अपर एसडीएम अरुण वर्मा, एसडीएम संजीव राय, डिप्टी कलक्टर कलक्ट्रेट डॉ. सुनील कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव आदि मौजूद रहे।

डीएम ने मगहर महोत्सव आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में अपर जिलाधिकारी सहित प्रदीप त्रिपाठी, रंजीत गुप्ता, कृष्ण एवं अभिनव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने आजाद चौक और अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसी तरह से जिला अस्पताल में पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पांडेय के नेतृत्व में मरीजों में फल वितरित किया गया। जिला पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष बलिराम यादव ने ध्वजारोहण किया।

धनघटा : ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रामवृक्ष यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को देश उनके आजादी के प्रति समर्पण के लिए याद रखता है। इस मौके पर बीडीओ विवेकानंद मिश्र, एडीओ पंचायत मैनुद्दीन, एपीओ मेराजुल हक, दिलीप कुमार, बृजेश उर्फ भोलू यादव, टीए फूल चन्द्र यादव, जयंत आदि मौजूद रहे।

सेमरियावां : सेमरियावां, बाघनगर, उशरा शहीद, कानपुरा, दुधारा, परसा सेख, तिलजा, बजहरा, पैली, उमीला, बूधा और सालेहपुर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जाकीर अली, अब्दुर्रहीम, मनोज कुमार अनिल, फूल चंद, बैरागी, शमीम अहमद, असरारुल हक, राम निहोर, शम्स अजीज आदि मौजूद रहे।

बेलहर : ब्लॉक मुख्यालय बेलहर कला परिसर में खंड विकास अधिकारी श्वेता वर्मा और एडीओ पंचायत पंकज सिंह ने ध्वजारोहण किया। श्रीराम नरेश चौधरी कृषक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामपुर सरकारी मोहन धनलीला महाविद्यालय जंगल बेलहर में समेत सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण हुआ।

बखिरा : गांधी जयंती पर चेयरमैन आमिर अंसारी ने झंडारोहण किया। इसके बाद अभियान के अंतर्गत श्मशान स्थल पर अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश व चेयरमैन आमिर अंसारी व सभासदों ने झाड़ू लगाकर नगर पंचायत के समस्त नागरिकों को नगर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभासद धर्मेंद्र कुमार उर्फ काका, आशुतोष पंकज, गौतम समेत अन्य लोग रहे।


कलक्ट्रेट में ध्वजारोहण के बाद बच्चों को शपथ दिलाते डीएम। स्रोत-सूचना विभाग

### ब्लॉक परिसर में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

रोहपाबाजार। ब्लॉक परिसर पौली में जिलाध्यक्ष प्रमुख संत राम मिलन यादव, पौली चौकी पर चौकी जयप्रकाश कुशवाहा, शिवबक्शी में सुनील सिंह सहित क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों पर लोगों ने झंडारोहण किया। बीडीओ अर्पित प्रकाश, एडीओ पंचायत दलसिंगार यादव, रामविलास, विनय कुमार, दिग्विजय, अतुल आदि मौजूद रहे। संवाद

### राष्ट्रीयता के सूत्रधार थे महात्मा गांधी : रविन्द्र

धनघटा (वि)। महात्मा गांधी भारत की राष्ट्रीयता के सूत्रधार थे। उन्होंने उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूरब सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधकर एक राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया। दूसरी तरफ आधुनिक भारत के समृद्धि के कारक लाल बहादुर शास्त्री ने भारत में हरित क्रांति के साथ एक नए युग का आरंभ किया। यह बातें बिंदु देवी मेमोरियल एकेडमी एवं रामेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक इंटर कॉलेज ठकुराडाडी धनघटा के प्रबंधक रविंद्र प्रकाश मौर्य ने गांधी जयंती के अवसर पर कही। कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक इन दोनों महापुरुषों का ऋणी है। एक ने भारत को आजादी दिलाने में त्याग कर दिया अपनी सुख सुविधाओं का त्याग किया और एक यत्न लेकर पूरे देश को एक सूत्र में बंध डाला। वहीं दूसरे ने हरित क्रांति लाकर देश को समृद्धि दिलाने में अपना योगदान दिया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चे राष्ट्रीय गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी तरह क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज धनघटा, फ्यूचर जोन यूनिक फाउंडेशन स्कूल धनघटा, बाल विद्यालय प्रसादपुर, ताराचंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मिठना धनघटा आदि जगह पर राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करके उनके बताए और दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर नृपेंद्र प्रताप मौर्य, डीएन चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।


बिंदु देवी मेमोरियल एकेडमी और रामेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक कॉलेज ठकुराडाडी धनघटा में ध्वजारोहण करते एनसीसी कैडेट्स। स्रोत- स्कूल


पुलिस लाइंस में ध्वजारोहण के बाद सलामी लेते एसपी। स्रोत-पुलिस

### नौनिहालों का भविष्य गढ़ने में शिक्षक और अभिभावकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण


एसआर एकेडमी नाथनगर में महात्मा गांधी के बारे में बताते प्रबंधक राकेश चतुर्वेदी। स्रोत- स्कूल

धनघटा (वि)। एसआर इंटरनेशनल एकेडमी में छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर के प्रगति की जानकारी के लिए बुधवार को शिक्षक - अभिभावक सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान पाल्यों के यूनिक टेस्ट रिपोर्ट कार्ड देख अभिभावक संतुष्ट दिखे। सीधे संवाद करके उनकी समस्या को सुनकर निदान करने का भरोसा दिया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के एमडी राकेश चौबे कक्षावार पहुंचकर बच्चों के यूनिक टेस्ट रिपोर्ट कार्ड देखा। शिक्षकों से अभिभावक द्वारा दिए गए सुझाव पर अमल करने के निर्देश दिए। राकेश चौबे ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक प्रतिभा को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। डिप्टी डायरेक्टर मनोज पांडेय और पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी महाविद्यालय प्राचार्य वेद प्रकाश पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों और शिक्षकों से अभिभावकों को जोड़ने में सेतु का काम करता है। कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ शिक्षक हरिश्चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर प्राचार्य दुर्गेश गोस्वामी, सत्येंद्र शुक्ला, कृष्ण मणि मिश्र, राम ललित, प्रेम प्रकाश पांडेय, महेंद्र चौधरी, दिग्विजय यादव, शत्रुजीत राय, धर्मेंद्र चौरसिया, प्रीति पांडेय आदि मौजूद रहीं।

### सूर्या स्कूल में मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती



सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण करते प्रबंधक। स्रोत स्कूल

संतकबीरनगर (वि)। सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान लोगों ने गोष्ठी कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया। प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि देश के नवनिर्माण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अहम योगदान है वह सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। सभी को उनके बताए गए मार्ग पर चलते हुए देश को आगे ले जाने का काम करना चाहिए। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान किया। इस अवसर पर सविता चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, प्राचार्य चिंतामणि उपाध्याय, सीपी श्रीवास्तव, नितेश द्विवेदी, बबीता पाण्डेय, ममता, अर्चना त्रिपाठी, आरती चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# 70 वाहन चालकों से वसूले शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 70 वाहनों चालकों से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में वाहन चालकों से 81,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किए। संवाद

# अशांति फैलाने वाले नौ लोगों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में नौ आरोपियों को पकड़ कर अशांति फैलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पांच और थाना दुधारा पुलिस ने चार आरोपी को पकड़ कर उनके खिलाफ सभी वैधानिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। संवाद

# अवैध खनन पर एक लाख 46 हजार रुपये लगा जुर्माना

## खनन अधिकारी की रिपोर्ट पर डीएम कोर्ट ने सुनाया फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** डीएम की कोर्ट ने अवैध खनन के मामले में दो सगे भाइयों पर एक लाख 46 हजार रुपयें का जुर्माना लगाया है। एक माह में जुर्माना न देने पर वसूली का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

खनन अधिकारी रमेश महतो ने डीएम को दिए जांच रिपोर्ट में बताया कि 16 मई की रात बखिरा क्षेत्र के बौरव्यास में एक ट्रैक्टर लोडर के साथ पकड़ा गया था। अवैध खनन स्थल पर उपस्थित वाहन चालक, वाहन स्वामी व वहां पर उनके सहयोगियों द्वारा भीड

### एक माह में जुर्माना न देने पर वसूली का आदेश

अदालत से

इकट्ठा कर मौके से ट्रैक्टर सहित लोडर भगा ले जाने में सफल हो गए। रात का समय होने के कारण मौके से अवैध खनन स्थल का जांच नहीं हो पाई।

दोबारा 17 मई को दिन में अवैध खनन स्थल का जांच क्षेत्रीय लेखपाल अमर सिंह चौधरी की मौजूदगी में मौके पर जांच की गई। इस दौरान पाया गया कि जमीन किसी और के नाम है, लेकिन खनन में पकड़े गए ट्रैक्टर के नंबर की जांच हुई तो वाहन स्वामी विष्णु सिंह व उनके भाई दारा सिंह पुत्र स्व फुलदेव सिंह निवासी ग्राम शिवबखरी तहसील खलीलाबाद के नाम पर थी। उसके बाद 27 मई को दोनों भाइयों को नोटिस जारी किया गया। दोनों ने कोई जवाब नहीं दिया।

इसके बाद डीएम कोर्ट में खनन अधिकारी ने वाद दाखिल किया। डीएम महेंद्र सिंह तंवर की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए विष्णु सिंह और दारा सिंह पर 1 लाख 46 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** बेलहरकला क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहर वार्ड नंबर दो में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने में आया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है। मिसलावती देवी ने बताया कि 30 सितंबर की शाम को पुराने रास्ते के विवाद को लेकर उनके पटी रामबेचन, मीना व सतीश यादव उनको व बेटों को गाली देते हुए मारे-पीटे और जानमाल की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के रामबेचन ने अपने शिकायत में बताया कि आपस में हुई कहासुनी को लेकर पटीदार कुलदीप, विपिन, शशि व इसरावती गाली देते हुए मारे-पीटे और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के उक्त सभी आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर घटना की जांच शुरू कर दी। संवाद

# महिलाओं को सुरक्षा के लिए किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद के सभी थाना क्षेत्र में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

गांव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन किया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया।

## महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए चौपाल का आयोजन

इसके अलावा महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उनके साथ सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध व उससे बचाव सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। साथ ही सभी के बीच में महिला सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित किया।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# गांधी व शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई

**आयोजन**

**गोण्डा, संवाददाता।** जिले में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सभी सरकारी, गैर सरकारी दफ्तरों तक शैक्षिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गई। आयुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील और कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम नेहा शर्मा ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की स्वतंत्रता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली।



बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण के बाद शपथ दिलातीं डीएम नेहा शर्मा।

मण्डलायुक्त सभागार में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार गांधीजी का सिद्धांत रहा है। देवीपाटन रेंज कार्यालय पर डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पार्चन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये। डीएम ने सभी छात्रों को सम्मानित किया। इसके बाद डीएम ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर एडीएम आलोक कुमार, सीआरओ महेश प्रकाश, सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, एएसडीएम सुशील कुमार समेत अन्य अफसर व कर्मी मौजूद रहे। पुलिस लाइन में एसपी विनीत जायसवाल ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण किया। साथ ही पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता की शपथ दिलाई गयी। उन्होंने सफाई मित्रों को उपहार देकर पुरस्कृत किया।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को मिले रुपये

**गोण्डा।** साइबर पुलिस की तत्परता से की गई कार्रवाई के चलते ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार हुए दो पीड़ितों को उसकी राशि वापस मिल गई। पुलिस ने बताया कि बजरंगी यादव और हनुमंत लाल प्रजापति ने फ्रॉड ट्रांजेक्शन की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए साइबर सेल द्वारा दोनों पीड़ितों के 25000-25000 रुपए की धनराशि वापस करायी।

# महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** नगर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसके घर में घुसकर दुराचार किया और जानमाल की धमकी दी। मामले में विवेचक अरविन्द यादव ने जांच पड़ताल के दौरान आरोपी अंजुम पुत्र मंजूर अहमद को ग्राम शेखन गांव गंगापुर से गिरफ्तार किया है।

# एसओ ने दी चेतावनी

वजीरगंज। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने डीजे संचालकों के साथ बैठक कर ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष ने बैठक करते हुए नवरात्रि पूजा के दौरान जारी दिशानिर्देशों व मानकों के अनुपरूप डीजे की आवाज रखने का निर्देश दिया।

# मां पर रुकी शक की सुई, हत्या का मुकदमा

## बाबा बोले- बच्ची को नहीं ले गया जंगली जानवर बहू ने ही मारकर छिपा दिया शव

**संवादसूत्र, जागरण • परसपुर (गोंडा) :** अभईपुर मेहरबान गांव में बच्ची की मौत मामले में नया मोड़ आ गया है। शौचालय टैंक में आठ माह की बच्ची का शव मिलने के बाद पुलिस ने मां पर हत्या कर शव छिपाने का मुकदमा किया है। मृतका के बाबा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिले, डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी।

### उठ रहे कई सवाल

मां पर मुकदमा दर्ज होने के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर मां ने क्यों की बच्ची की हत्या। पति बाहर रहते हैं। क्या उनका कोई विवाद था। ऐसे कई सवालों के जवाब लोग तलाश रहे हैं।

अभईपुर के मेहरबान गांव की रहने वाली जगमती ने दावा किया कि शनिवार की रात में वह घर के अंदर आठ माह की बेटी शगुन के साथ चारपाई पर लेटी थी। मुंबई में नौकरी कर रहे पति माताफेर उर्फ सुनील से फोन पर बात कर रही थी। रात के 11 बजे फोन कटने के बाद वह बच्ची के साथ सो गई, लेकिन रात में साढ़े 11 बजे जब उनकी आंख खुली तो शगुन चारपाई पर नहीं थी। बालिका को जंगली जानवर के उठा ले जाने की आशंका पर पुलिस व वन विभाग की टीम सक्रिय सर्च अभियान चलाया। 45 घंटे की मशक्कत के बाद सोमवार की राम को घर के बगल बने शौचालय के टैंक में बालिका का शव बरामद किया गया है। दो अक्टूबर को मृतक बच्ची के बाबा सीताराम ने बहू जगमती पर ही हत्या करने और शव को शौचालय टैंक में डालने की तहरीर दी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि मृतका की मां जगमती के विरुद्ध हत्या करने व शव छिपाने का मुकदमा किया गया है।

# किशोरी को भगाने के आरोपी को पकड़ा

वजीरगंज। पुलिस ने बुधवार को किशोरी भगाने के आरोपी प्रदीप भारती निवासी ग्राम बक्सरा सोनबरसा कोतवाली मनकापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी द्वारा शादी करने की नीयत से थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पिता ने केस दर्ज कराया था। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने पुलिस टीम के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया।

# गायब किशोर को ढूंढकर घर पहुंचाया

खरगूपुर। दो दिन से गायब मंद बुद्धि किशोर को पीआरवी ने ग्रामीणों की मदद से उसके घर सकुशल पहुंचाया। बहराइच जिले के विश्वेशवरगंज थाना क्षेत्र ठोरिया गांव निवासी संतोष वर्मा का 15 वर्षीय बेटा शिवम वर्मा मानसिक मंदित है। संतोष वर्मा ने बताया कि दो दिन पूर्व वह घूमते घूमते घर से कहीं चला गया। काफी ढूढ़ने के बाद भी नहीं मिला। बुधवार को वह खरगूपुर थाना क्षेत्र के कहला गांव में घूमता दिखा। पीआरवी 5641 ने उसे घर तक पहुंचाया।

# ग्रामीणों ने चार संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नोकझोंक**

**रुपईडीह, संवाददाता।** हरिलाल पुरवा में मंगलवार आधी रात गांव के किनारे चार लोग संदिग्ध अवस्था खड़े दिखे। इस पर ग्रामीणों ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करने में असमर्थता जताई तो इसको लेकर ग्रामीणों से तीखी नोकझोंक भी हुई। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि हिन्दुस्तान नहीं करता है।

बताया जाता है कि कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना के मजरे हरिलाल पुरवा के समीप मंगलवार रात रेलवे लाइन के पास चार लोग बाइक के साथ खड़े हुए थे। लोगों के आने की आहट सुनकर भागने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें रोकते हुए इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई करने में असमर्थता जताते हुए सुबह थाने पर आने की बात करने लगी। जिस पर ग्रामीणों व पुलिसकर्मियों में तीखी नोकझोंक भी हुई। जिसके बाद डायल 112 पुलिस ने इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक थाना कौडिया को दी। रात में ही ग्रामीणों ने पूरे घटना की जानकारी वीडियो बनाकर ट्विटर व फेसबुक के माध्यम से उच्चाधिकारियों को दी।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्षेत्र में खलबली मच गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने घटना व वीडियो को फर्जी बताते हुए कहा कि न कोई प्राथमिकी दर्ज है और न कोई घटना हुई है। सब फर्जी है। हिन्दुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# युवक का शव बरामद नहीं हुई शिनाख्त

**मनकापुर।** आईटीआई के पास पुलिया के नीचे से एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक के मुंह पर चोट के भी निशान पाए गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त की कोशिश की लेकिन असफल रही। शव की शिनाख्त के लिए उसे मार्चरी में रखवा दिया गया है।

बुधवार की सुबह आईटीआई चहारदीवारी के पास सड़क के किनारे पुलिया के नीचे गहरे पानी में एक अधेड़ का शव मिला है। ग्राम प्रधान मऊ तुलसीराम यादव की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी हाउस भेजा है। युवक की उम्र लगभग 40 वर्ष है तथा भूरे कलर का शर्ट व नीले रंग का लोअर पहने हुए है। लोअर की जेब में मंगलवार के दिन का मनकापुर से अयोध्या का टिकट भी मिला है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान कराने के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया है।

# तीन महिलाओं पर हमला, मुकदमा दर्ज

**मारपीट**

**परसपुर, संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम मधईपुर कुर्मी के रनियापुर में भूमि से फसल काटने व नीलामी की भूमि वापस न देने पर धारदार शस्त्र से लैस घर में घुसे दबंगों ने बेटी सहित तीन महिलाओं को जमकर पीटा। पीड़िता की ओर से पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध धारदार हथियार से जानलेवा हमले करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़िता अनीता देवी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसने डेढ़ वर्ष पूर्व सुभाष चंद से नीलामी में भूमि ली थी। इसके बाद भूमि वापस करने के लिए उसे लगातार धमकाया जा रहा था। आरोप है कि लाठी-डंडा, लोहे की रॉड व धारदार हथियार से लैस चार लोगों ने पहले भूमि में लगे धान की फसल को काट डाला। इसके बाद जान से मारने की नियत से घर में घुसे लोगों ने उस पर हमला बोल दिया। चीख-पुकार सुनकर बचाने दौड़ी जेठानी केतकी व पुत्री दीप शिखा पर भी हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि गांव के ही सुभाष चन्द सहित चार आरोपियों के विरुद्ध थाने में केस दर्ज हुआ है।

# तालाब में उतराता मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस

- टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल
- शोकसभा कर दी गई श्रद्धांजलि

रुपईडीह, संवाददाता। गांव हरखापुर के उमरा में मंगलवार रात एक वृद्ध की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बुधवार सुबह परिजन उसे बिस्तर पर न पाकर खोजबीन करने लगे तो कुछ देर बाद उसका शव उतराता हुआ पाया गया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान बच्चन मिश्रा व परिजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच व पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरखापुर के मजरा उमरा के निवासी श्याम नाथ मिश्रा उर्फ ननकुन्ने मिश्रा पुत्र बच्चू लाल मिश्रा उम्र करीब 70 वर्ष रोज की तरह मंगलवार शाम को खा पीकर अपने बरामदे में सो गए। बुधवार सुबह परिजन उन्हें बिस्तर पर न पाकर खोजबीन करने लगे, जिसके बाद उनका शव घर के सामने तालाब में उतराता हुआ दिखा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के उमरा के श्यामनाथ मिश्रा आंख से कम देख पा रहे थे। अंदेशा है कि वह रात में पेशाब करने उठे और तालाब में गिर गए। जिससे डूबकर उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चल सकेगा।

**आशा के पति की मौत पर शोक जताया :** उमरा के आशा प्रेम देवी के पति श्याम नाथ मिश्रा उर्फ ननकुन्ने की तालाब में डूबकर मौत होने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शोक सभा कर शोक जताया। सीएचसी अधीक्षक डॉ अजय यादव, डॉ वीर बहादुर सिंह, डॉ शिवकुमार, बीसीपीएम महेंद्र विश्वकर्मा, अग्नि श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट नींबू लाल, आलोक पाठक, सुनील कुमार, राजेंद्र प्रसाद, जगदेव शुक्ला ठाकरे, मंजू सिंह, शिल्पी, अनुपमा त्रिपाठी ने शोकसभा में दो मिनट मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर ग्राम पंचायत में शौचालय के टैंक में मिली थी लाश

# मां के खिलाफ दुधमुंही बच्ची की हत्या का मुकदमा दर्ज

**परसपुर, संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अभईपुर ग्राम पंचायत के मेहरबानपुरवा में दुधमुंही बच्ची की मौत के मामले में बुधवार को पुलिस ने उसकी मां जगपती के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बेटी पैदा होने के बाद उसका पति नाराज था और वह मुंबई से घर नहीं आ रहा था। बीते शनिवार की रात संदिग्ध हालात में बिस्तर से गायब हुए दुधमुंही बच्ची का शव सोमवार को शौचालय के टैंक से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस हत्यारोपी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

जांच में पता चला है कि बेटी पैदा होने के ताने से नाराज मां जगपती ने शनिवार की रात 10:59 बजे मोबाइल पर मुंबई में रह रहे पति माताफेर से



शगुन की फाइल फोटो

बात की। इसके आधे घंटे बाद बच्ची गायब हो गई। ससुर सीताराम का आरोप है कि उसकी बहू ने ही अपनी बच्ची को घर के पीछे टैंक में डुबोकर मार डाला। सीताराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि शनिवार की रात नातिन शगुन गायब हो गई थी। रविवार को उसने जानवर के उठा ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। सोमवार को उसका शव घर के

- **बेटी पैदा होने के ताने पर बच्ची की मां ने दिया घटना को अंजाम**
- **बच्ची के बाबा की तहरीर पर परसपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

पीछे बने शौचालय के टैंक के पानी में उतराता हुआ मिला। ससुर का आरोप है आठ माह की बच्ची चलकर वहां तक जा नहीं सकती। जब उसने पता किया तो पता चला कि उसकी मां ने ही बच्ची को मारने के लिए टैंक के पानी में डाल दिया था। पहले बच्ची को खोजने के लिए पुलिस व वन विभाग ने दो दिन सर्च अभियान चलाया। इसके बाद एसपी विनीत जायसवाल व एएसपी राधेश्याम राय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घर के पीछे गड्ढे व टैंक से पानी निकलवाए जाने का निर्देश अधीनस्थों को दिया था। पुलिस ने जैसे ही पम्पिंग सेट से टैंक से पानी निकलवाना शुरू किया तो बच्ची टैंक में मिल गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की मौत पानी में डूबने से होने की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

एएसपी पश्चिमी के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर पूछताछ में पता चला है कि पति माताफेर मुंबई चला गया था। बेटी पैदा होने के बाद वह घर नहीं आया। उसके बड़े भाई के दो बेटे हैं। एएसपी ने बताया कि बेटी पैदा होने से पति नाराज था। माना जा रहा है कि इसी से गुस्साई महिला ने अपनी फूल सी बच्ची की जान ले ली।

# 2,084 पंडालों में विराजेंगी मां दुर्गा

## पुलिस-प्रशासन ने आयोजन के लिए बनाई रणनीति, शहर में 186 स्थानों पर होगा आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** जिले में शारदीय नवरात्र के दौरान नगरीय व ग्रामीण इलाकों में कुल 2,084 पूजा पंडाल सजेंगे। बुधवार शाम तक नवरात्र शुरू होने से पूर्व मां दुर्गा प्रतिमा के साथ ही रामलीला मंचन समेत तमाम तैयारी की गईं। निर्बाध बिजली के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रत्येक पंडाल पर कांस्टेबल और होमगार्डों की तैनाती रहेगी।

शहर के 186 समेत जिलेभर में कुल 2,084 पूजा पंडालों के लिए अनुमति दी गई। खैराभवानी से लेकर कालीभवानी समेत जिलेभर के मंदिरों में साफ-सफाई समेत तमाम तरह की इंतजाम किए गए। महिलाओं समेत श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पंडाल के आसपास एक पुलिसकर्मी और होमगार्ड की तैनाती की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने बताया कि स्थानीय थाने की पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करेगी। वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड और पीएसी को भी अलर्ट मोड में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजकों के साथ पीस कमेटी की बैठकें हो चुकीं हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सभी पीएचसी व सीएचसी पर बेहतर इंतजाम के निर्देश दिए गए। पावर कॉर्पोरेशन अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना ने बताया कि पंडालों के आसपास सभी ढीले तारों को दुरुस्त कर लिया गया। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए। डीपीआरओ लालजी दूबे ने बताया कि पूजा पंडालों के आसपास बेहतर सफाई इंतजाम के निर्देश दिए हैं।



करनैलगंज में शारदीय नवरात्र को लेकर स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा। -संवाद

- **नवरात्र के दौरान मौसम में नरमी के आसार :** आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल में चक्रवाती परिसंचरण के चलते पूर्वी यूपी में बारिश के आसार हैं। ऐसे में शुक्रवार को गोंडा में भी हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद राहत मिल सकती है।

### धार्मिक स्थलों के आसपास नहीं बिकेगा मीट

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल के सहायक आयुक्त राम नरेश ने बताया कि प्रमुख धार्मिक स्थलों व मार्गों पर मीट-मांस की दुकानें बंद कराई गई। अगर कहीं सूचना मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं नवरात्र में प्रसाद समेत खाद्य सामग्रियों में किसी तरह के मिलावट रोकने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह के मिलावटी समान बेचने व बनाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

### “ सभी को दिए गए निर्देश, तैयारी पूरी

शारदीय नवरात्र को लेकर प्रशासन स्तर से सभी तैयारियां पूरी की गई है। पुलिस प्रशासन के साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की शिकायत के लिए सीधे अधिकारियों से संपर्क किए जा सकते हैं। -आलोक कुमार, एडीएम

# तालाब में डूबकर बुजुर्ग की मौत, जांच शुरू

संसू, जागरण• कौड़िया/आर्यनगर (गोंडा) : कौड़िया के उमरा गांव निवासी श्यामनाथ मिश्र उर्फ ननकुन्ने का शव बुधवार सुबह घर के बगल स्थित तालाब में उतराता मिला। मृतक के पौत्र सर्वेश ने बताया कि प्रतिदिन की भांति रात में भोजन करने के बाद सो गए थे। सुबह उठने पर देखा कि वह बिस्तर पर नहीं है। उनकी तलाश करना शुरू की गई। घर के बगल स्थित तालाब में शव उतराता मिला। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**पुलिया के नीचे मिला शव**

दतौली : आइटीआइ मनकापुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास पुलिया के नीचे पानी में युवक का उतराता मिला है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाल मनकापुर संतोष मिश्र ने कहा कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोतवाल ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

## जेब से निकाल लिया रुपया

कौड़िया : कस्बा के बड़हरा जोत निवासी दिलीप कुमार ने कहा कि वह सोमवार को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक बनगाई में रुपये जमा करने गए थे। किसी व्यक्ति ने जेब में रखा 9500 रुपये निकाल लिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गा विजय सिंह ने बताया कि प्रकरण के संबंध में जानकारी नहीं है। (संसू)

## पुत्री को पीटा, मुकदमा

आर्यनगर : रुकमंगतपुर गांव निवासी मंगल विश्वकर्मा, उनकी पत्नी सरोज व पुत्री ज्योति की पिटाई की गई। थानाध्यक्ष दुर्गा विजय सिंह ने बताया कि गांव के ही अनिल कुमार सहित तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया है। (संसू)

## फसल की नष्ट, विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

संसू, जागरण • परसपुर : मधईपुर कुर्मी के रनियापुर गांव की रहने वाली अनीता ने कहा कि डेढ वर्ष पूर्व उसने गांव के सुभाष की भूमि को नीलामी में लेकर धान की फसल लगाई थी। सुभाष खेत को वापस करने के लिए दबाव बना रहे थे। मना करने पर सुभाष ने अपने साथी दुर्गा प्रसाद, शिवम व अनिल धान की फसल को काटकर नष्ट कर दिया। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह, केतकी व दीपशिखा घायल हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि चार आरोपितों पर जानलेवा हमला का मुकदमा किया गया है।

## संदिग्धों पर कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों ने किया हंगामा

संसू, जागरण • कौड़िया : ग्रामीणों ने गांव के पास बाइक सवार चार संदिग्धों को पकड़ा। चोर समझकर डायल 112 को फोन किया। पुलिस पर शिथिलता का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। पुलिस से झड़प भी हुई, इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

• पुलिस से झड़प का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित

कौड़िया थाना ग्राम पंचायत उसरैना के मजरा हरिलाल पुरवा स्थित रेलवे लाइन के पास मंगलवार की आधी रात को चार बाइक सवार खड़े थे। लोगों के आने की आहट सुनकर भागने लगे जिस पर ग्रामीणों ने घेर करके चारों को पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने कार्रवाई करने में असमर्थता जताई। सुबह थाने पर आने की बात कही। जिस पर ग्रामीणों व पुलिसकर्मियों में कहासुनी हो गई। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्गा विजय सिंह ने कहा कि घटना फर्जी है। क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज उमेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि उनको प्रकरण की जानकारी नहीं है।



कौड़िया के हरिलाल पुरवा में गांव में लोगों से जानकारी लेती पुलिस • जागरण

# तीसरे वाहन के नंबर से दौड़ रही थीं दोनों मैजिक

**संसू, जागरण • गोंडा :** वजीरगंज के एक स्कूल में एक ही नंबर पर एक ही स्कूल के छात्र-छात्राओं को ढो रहीं डबल मैजिक मामले में नया मोड़ आया है।

दोनों गाड़ियों में तीसरे वाहन का नंबर प्लेट लगा था। इसके बाद एआरटीओ ने एक मैजिक के बने रिलीजिंग आर्डर (वाहन छोड़ने के आदेश) को निरस्त कर दिया है। यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि स्कूल के प्रबंधक व तीनों वाहनों के स्वामियों समेत चार को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

### कौन छुड़वाना चाहता था मैजिक

एक मैजिक जिसका नंबर पीटीओ की प्राथमिक जांच में सही मिला था, उसका मालिक मुंबई में है, लेकिन यहां उसका अर्थदंड जमा कर दिया गया। नवाबगंज के थानाध्यक्ष ने रिलीजिंग आर्डर लेकर आए व्यक्ति से मिलना चाहा तो वह थाने के बाहर से ही भाग गया।

# 'शक्ति सारथी' से महिलाओं को मिलेगी सुरक्षा की गारंटी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। शारदीय नवरात्र पर ऑटो रिक्शा चालक शक्ति सारथी की भूमिका में नजर आएंगे। इससे महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। शक्ति सारथी को महिलाओं के सुरक्षित आवागमन के साथ ही सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में गोंडा जिला प्रशासन ने यह अनूठी पहल की है।

नवरात्र में दुर्गा महाष्टमी के पावन अवसर पर 'शक्ति वंदन-2.0' कार्यक्रम के तहत 'शक्ति सारथी' थीम तय की गई है। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। गोंडा जिला प्रशासन ने बीते वर्ष शक्ति वंदन कार्यक्रम में 12 हजार कन्याओं का पूजन कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। अब इस मुहिम को जिलाधिकारी नेहा शर्मा आगे बढ़ा रहीं है।

### गोंडा कलेक्टर नेहा शर्मा की अनूठी पहल, जिले में प्रशिक्षित किए गए 1000 'शक्ति सारथी'

### सारथी के रूप में तैनात होंगे ऑटो व ई-रिक्शा चालक

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तय किया है कि इस पहल से एक हजार ई- रिक्शा चालक प्रशिक्षित होंगे। चालकों का प्रशिक्षण महिला सुरक्षा को मजबूत बनाएगा और समाज में एक नया संदेश भेजेगा। कार्यक्रम का आयोजन 11 अक्तूबर 2024 को होगा। दरअसल 90 फीसदी से अधिक महिलाएं यात्रा के लिए ऑटो या ई-रिक्शा का इस्तेमाल करती हैं। शुरुआत में 1000 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को इस पहल के में शामिल किया गया है, आगे चलकर इस कार्यक्रम को और भी विस्तार दिया जाना है।

### "भयमुक्त होकर यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

शक्ति वंदन 2.0 के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक किया जा रहा है। 'शक्ति सारथी' से समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव आएगा। जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में यह कार्यक्रम तय किया गया है। विकास कार्यों की प्रदर्शनी के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और आधारभूत ढांचे में हुए सुधारों को प्रदर्शित किया जाएगा। शक्ति सारथी थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता में 50 सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगेगी। समाज में विशेष योगदान देने वाली नौ महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। -नेहा शर्मा, जिलाधिकारी

### सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ



गोंडा के कलेक्ट्रेट में वाहन चालकों को रवाना करतीं डीएम नेहा शर्मा। स्रोत सूचना विभाग

गोंडा। जिले में दो से 16 अक्तूबर तक चलाने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम नेहा शर्मा ने जगारूकता के लिए ऑटो रिक्शा वाहन को रवाना किया गया। साथ ही स्वयं सुरक्षित चलें एवं दूसरों को सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करने की अपील की। (संवाद)





कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलातीं डीएम व पुलिस लाइन ग्राउंड में शपथ दिलाते एसपी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते आयुक्त • सौ. सूचना विभाग

# आंधी में भी जलती रही गांधी तेरी मशाल...

## महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर जिले में हुए विविध कार्यक्रम

**जागरण टीम• गोंडा :** दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल, आंधी में भी जलती रही गांधी तेरी मशाल... ये गीत महात्मा गांधी की जयंती पर सरकारी कार्यालयों के साथ ही स्कूल व अन्य संस्थानों में सुनाई दिए।

महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने कार्यालय में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ ही ध्वजारोहण करके अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। अपर आयुक्त कमलेश चंद्र वाजपेयी, संयुक्त विकास आयुक्त राकेश पांडेय, वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। डीआइजी एपी सिंह ने कार्यालय पर जयंती मनाई। कलेक्ट्रेट में डीएम नेहा शर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्र के चित्र पर माल्यार्पण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह को हथियार बनाकर आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया। राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। एडीएम आलोक कुमार, सीआरओ महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डीएम ने छात्राओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। एसपी विनीत जायसवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन में कार्यक्रम को संबोधित किया। विकास भवन में सीडीओ अंकिता जैन ने ध्वजारोहण किया। पीडी डीआरडीए चंद्रशेखर, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीपीआरओ लालजी दुबे उपस्थित रहे। दीवानी न्यायालय में जिला सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सुरक्षा पखवारा के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर ने बताया कि प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एलबीएस डिग्री कालेज में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई गई।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही कार्यक्रमों की धूम**

**दतौली :** कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम, आरआर चिल्ड्रेन एकेडमी झिलाही बाजार में प्रबंधक बीपी सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य आरबी शुक्ल ने महात्मा गांधी व शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। **हलधरमऊ :** बालपुर बाजार के शिक्षक बंधु इंटर कालेज में

# खाते में वापस कराए 50,000 रुपये

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने फ्रॉड से गई 50000 रुपये रकम वापस कराई है। परसपुर थाना क्षेत्र के पसका निवासी बजरंगी यादव, करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के चौरी निवासी हनुमंत लाल प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि उनके खाते से 25000-25000 रुपये साइबर ठगों ने निकाल लिए। इसी शिकायत पर बैंक इंटीमेडरी से संपर्क कर रकम वापस करा दी गई।

# प्रतिबंधित मांस बिक्री की शिकायत, जांच शुरू

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र के देवरिया अलावल निवासी मोहम्मद सलीम ने एक दुकान पर प्रतिबंधित पशु का मांस बेचे जाने की शिकायत की है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि दुकान की जांच की गई, लेकिन दुकान बंद मिला। दुकानदार दिलावर की तलाश की जा रही है। आरोपों की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** नगर कोतवाली के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी शेखन गांव गंगापुर निवासी अंजुम को बुधवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। नगर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। (संवाद)

# चार लोगों ने दंपती को पीटा, केस दर्ज

**वजीरगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के सरायखत्री निवासी तरबुननिशा ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर सलीम, तासीना, तस्लीमा व खुशनुमा ने अभद्रता करते हुए उनकी और उनके पति हवलदार की पिटाई कर दी, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

## स्कूल गई छात्रा लापता, केस दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** स्कूल गई बालिका सोमवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गई। जिस पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी सोमवार की सुबह करीब आठ बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक घर न पहुंचने पर खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। संभावना जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

## किशोरी को अगवा करने का आरोपी पकड़ा

**गोंडा।** थानाध्यक्ष वजीरगंज अभय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को अगवा करने के आरोपी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बक्सरा सोनबरसा गांव निवासी प्रदीप भारती को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# दो साल पहले भी दर्ज कराई थी प्रताड़ना की रिपोर्ट

**संवाद न्यूज एजेंसी**

### प्रभारी निरीक्षक बोले, बहू ने ससुर पर लगाया है सामूहिक दुष्कर्म का झूठा आरोप

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली बहू की ओर से ससुर समेत तीन लोगों पर दर्ज कराई गई सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पर पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस की तफ्तीश में प्रथम दृष्टया आरोप फर्जी मिला है। पुलिस का तर्क है बहू अपने पति के साथ दूसरे मोहल्ले में रह रही है। जबकि ससुर परिवार के साथ पुश्तैनी मकान में अलग रहते हैं। इसके अलावा बहू दो साल पहले भी सास, ससुर व ननद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करा चुकी है।

बहू ने रविवार को थाने में ससुर और उनके दो साथियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह इसी थाना क्षेत्र में स्थित अपने मायके में थी। 18 सितंबर की रात वह अपने मायके में आंगन में अपनी मां और छोटी बहन के साथ सो रही थी तभी ससुर अपने दो साथियों के साथ घर में घुस आए और तमंचे से धमकाकर तीन ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

उनकी मां और बहन जाग गईं तो आरोपियों ने उनकी पिटाई कर दी। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि तफ्तीश के दौरान पता चला कि आरोपी के बेटे ने अपनी मर्जी से शादी कर ली थी। इसलिए परिवार के लोग नाराज रहते थे। आरोपी का बेटे और बहू से संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा है। बहू वर्ष 2022 में सास, ससुर व ननद के खिलाफ प्रताड़ना की रिपोर्ट भी दर्ज करा चुकी है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप फर्जी है। तफ्तीश की जा रही है।

# मां ने की थी दुधमुंही शगुन की हत्या, हिरासत में

## घर के पीछे टैंक से शव मिलने के बाद पुलिस ने किया खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पसका/गोंडा।** परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर मेहरबान पुरवा में टैंक में डूब कर हुई दुधमुंही बच्ची की मौत का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। आठ माह की दुधमुंही शगुन का कातिल कोई और नहीं उसको जन्म देने वाली मां ही निकली। ससुर सीताराम की तहरीर के बाद पुलिस पोती की हत्या के आरोप में जगमति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बीते शनिवार की रात 11:30 बजे मासूम गुम हो गई थी। उसकी मां जगमती ने सास को बताया कि कोई जंगली जानवर बच्ची को उठा ले गया है। रविवार को वन विभाग व पुलिस की टीम खेतों से लेकर पेड़ों तक बच्ची की तलाश में जुटी रही लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। सोमवार को एसपी विनीत जायसवाल ने मासूम की तलाश में एसओजी को भी जुटा दिया। शाम को घर के पीछे बने टैंक से पानी निकाला गया तो बच्ची का शव बरामद हुआ।

अमर उजाला फॉलोअप





हत्यारोपी मां जगमती। शगुन। (फाइल फोटो)

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद बच्ची की मौत पानी में डूबने से होने की पुष्टि हुई है। उसके शरीर पर किसी भी तरह की खरोंच या चोट के निशान नहीं मिले। बच्ची को टैंक में जानबूझ कर फेंका गया था। रात में बच्ची के साथ सिर्फ उसकी मां ही थी। पूछताछ करने पर पुलिस को मृतक बच्ची की मां के बयानों में काफी विरोधाभास मिला।

सीडीआर और मामले से जुड़ी अन्य कड़ी जोड़ने पर मासूम की हत्या मां का हाथ होने की बात ही सामने आई। पूरी तसल्ली के बाद बुधवार को जगमती के ससुर सीताराम ने पोती शगुन की हत्या के लिए बहू को आरोपी ठहराते हुए पुलिस में केस दर्ज कराया है।

### बच्ची की जान क्यों ली, फिलहाल पहेली

- दुधमुंही बच्ची को टैंक में फेंक कर हत्या करने का दुस्साहसी कदम मां जगमती ने कैसे और क्यों उठाया, फिलहाल पहेली बना है। जिस बच्ची को सीने से लगा कर दूध पिलाया उसे टैंक में एक मां ने कैसे फेंक दिया। बच्ची के बाबा सीताराम तो यह सुनकर बेसुध हो गए। उनकी आंखों से छलकते आंसुओं में गम और गुस्सा साफ दिख रहा था।

### पूछताछ के बाद खुलेगा हत्या का राज

- फिलहाल पुलिस आरोपी महिला को हिरासत में लेकर हत्या के कारण का पता लगाने में जुटी है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पूछताछ के लिए महिला पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। अगर बच्ची की हत्या के लिए किसी ने उकसाया होगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# सागौन के बोटे लदा ट्रक पकड़ा

## कार्रवाई

हरैया सतघरवा, संवाददाता। वन विभाग व एसएसबी नवीं वाहनी खंगरा नाका टीम ने जंगली लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा है। ट्रक पर 43 बोटा सागौन की जंगली लकड़ी रखी मिली है। लकड़ियों को तीन माह पूर्व बनकटी गांव में सीज किया गया था। वन विभाग का कहना है कि चोरों ने मंगलवार रात लकड़ी की चोरी कर ली है। ट्रक चालक व परिचालक को गिरफ्तार किया गया है। धरपकड़ व बरामदगी हरैया-तुलसीपुर मार्ग स्थित भड़सहिया चौराहा के निकट बुधवार भोर में हुई है। ट्रक व लकड़ियों को बनकटवा रेंज लाकर सील किया गया है।

आज के तीन माह पूर्व वन विभाग ने 400 से अधिक बोटा सागौन की लकड़ी बनकटी गांव के निकट सीज की थी। यह लकड़ियां सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग से काटी गईं थीं। उस समय लकड़ियों को रेंज कार्यालय नहीं लाया गया था। एसएसबी नवीं वाहिनी खंगरा नाका के सेना नायक को बुधवार को सूचना मिली कि सील की गई लकड़ियों को ट्रक पर लादकर तुलसीपुर की ओर ले जाया जा रहा है। एसएसबी व वन कर्मियों की संयुक्त टीम ने भड़सहिया चौराहे पर दबिश दी। तुलसीपुर की ओर जा रहे 14 चक्का वाले ट्रक को रोककर पूछताछ करनी चाही तो चालक व परिचालक कूद कर भागने लगे। टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। मौके पर जागेश्वर प्रसाद मौर्य व एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी एमबी सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। बनकटी गांव में कटान से जुड़े दो नाम गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के लिए शासन को भेजे जा चुके है।



सागौन बोटा लदे ट्रक को सीज करते वन कर्मी व एसएसबी टीम

### दो के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई को पत्र

गत दिनों प्रभागीय वनाधिकारी डॉ एम सेम्मारन ने वृक्षों के अवैध कटान व अवैध वन्यजीव शिकार करने वालों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने सम्बन्धी पत्र शासन को भेजा है। अनाधिकृत रूप से कमाई गई सम्पत्तियों की जांच भी कभी नहीं हुई।

# सुरक्षा पखवाड़ा 16 तक चलेगा

बलरामपुर, संवाददाता। जिले में दो से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवारा मनाया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं आम जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी जयंती के अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल व एसपी विकास कुमार ने सड़क सुरक्षा पखवारे का शुभारंभ किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट से सड़क सुरक्षा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि मार्ग दुर्घटनाओं को कम किया जा सके इसके लिए जरूरी है कि साभी लोग सड़क सुरक्षा नियम का पालन करें। इस अवसर पर एडीएम प्रमोद कुमार मौजूद थे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा गया

हर्रैया सतघरवा। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को हर्रैया पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि बुधवार को पास्को एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त जवाहिर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम कोल्हुई बिशुनपुर बढ़ईपुरवा पिपरहवा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मेले में 200 कर्मियों की ड्यूटी

बलरामपुर : शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में नौ दिन तक चलने वाले राजकीय मेले में साफ– सफाई के लिए 200 कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। सफाई कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि मंदिर परिसर की सफाई के लिए प्रथम पाली 67, दूसरे पाली में 66 व तीसरी पाली में 67 कर्मचारियों को मेले की सफाई की जिम्मेदारी दी गई। लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। (संसू)

# ड्यूटी के दौरान मोबाइल का प्रयोग कम करें पुलिसकर्मी : एसपी

संवादसूत्र, जागरण. तुलसीपुर (बलरामपुर): शारदीय नवरात्र को लेकर बुधवार को देवीपाटन मंदिर पर तैयारियों को लेकर दिनभर गहमा गहमी बनी रही। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने देवीपाटन मंदिर मेले में ड्यूटी करने आए सभी पुलिसकर्मियों की बैठक कर उन्हें नैतिकता का पाठ पढ़ाया। कहा कि सभी लोग ड्यूटी के दौरान मोबाइल का प्रयोग कम से कम करेंगे। अपनी ड्यूटी स्थल पर निष्ठा के साथ तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं के साथ आपका भाव विनम्र होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न हो।

सफाईकर्मियों को मिली टी-शर्टः देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय के साथ मिलकर सभी सफाईकर्मियों को टी-शर्ट वितरित किया। महंत ने सफाईकर्मियों को बताया कि उनके ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बाहर से आ रहे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की गंदगी से सामना न हो इसका पूरा ध्यान रखने की जिम्मेदारी आप लोगों की है।

गुरुवार से शुरू हो रहे नवरात्र के प्रथम दिन को लेकर देवीपाटन मंदिर पर पूजा और अनुष्ठान की तैयारी भी की गई। महंत स्वयं नौ दिन का व्रत रखकर कलश स्थापना कर पूजन करेंगे। महंत ने कहा कि देश में शांति और सुख समृद्धि की कामना के लिए उनके द्वारा यह अनुष्ठान किया जाएगा।

# 42 बोटा सागौन की लकड़ी पकड़ी

संसू, जागरण •हरैया सतघरवा: सशस्त्र सीमा बल नौवीं वाहिनी खंगरा नाका के जवानों व वन विभाग बनकटवा रेंज की संयुक्त टीम ने बुधवार को एक ट्रक पर 42 बोटा सागौन लकड़ी पकड़ी है।

उप प्रभागीय वनाधिकारी एमबी सिंह ने बताया कि एसएसबी निरीक्षक रमेश सिंह गुर्जर की टीम के साथ कटकुइंया भड़सहिया के बीच मुख्य मार्ग पर ट्रक को पकड़ा है। ट्रक को सीज कर दिया है। ट्रक चालक



एसएसबी व वन विभाग की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपित व बरामद लकड़ी • जागरण

जागेश्वर प्रसाद मौर्य निवासी कोयलरा थाना देहात व परिचालक अमरेश यादव निवासी तिलकपुर के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्कॉर्पियो में शराब बेचते पकड़ा

पेहर बाजार(बलरामपुर)। छिपिया बाजार से हुसैनाबाद जाने वाल सड़क पर बुधवार को बंदी के बावजूद स्कॉर्पियों में शराब बिक्री का मामला आया है। पुलिस ने युवक को धर दबोचा। चौकी इंचार्ज भूपे यादव ने बताया कि स्कार्पियों में अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हु हैं। बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

हरैया सतघरवा (बलरामपुर)। नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को हरैया थाना की पुलिस ने दबोच लिया है। एएसपी योगेश कुमार के निर्देश पर हरैया थाना के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ल की टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी ग्राम बिशुनपुर बढ़ईपुरवा के मजरा कोल्हुई निवासी जवाहिर को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# नदी में कूदने वाली महिला का सुराग नहीं

बलरामपुर। राप्ती नदी में छलांग लगाने वाली महिला का 24 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है। महिला की तलाश के लिए दिन भर 30 वीं वाहिनी पीएसी के जवान लगे रहे। बुधवार की सुबह नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा शंकर नगर निवासिनी हिना परवीन की तलाश करने के लिए गोंडा के 30 बटालियन पीएसी के जवान नदी में स्टीमर लेकर पहुंचे। नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि हिना परवीन की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों की मदद ली गई थी लेकिन, नदी में अत्याधिक पानी और तेज बहाव के चलते महिला का कुछ पता नहीं चल सका। (संवाद)

# कलेक्ट्रेट में संकल्प, शहर में नियम तार-तार



गोंडा रोड पर बिना हेलमेट जाते बाइक सवार। -संवाद

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की बुधवार से शुरुआत हो गई। पहले दिन कलेक्ट्रेट से जागरूकता वाहन को रवाना करते हुए अफसरों व कर्मियों को संकल्प दिलाया गया, जबकि शहर में हर कोई नियमों के अनुपालन को लेकर बेफिक्र दिखा। बिना हेलमेट लगाए लोग फर्राटा भरते रहे। खास बात यह है कि शहर के हर चौराहे पर यातायात पुलिस के कर्मी तैनात हैं लेकिन, हर कोई बेपरवाह बना रहा। नगर के वीर विनय चौराहा से गोंडा जाने वाली रोड पर बुधवार को बिना हेलमेट के दो पहिया वाहनों के फर्राटा भरने का नजारा दिखा। (संवाद)

# 42 बोटा सागौन बरामद, मुकदमा

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** एसएसबी 9वीं वाहिनी के जवानों व वन विभाग के बनकटवा रेंज की संयुक्त टीम ने ट्रक से ले जाई जा रही 42 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की है। इस मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बनकटवा रेंज के एसडीओ एमबी सिंह ने बुधवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर बनकटवा रेंज के कटकुइयां भड़सहिया गांव के बीच एक ट्रक को पकड़ा गया। जांच के दौरान पता चला कि ट्रक में 42 बोटा सागौन की लकड़ी रखी है। ट्रक चालक से लकड़ी के बारे में जानकारी मांगी गई तो वह कुछ नहीं बता सका। बनकटवा रेंज में ट्रक को लाकर सीज कर दिया गया। ट्रक चालक जागेश्वर प्रसाद मौर्य निवासी कोयलरा देहात कोतवाली व सहयोगी अमरेश यादव निवासी तिलकपुर देहात कोतवाली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

हिन्दु

# वाहन की टक्कर से युवक घायल

बहराइच । देहात कोतवाली के बहराइच- चहलारी घाट मार्ग पर मानपुरवा गांव के पास बुधवार को दोपहर वाहन की टक्कर से बाइक सवार इसी कोतवाली के चाइनपुरवा निवासी कल्लू पुत्र ओली गम्भीर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

हिन्दु

# दुकान में आगजनी का आरोप, केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के इटहा चौराहे पर इसी गांव निवासी इंद्रेश कुमार तिवारी पुत्र रविन्द्र प्रसाद तिवारी की पान सिगरेट की बड़ी दुकान है। रात में दुकान में भीषण आग लग गई। तहरीर पर चार को नामजद कर आगजनी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

हिन्दुस्तान

# ढपालीपुरवा:लुटेरों से भिड़ी शिक्षिका ने जेवर बचाए



ढपालीपुरवा में लूट की वारदात के बाद भाग रहे लुटेरे सीसीटीवी में कैद हो गए

## सराहनीय

बहराइच।ढपालीपुरवा में पैदल शिक्षिका के साथ पीछे से बाइक पर पहुंचे दो नकाबपोश लुटेरों को तब भागना पड़ा, जब गुरुवार सुबह लुटेरों ने शिक्षिका के गले की चेन व कान के बाले पर झपट्टा मारा। शिक्षिका ने हैंडबैग को राउंड में घुमाते हुए लुटेरों से अकले संघर्ष करते हुए शोर मचाया। लोगों के आने की आहट पाकर लुटेरे भाग गए। पुलिस ने शहर के सभी नाकों पर नाकेबंदी करा लुटेरों की तलाश की। लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा।

देहात कोतवाली के ढपालीपुरवा में किसान पीजी कालेज के सामने गली की निवासी प्राथमिक विद्यालय द्वितीय की शिक्षिका अर्पणा बाजपेयी स्कूल जाने के लिए बुधवार की सुबह घर से पैदल निकली। इस बीच सुनसान पड़ी गली में घात लगाए बाइक सवार नकाबपोश दो लुटेरों ने शिक्षिका के गले की सोने की चेन व कान के बाले पर झपट्टा मारा। शिक्षिका ने साहस खोए बिना हाथ में पकड़े हैंडबैग को डंडे की तरह तेज गति के साथ लुटेरों पर ताबड़तोड़ प्रहार करते हुए शोर मचाया। हड़बड़ाए लुटेरे के झपट्टे से



लुटेरों से संघर्ष करने वाली शिक्षिका

चेन टूटकर दुपट्टे में फंस गई।इस बीच लुटेरे लोगों के दौड़ने की आहट पर बाइक पर सवार होकर भाग गए। काफी लोग इकट्ठा हो गए। एक शिक्षिका के साथ हुई दिनदहाड़े बेखौफ वारदात पर लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने शिक्षिका के साहस की प्रशंसा की। शिक्षिका ने पुलिस को सूचित किया। कोतवाल परमानंद पांडेय, तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उच्चाधिकारियों को वारदात की जानकारी दिए जाने पर शहर के सभी नाकों पर छानबीन की। बिना नम्बर की बाइक पर सवार लुटेरों की गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं देहात कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि लुटेरों की तलाश की जा रही है।

# सुजौली में आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

संसू • जागरण बहराइच : कतर्नियाघाट वन क्षेत्र अंतर्गत सुजौली रेंज के ग्राम पंचायत सुजौली के अयोध्या पुरवा में आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुआ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। सुजौली के अयोध्या पुरवा गांव में तेंदुए के आतंक से पिछले एक सप्ताह से ग्रामीणों में दहसत का माहौल बना हुआ था। पांच दिन पूर्व तेंदुए ने घर में घुसकर 13 वर्षीय बालिका साईबा को घायल किया था। मंगलवार की देर रात को 80 वर्षीय रहमाना को घर में घुसकर घायल कर दिया था। लगातार तेंदुए की घटना से ग्रामीणों में दहसत का माहौल बना हुआ था इस बीच बुधवार की शाम को वन विभाग द्वारा गांव में ही एक गन्ने के खेत में पिंजरा लगाया इस बीच नौ बजे के करीब तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की सूचना पर ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष हरीश सिंह व रेंजर रोहित यादव ने आगे की कार्यवाही शुरू की। पिंजरा ट्राली पर लादकर रेंज कार्यालय ले जाया गया है।

# चोरी के मोबाइल संग आरोपित गिरफ्तार

संसू, जागरण • महसी (बहराइच) : हरदी पुलिस ने बुधवार को चोरी के मोबाइल व पंखा संग आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मामला दर्ज कर न्यायालय रवाना किया।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोक कर पूछताछ की। उसके कब्जे से आठ मोबाइल व एक पंखा बरामद हुआ। एसओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपित मटेरा थाना के धर्मपुर निवासी सुफियान को न्यायालय भेज दिया गया।

चोरों ने उड़ाया हजारों का माल-रिसिया: बैजनाथपुर के मजरा गुलहरिया कला में मंगलवार रात चोरों ने कुतुबुद्दीन के घर में सेंध लगा दिया। अलमारी का लाकर तोड़कर जेवर और 17 हजार रुपये की नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी है। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाल सीमा पर 28 बोरी सब्जी पकड़ी

मिहींपुरवा/बाबागंज(बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा पर बाइक से सब्जी तस्करी करने के प्रयास को एसएसबी 59 वीं वाहिनी के जवानों ने विफल कर दिया। हालांकि तस्कर नेपाल भागने में सफल रहे। एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा के उप निरीक्षक एम. प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को एसएसबी जवान चितलवा चौकी के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान पांच बाइक सवार भारत से नेपाल की ओर जाते दिखे। एसएसबी जवानों के रोकने पर सभी बाइक छोड़ नेपाल की ओर भाग गए। तलाशी के दौरान बाइकों पर बंधी 28 बोरियों से सब्जी बरामद हुई। एसएसबी जवानों ने कागजी कार्रवाई पूरी कर जब्त सामान को विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय को सौंप दिया। (संवाद)

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी समेत पांच गिरफ्तार

बहराइच। कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के आरोपी चांदपुरा निवासी कल्लू , मटेरा पुलिस ने मारपीट से संबंधित निहाल सिंह पुरवागौरा धनौली निवासी सुरेश खन्ना, मुकेश उर्फ कृष्ण कुमार, निविया बेगमपुर निवासी उमेर और रामगांव पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी चमारनपुरवा माफिकपुर निवासी रवी गौतम को रामगांव चौराहा से पकड़ लिया। (संवाद)

# कई मामलों में वांछित को पकड़ा

**खैरीघाट(बहराइच)।** थानाध्यक्ष हरदी सुरेश वर्मा के मुताबिक पुलिस ने बुधवार को विभिन्न मामलों में वांछित आरोपी मटेरा धमरपुर निवासी सूफियान को दहाव नहर पुलिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-03-10-2024

# सौहार्द बिगाड़ने पर दो केस दर्ज

इकौना। बहुसंख्यक समुदाय के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास करने वाले समुदाय विशेष के युवकों के विरुद्ध इकौना थाने में मामला दर्ज किया गया है। एक वीडियो क्लिप वायरल हुआ था जिसमें समुदाय विशेष के युवकों ने हिन्दू समाज पर अभद्र टिप्पणी की थी।

वीडियों क्लिप के आधार पर इकौना पुलिस ने इकौना निवासी युवक अरमान व 10-12 अन्य पर समाज में वैमनस्यता बढ़ाने और घृणा बढ़ाने के प्रयास का मामला दर्ज किया है। दो दिन पहले पैगम्बर पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए व्यापार मंडल के इकौना अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

दो समुदायों में विरोध को देखते हुए इकौना में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रभारी निरीक्षक इकौना अश्विनी कुमार दूबे व कस्बा प्रभारी दीपक कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स एवं डेढ़ सेक्शन पीएसी के साथ बुधवार को दिन भर गस्त करते रहे।

# 14 लोगों को किया शांतिभंग में पाबंद

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से शांतिभंग की आशंका वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में 14 लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया गया। इसके साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में अशांति फैलाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 14 वाहनों का किया गया ई चालान

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को पुलिस ने विभिन्न चेक पोस्ट पर चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने 14 वाहनों का ई चालान किया गया। इसके साथ ही 16 हजार 500 रुपए का ई चालान किया गया।

# पैदल गश्त कर दिया सुरक्षा का भरोसा

श्रावस्ती। जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थानों की पुलिस पैदल गस्त कर रही है। बुधवार को पुलिस ने पैदल गस्त करके लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। पुलिस कर्मियों ने आम लोगों से बातचीत करके संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखने और पुलिस को सूचना देने की अपील की।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम

- डीएम ने ध्वजारोण कर गार्ड की सलामी ली
- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

श्रावस्ती। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने ध्वजारोहण कर गार्ड की सलामी ली। इसके बाद स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया।

कलेक्ट्रेट में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी एवं [illegible]दुर शास्त्री के चित्र पर फूल [illegible]ढ़ाया। कलेक्ट्रेट सभागार में [illegible]त कार्यक्रम में क्रासकंट्री रेस [illegible] में प्रथम स्थान बॉबी राना, [illegible]थान सुरेश यादव, तृतीय स्थान [illegible] वर्मा, चतुर्थ स्थान अजय यादव, पांचवा स्थान आदर्श सिंह, छठा स्थान मनोज यादव तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नैना दिवेदी द्वितीय स्थान संजना, तृतीय स्थान सुहाना, चतुर्थ स्थान रेनू यादव, पंचम स्थान शिवांगी तिवारी व षष्टम स्थान महिमा देवी को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व ट्रैक शूट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्रा ने किया। इसी प्रकार से पुलिस



क्रासकंटी दौड़ में विजेता को पुरस्कार देते डीएम।

लाइन में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में जिला विकास अधिकारी राम समुझ ने ध्वजारोहण किया। इसी के साथ सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। गिरंटबाजार संवाद के अनुसार- विकास खंड जमुनहा के श्री कृष्णा आदर्श इंटर कालेज हरदत्त नगर गिरंट, रामखेलावन इंटर कालेज गिरंट , कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिरंट ,कम्पोजिट विद्यालय बभनपुरवा सहित क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में तथा थाना हरदत्त नगर गिरंट कार्यालय व वनरेंज कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर गिरंट रेंज कार्यालय पर रेंज अधिकारी राम मिलन ने अपने वनकर्मियों के साथ पूरे प्रांगण की सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

# सफल होगा स्वच्छता अभियान : नितिन

**कार्यक्रम**

- प्रभारी मंत्री ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित
- लोगों ने साफ सफाई करके लिया स्वच्छा का संकल्प



कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी मंत्री व अन्य

**श्रावस्ती।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत दिवस एवं सम्पूर्णता अभियान उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का जोरदार स्वागत किया।

जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल के आगमन पर सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र व डा प्रज्ञा त्रिपाठी, अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने स्वागत किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस एवं सम्पूर्णता अभियान उत्सव में प्रतिभाग किया।

इस मौके पर महात्मा गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर फूल माला चढ़ाई। प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा महा अभियान एवं ओडीएफ-प्लस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 सफाई मित्र, 26 छात्र-छात्रा, 08 ग्राम प्रधान, 08 सचिव, 05 सफाई कर्मी, 05 पंचायत सहायक को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सफाई मित्रों को स्वच्छता किट वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले को स्वच्छ एवं स्वस्थ जनपद बनाने के लिए सरकार सदैव प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश के आखिरी छोर तक स्वच्छता का पैगाम पहुंचाते हुए व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा महा अभियान में कुल 612 स्वच्छता लक्षित इकाइयों को चिन्हित कर सामूहिक श्रमदान से परिवर्तित किया गया। जिसमें कुल 594784 लोग ने प्रतिभाग किया और स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण)के तहत 334 ग्रामों को ओडीएफ-प्लस मॉडल घोषित किया जा चुका है।

# गैंगस्टर के पांच वांछित गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान में गैंगस्टर एक्ट के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों को जेल भेज दिया गया है।

मल्हीपुर थानाध्यक्ष जयहरी मिश्रा ने यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे पांच अभियुक्तो को राप्ती बैराज के पास परसा डेहरिया को जाने वाला मार्ग से गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों पर मल्हीपुर में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है। पकड़े गए आरोपियों में चोरे उर्फ़ मुंशरीफ पुत्र शेखावत, अब्दुल रहमान पुत्र मुनव्वर, जिलेदार पुत्र भूलन, नूर आलम पुत्र फेरन और नियामत अली पुत्र हिम्मत अली निवासी गण लक्ष्मण पुर कोठी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में यातायात नियम सिखाएंगे




वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

**श्रावस्ती।** महात्मा गांधी जयंती के यातायात विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विधायक राम फेरन पांण्डेय, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने हरी झंडी दिखा कर यातायात जागरूकता प्रचार वाहन एवं बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर पुलिस विभाग तथा परिवहन विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकाली गई व सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की आम जनमानस से अपील की गयी। इस पखवाड़े में यातायात विभाग की ओर से लोगों को यातायात नियम बताए जाएंगे। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह, महेश कुमार वर्मा, यात्री कर अधिकारी भीमसेन ,संभागीय,यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम अहमद, दिनेश कुमार वर्मा, कनिष्ठ सहायक, सुनील राना,कनिष्ठ सहायक , विष्णु प्रताप सिंह, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की छूट न दें अभिभावक : विधायक

- परिवहन कार्यालय से सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ
- माननीयों ने जागरूकता वाहन रैली को दिखाई हरी झंडी

जासं • जागरण, श्रावस्ती : बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने परिवहन कार्यालय से यातायात जागरूकता प्रचार वाहन व बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए शपथ दिलाई।

पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त रूप से बाइक रैली निकाली गई। सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करने की लोगों से अपील की गई। विधायक ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित सफर के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों से प्रेम करते हैं तो उनके हाथों में वाहन की चाबी न दें। यात्री कर अधिकारी महेश कुमार वर्मा, संभागीय निरीक्षक भीमसेन, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, यातायात प्रभारी मो. शमीम अहमद, सुनील राना, कनिष्ठ सहायक विष्णु प्रताप सिंह, डीवीए पंकज कुमार कनौजिया, डाटा इंट्री आपरेटर अमर दीप साहू, प्रसून अवस्थी मौजूद रहे।

# श्रावस्ती में आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित, मुकदमा

**संसू, जागरण ● इकौना (श्रावस्ती) :** आपत्तिजनक टिप्पणी कर सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास करने वाले मुस्लिम समुदाय के युवकों के खिलाफ बुधवार को इकौना थाने में मामला दर्ज किया गया है। इनमें अरमान और 10-12 अज्ञात हैं।

उपनिरीक्षक प्रयागदत्त चौबे ने बताया कि लाजपतनगर इकौना के अरमान का अपने 10-12 साथियों के साथ 80 करोड़ हों या 80 हजार या 80 अरब अगर मोहम्मद की बात आई तो मैं जूते की नोक पर रखता हूं, संबंधित बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। इस बयान से हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश है। यह कृत्य सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास है। इकौना थाने के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार दूबे ने बताया कि उपनिरीक्षक की तहरीर पर अरमान और 10-12 अज्ञात के विरुद्ध समुदाय में असामंजस्य व घृणा बढ़ाने के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

# हिंदुओं पर टिप्पणी करने वाले 13 लोगों पर मामला दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना नगर निवासी उद्योग व्यापार मंडल इकौना के अध्यक्ष ने पैगंबर साहब खिलाफ एक सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की। जिसके विरोध में मुस्लिम समुदाय के कुछ युवाओं ने हिंदुओं के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिसे लेकर उपजे तनाव को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर लिया है।

उद्योग व्यापार मंडल इकौना के अध्यक्ष कन्हैया कसौधन के विरुद्ध पैगंबर साहब के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में इकौना पुलिस ने मंगलवार को ही संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। वहीं इकौना नगर के ही मोहल्ला लाजपत नगर निवासी अरमान सहित 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने व

## इकौना में सोशल मीडिया पर पैगंबर साहब पर अभद्र टिप्पणी के बाद बढ़ा मामला

सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास करने के आरोप में मंगलवार देर रात मामला दर्ज किया गया।

इसके साथ ही इकौना पुलिस ने इन दोनों ही मामलों में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले कुछ समाज विरोधी तत्वों को भी चिह्नित किया है। जिन्हें साजिश रचने का आरोपी बताया जा रहा है।

वहीं नगर में अमन चैन बना रहे इसके लिए इकौना पुलिस ने पीएसी के साथ नगर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक इकौना अश्विनी कुमार दुबे का कहना है कि नगर में शांति व्यवस्था बनी हुई है। लोग आपसी सौहार्द्र बनाए रखें।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के नारों से गूंजा भिनगा

संवाद न्यूज एजेंसी



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के हत एआरटीओ कार्यालय से निकली बाइक रैली। -संवाद

श्रावस्ती। मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से यातायात पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके लिए बुधवार को एआरटीओ कार्यालय से बाइक रैली निकाली गई। जिसे श्रावस्ती विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के नारे लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि ठंड आने वाली है इसके साथ सुबह शाम घना कोहरा भी पड़ेगा। ऐसे में प्रत्येक वाहन चालक को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा कि वाहन के सामने लाइट रिफ्लेक्टर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

एआरटीओ विनीत कुमार मिश्रा ने कहा कि यदि कोई मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करता मिला व वाहन पर अनाधिकृत रूप से सायरन, प्रेशर हार्न, गलत नंबर प्लेट, अपारदर्शी काली फिल्म, दो पहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते कोई मिला तो उस पर कार्रवाई होगी' इस दौरान वाहन रैली निकाली गई।

# टीम भावना से काम कर जन-जन तक पहुंचाएं योजना का लाभ

**श्रावस्ती।** जिले के प्रभारी मंत्री बुधवार भिनगा पहुंचे। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बाद में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। वहीं स्टेडियम पहुंचे मंत्री ने लोगों को स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान ओडीएफ प्लस के लिए बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधान, सचिव, सफाई कर्मी, सफाई मित्र व छात्रों सहित पंचायत सहायकों को सम्मानित किया।

**प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक, दिलाई स्वच्छता की शपथ**

समीक्षा बैठक के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने कहा कि अधिकारी टीम भावना से काम करें ताकि सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक रामफेरन पांडेय, डीएम अजय कुमार द्विवेदी, एसपी घनश्याम चौरसिया व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने भाजपा कार्यालय पहुंच कर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। (संवाद)

# राष्ट्रपिता व भारतरत्न शास्त्री को उनकी जयंती पर किया याद

## कलेक्ट्रेट पर डीएम तो कार्यालयों पर विभागाध्यक्षों ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

संवाद न्यूज एजेंसी



महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्राचार्य। -संवाद

**श्रावस्ती।** जिले में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रमों की धूम रही। इसकी शुरुआत कलेक्ट्रेट में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। इस दौरान सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं आदि में ध्वजारोहण कर बापू व शास्त्री जी को याद किया गया। इस दौरान विद्यालयों में कई कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। जहां मौजूद वक्ताओं ने लोगों से महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। साथ ही मौजूद लोगों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने व स्वच्छता अपनाने व लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई।

**सम्मानित हुए प्रतिभागी :** गांधी जयंती पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में बाबी राना प्रथम, सुरेश यादव द्वितीय, धर्मेंद्र वर्मा तृतीय, अजय यादव चतुर्थ, आदर्श सिंह पंचम व मनोज यादव छठे स्थान पर रहें जबकि बालिका वर्ग में नैना द्विवेदी प्रथम संजना द्वितीय, सुहाना तृतीय, रेनू यादव चतुर्थ, शिवांगी तिवारी पंचम तथा महिमा देवी छठे स्थान पर रहीं।

**पुलिस लाइन में एसपी तो विकास भवन में सीडीओ ने किया ध्वजारोहण :** गांधी जयंती पर पुलिस लाइन में एसपी घनश्याम चौरसिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इस दौरान एसपी ने मातहतों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कर्तव्य पालन करने, स्वच्छता अपनाने, छुआछूत मिटाने में सहयोग करने व लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। वहीं न्यायालय में जिला जज राम मिलन सिंह ने विकास भवन में सीडीओ अनुभव सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा सीएचसी, पीएचसी, ब्लॉक, थाना, पुलिस चौकी सहित अन्य कार्यालयों में विभागाध्यक्षों तो शैक्षणिक संस्थानों में प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों की ओर से ध्वजारोहण किया गया।

### एसएसबी जवानों ने ली स्वच्छता की शपथ

श्रावस्ती। एसएसबी मुख्यालय भिनगा में गांधी जयंती पर कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने जवानों को प्रतिवर्ष सौ घंटे अर्थात सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करने, गंदगी न करने व किसी को गंदगी न करने देने, स्वयं, परिवार व मोहल्ले तथा गांव सहित अपने कार्यस्थल से स्वच्छता की शुरुआत करने व कम से कम सौ लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। (संवाद)

### सपाइयों ने भी बापू व शास्त्री जी को किया याद

- सपा कार्यालय भिनगा में जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष सहित मौजूद सपाइयों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित कर। साथ ही उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### टीबी मुक्त 15 गांव के प्रधान हुए सम्मानित

- जिले की 15 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन गांवों में टीबी का एक भी मरीज नहीं है। इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को डीएम गांधी जी की प्रतिमा व टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित गया।

# गांधी जयंती पर जिले में हुए विविध आयोजन



गांधी जयंती पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित करतीं डीएम। -संवाद



बहराइच में खादी आश्रम में गांधी जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर क्रॉस कंट्री रेस, सेनानी वीरांगनाओं का सम्मान, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सेनानी वीरांगनाओं को सम्मानित कर महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर टीबी मुक्त हुए जिले के 18 गांवों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। कवियों एवं शायरों ने अपनी रचानाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. वेद मित्र शुक्ल के बांसुरी वादनकर गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम की सराहना की गई। राष्ट्रगान प्रस्तुत करने वाली मांटेसरी स्कूल की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो.डॉ. प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में प्रबंधक श्यामकरण टेकड़ीवाल ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एनएनएसएस की रोडवेज बस डिपो परिसर में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञानचंद के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुष्ठ आश्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसइटी की ओर से सीएमओ डॉ.संजय शर्मा ने कुष्ठ रोगियों को फल वितरित किया।



लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। -संवाद

**क्रॉस कंट्री रेस के चैंपियन रहे देवानंद व रुचि :** इंदिरा गांधी स्टेडियम में पांच किमी पुरुष तथा तीन किमी महिला क्रॉसकंट्री रेस का आयोजन किया गया। इसमें 115 पुरुष व 45 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। क्रीड़ाधिकारी आनंद कुमार

# घायल बालिका की इलाज के दौरान मौत

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फकीरचक निवासी बाबूराम पाल की सात वर्षीय पुत्री कोमल सोमवार को परचून की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे रौंद दिया। परिवार के लोग उसे सीएचसी मल्हीपुर लाए। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया था। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया था। जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता बाबूराम पाल ने मल्हीपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर जयहरी मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# पांच वांछित गिरफ्तार

श्रावस्ती। मल्हीपुर पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान लक्ष्मणपुर कोठी परसा मार्ग से राप्ती बैराज के निकट गैंगेस्टर एक्ट के पांच वांछितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लक्ष्मणपुर कोठी निवासी चोरे उर्फ मुंशरीफ, अब्दुल रहमान, जिलेदार, नूर आलम, नियामत अली के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। (संवाद)